www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, मंगलवार, 8 अगस्त 2023 । वर्ष – 33 । अंक –100 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु





राहुल की संसद बहाली लोकतंत्र की जीत : कांग्रेस — पृष्ठ 3

■ अविश्वास प्रस्ताव : इस हार में भी जीत है!
■ मधुमेह की चपेट में बच्चे — पृष्ठ 4

■ इमरान की पार्टी ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा
■ कम्बोडिया नरेश ने हुन मानेट को नियुक्त किया नया प्रधानमंत्री — पृष्ठ 9

भारतीय टीम में नहीं दिख रहा जीत का जज्बा : वेंकटेश प्रसाद — पृष्ठ 10

# राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल

## लोकसभा सचिवालय ने सोमवार को जारी की इस आशय की अधिसूचना

■ 137 दिन बाद संसद पहुंचे राहुल गांधी
■ विपक्षी नेताओं ने किया जोरदार स्वागत
■ 'मोदी सरनेम' पर मिली थी सुप्रीम राहत

**नई दिल्ली**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता तथा केरल के वायनाड संसदीय क्षेत्र से पार्टी के सांसद राहुल गांधी की सदस्यता को लोकसभा सचिवालय ने बहाल कर दिया है। लोकसभा सचिवालय ने सोमवार को इस आशय की अधिसूचना जारी की। लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए बताया कि 24 मार्च को श्री गांधी की सदस्यता रद्द की गई थी, लेकिन 04 अगस्त को उच्चतम न्यायालय के आदेश में वायनाड के सांसद की सदस्यता को बहाल किया गया है। राहुल गांधी सोमवार को संसद सदस्यता बहाल होने पर 137 दिन बाद संसद भवन पहुंचे। श्री गांधी को 'मोदी सरनेम' टिप्पणी पर मानहानि मामले में उच्चतम न्यायालय से शुक्रवार को राहत देते हुए कांग्रेस नेता की सजा पर रोक लगा दी थी। इससे पहले गुजरात उच्च न्यायालय ने उनकी सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था लेकिन उच्चतम न्यायालय से राहत मिलने के बाद उनकी सदस्यता बहाली का रास्ता साफ हुआ। न्यायालय के आदेश के बाद इस मुद्दे पर कांग्रेस कांग्रेस के तेवर तल्ख हो गए थे और पार्टी ने स्पष्ट किया था कि यदि सोमवार तक श्री गांधी की सदस्यता को लेकर फैसला नहीं लिया जाता है तो पार्टी मंगलवार को उच्चत्तम न्यायालय जाएगी।

**अविश्वास प्रस्ताव पर कर सकते हैं चर्चा की शुरुआत**– कांग्रेस द्वारा मंगलवार को लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा शुरू करने की संभावना है, जिसमें राहुल गांधी मुख्य वक्ता हो सकते हैं। पार्टी सूत्रों ने कहा कि हालांकि अविश्वास प्रस्ताव कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई द्वारा पेश किया गया है, एक बार स्वीकार कर लेने के बाद, यह तय करना पार्टी का काम है कि मुख्य वक्ता के रूप में चर्चा की शुरुआत कौन करेगा। कांग्रेस को लगता है कि अविश्वास प्रस्ताव पर मुख्य वक्ता के रूप में राहुल गांधी के साथ चर्चा शुरू करने से वांछित प्रभाव पड़ेगा और सरकार पर दबाव बनेगा।

**भाजपा ने न्यूज वेबसाइट का मुद्दा उठाया** –राहुल के संसद पहुंचते ही लोकसभा में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने एक न्यूज वेबसाइट का मुद्दा उठाया। दुबे ने सदन में कहा, देश में पड़ोसी देश के पैसे से प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ माहौल बनाया गया। न्यूज वेबसाइट में पड़ोसी देश से पैसा आया। यह देश विरोधी है। उधर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक प्रेस कांफ्रेंस में आरोप लगाए कि, 'कांग्रेस, चीन और विवादित न्यूज वेबसाइट न्यूज क्लिक एक ही गर्भनाल से जुड़े हैं। राहुल गांधी की नकली मोहब्बत की दुकान में पड़ोसी सामान साफ देखा जा सकता है। चीन के प्रति उनका प्रेम नजर आ रहा है। वे भारत विरोधी अभियान चला रहे।'





### 'इंडिया' के नेताओं ने किया जोरदार स्वागत

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी का सोमवार को संसद भवन पहुंचने पर विपक्षी दलों के नेताओं ने जोरदार स्वागत किया। श्री गांधी सोमवार को दोपहर 12 बजे से कुछ पहले संसद भवन पहुंचे तो वहां पहले से मौजूद इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया) के नेता अधीर रंजन चौधरी, पी चिदंबरम, राम गोपाल यादव, संजय राउत, तिरुचि शिवा, प्रमोद तिवारी और अन्य नेताओं ने उनका स्वागत किया। ये नेता राहुल गांधी जिंदाबाद और इंडिया इंडिया के नारे लगा रहे थे। कांग्रेस नेताओं ने एक-दूसरे को लड्डू भी खिलाए। श्री गांधी के साथ ही उनकी मां एवं कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी भी थी। श्री गांधी अपने वाहन से वहां उतरने के बाद संसद भवन परिसर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास गये और उनको नमन किया।

### संसद में फिर गूंजेगी असली मुद्दों की आवाज: प्रियंका



*कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सदस्यता बहाल करने के कुछ घंटों बाद, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने न्याय और सच्चाई के लिए अपने भाई की लड़ाई में देश के लोगों को धन्यवाद दिया और कहा कि अब संसद में गूंजेगी असली मुद्दों की आवाज।*

### नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत : भूपेश

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर देशवासियों को बधाई देते हुए कहा इसे नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत करार दिया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी अधिसूचना ट्वीट के साझा करते हुए कहा कि ऐसी दिखती है नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत, अन्याय के खिलाफ न्याय की जीत, असत्य के खिलाफ सत्य की जीत, तानाशाही के खिलाफ लोकतंत्र की जीत, षड्यंत्रों के खिलाफ इंडिया गठबंधन की जीत है। राहुल गांधी के माध्यम से संसद में सड़क की आवाज फिर गूंजेगी।

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा ने भी ट्वीट कर खुशी जताते हुए कहा कि आखिरकार सत्य की जीत हुई। राहुल गांधी संसद में वापस आ रहे हैं। एक बार फिर देश की संसद में गरीबों के हक की आवाज गूंजेगी।वहीं प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने ट्वीट कर कहा कि सत्य पराजित नहीं हो सकता।

# प्रदेश में 58 फीसदी आरक्षण से होंगे स्कूल-कॉलेजों में प्रवेश

## भूपेश कैबिनेट की बैठक में फैसला



**रायपुर**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज उनके निवास कार्यालय में मंत्रिपरिषद की बैठक हुई, जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।बैठक में राज्य के शैक्षणिक संस्थाओं में पूर्व प्रचलित आरक्षण व्यवस्था के अंतर्गत प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्णय लिया गया।

उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली द्वारा राज्य शासन की ओर से दायर एसएलपी में पारित अंतरिम आदेश एक मई 2023 के अंतर्गत राज्य में पूर्व प्रचलित आरक्षण व्यवस्था अनुसार नियुक्ति, चयन प्रक्रियाओं को जारी रखने अंतरिम राहत प्रदान की गई है। इस अंतरिम आदेश के अनुरूप ही अंतरिम तौर पर मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य की शैक्षणिक संस्थाओं में भी प्रवेश प्रक्रिया पूर्व प्रचलित आरक्षण व्यवस्था अंतर्गत करने का निर्णय लिया गया है।

जानकारी के मुताबिक 15 अगस्त को मुख्यमंत्री कोई बड़ा ऐलान कर सकते हैं। इससे पहले उन्होंने मंत्रिमंडल की बैठक बुलाकर चर्चा की अहम मसलों पर चर्चा की। प्रदेश में अब तक मानसून की स्थिति और कृषि के वर्तमान हालात, पी एस सी नियमों में भर्ती संशोधन और आरक्षण जैसे मसलों पर बातचीत की गई है।

मुख्यमंत्री निवास में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, मंत्री कवासी लखमा और जयसिंह अग्रवाल वर्चुअली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए थे। मंत्री रविंद्र चौबे, मो. अकबर, ताम्रध्वज साहू, अनिला भेड़िया, मोहन मरकाम के साथ कई अधिकारी बैठक में मौजूद रहे।

# कठेरिया को राहत, कोर्ट ने लगाई सजा पर रोक

■ सांसदी जाने का था खतरा

**आगरा**, 7 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में आगरा की जिला अदालत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद और पूर्व केन्द्रीय मंत्री रामशंकर कठेरिया की दो दिन पूर्व विशेष अदालत द्वारा सुनायी गयी सजा को सोमवार को निलंबित कर दिया है और उन्हे 20 हजार रुपए की जमानत राशि पर दाखिल करने के आदेश देते हुये सुनवाई की अगली तारीख 11 सितंबर मुकर्रर की है। जिला न्यायाधीश विवेक संगल ने इटावा के सांसद रामशंकर कठेरिया को राहत दे दी है। आज सुनवाई के दौरान जिला जज ने दो दिन पूर्व विशेष एमपी एमएलए अदालत द्वारा सुनाई गई सजा को निलम्बित कर दिया। सांसद रामशंकर कठेरिया को जिले की विशेष एमपी एमएलए अदालत के न्यायाधीश अर्जुन ने वर्ष 2011 के बलवा और तोड़फोड़ के मामले में पांच अगस्त को दो साल की सजा और 51 हजार का जुर्माना लगाया था।

## सार संक्षेप

### राजस्थान को मिले 19 नए जिले, गहलोत ने किया उद्घाटन

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को राजस्थान में 19 नए जिलों और तीन डिविजन का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह नए जिला मुख्यालयों पर आयोजित किए गए और मुख्यमंत्री गहलोत बिड़ला ऑडिटोरियम से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समारोहों में शामिल हुए। नए जिलों के उद्घाटन से पहले सीएम गहलोत ने पूजा-अर्चना और हवन किया। राजस्व मंत्री रामलाल जाट भी वीसी के जरिए समारोह से जुड़े।

### उद्धव के घर में निकला कोबरा, बचाया गया

**मुंबई।** एक अधिकारी ने बताया कि शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बांद्रा पूर्व स्थित बंगले 'मातोश्री' से एक बेहद जहरीले और गुस्सैल कोबरा को बचाया गया। इसके बाद परिवार ने राहत की सांस ली। यह जानकारी सोमवार को एक अधिकारी ने दी। पास में रहने वाले वाइल्ड लाइफ एनिमल प्रोटेक्शन एंड रेस्क्यू एसोसिएशन के कार्यकर्ता अतुल कांबले को एक कॉल आई कि एक परिसर में सांप घूम रहा है।

### दिल्ली एम्स भवन में लगी आग पर पाया गया काबू

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की एक इमारत की दूसरी मंजिल पर एंडोस्कोपी कक्ष में सोमवार को आग लग गई। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और सभी लोग सुरक्षित हैं। अधिकारी ने बताया कि आग लगने के बाद सभी मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने पहले कहा था, एम्स के आपातकालीन वार्ड से 11.54 बजे आग लगने की सूचना मिली। कुल 8 दमकल गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं।

# मणिपुर हिंसा: सुप्रीम कोर्ट ने 3 महिला जजों की कमेटी बनाई

**नई दिल्ली**, 7 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर हिंसा के मामलों की जांच की निगरानी के लिए सोमवार को विभिन्न उच्च न्यायालयों के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की एक कमेटी का गठन किया।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने केंद्र की ओर से आर वेंकटरमणि और मणिपुर सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अन्य वकीलों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। पीठ ने हिंसाग्रस्त मणिपुर में राहत, पुनर्वास, घरों और पूजा स्थलों के पुनर्निर्माण के उपायों सहित मानवीय प्रकृति के विभिन्न पहलुओं पर विचार करने के लिए उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों न्यायमूर्ति गीता मित्तल, न्यायमूर्ति शालिनी पी जोशी और न्यायमूर्ति आशा मेनन की एक टीम का गठन करने का फैसला लिया है। न्यायमूर्ति मित्तल जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय की पूर्व मुख्य न्यायाधीश हैं जबकि न्यायमूर्ति जोशी बॉम्बे उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश और न्यायमूर्ति मेनन दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश। शीर्ष अदालत ने महाराष्ट्र के पूर्व पुलिस महानिदेशक दत्तात्रेय पडसलगीकर को पुलिस जांच की निगरानी के लिए नियुक्त करने का भी समर्थन किया।

**42 एसआईटी हिंसा के मामलों की जांच करेंगी**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मणिपुर में हिंसा से जुड़े मामलों में 42 स्पेशल इंवेस्टीगेशन टीम जांच करेंगी। इन केसों को अभी तक सीबीआई को ट्रांसफर नहीं किया गया है। इन एसआईटी के काम को डीआईजी रैंक का अफसर निगरानी करेगा। ये अफसर मणिपुर के बाहर के होंगे। डीआईजी रैंक का एक अफसर 6 एसआईटी की निगरानी करेगा। इन एसआईटी की जिले के आधार पर नियुक्ति होगी।

# ट्रेनों की लेटलतीफी और रद्द किए जाने पर सीएम भूपेश ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

**रायपुर**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली यात्री गाड़ियों के अनियमित परिचालन से राज्य के लाखों नागरिकों को हो रही समस्याओं से अवगत कराया है।

मुख्यमंत्री बघेल ने पत्र में लिखा है कि रेलवे द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के कभी भी बड़ी संख्या में यात्री ट्रेनों को निरस्त करने की सूचना जारी कर दी जाती है निरस्त, ट्रेनें कब तक निरस्त रहेगी, इसकी भी जानकारी यात्रियों को नहीं दी जाती। यात्री ट्रेनों की निरस्ती के अलावा ट्रेनों के अत्यधिक विलम्ब से चलने से भी रेल यात्रियों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मेरे द्वारा पूर्व में रेल मंत्री जी को भी अनेक अवसरों पर यात्री ट्रेनों के सुचारू परिचालन हेतु ध्यान आकर्षित कराया गया, किन्तु उससे स्थिति में कोई सुधार परिलक्षित नहीं हो रहा है।

मुख्यमंत्री बघेल ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने पत्र के माध्यम से कहा है कि ट्रेनों के इस तरह असामान्य संचालन से छात्रों, तीर्थयात्रियों, मरीजों, रोजगार के लिये राज्य में आने वाले व्यक्तियों, व्यवसायियों, श्रमिकों तथा परीक्षार्थियों के अनेक पूर्व निर्धारित कार्यों का सम्पादन संभव नहीं हो पा रहा है। राज्य की अर्थव्यवस्था पर भी धीरे-धीरे इसका प्रभाव दिखने लगा है। लम्बी अवधि से ट्रेनों के निरस्त होने तथा विलम्ब से चलने के कारण राज्यवासियों में आक्रोश व्याप्त है तथा जिससे सरकार और रेल्वे की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगने लगे हैं।

बघेल ने पत्र में लिखा है कि राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों के कारण छत्तीसगढ़ में ट्रेनों का घनत्व राष्ट्रीय औसत से बहुत कम है तथा दूरस्थ अंचलों में रहने वाले लोगों के लिये यात्री ट्रेनें ही आवागमन का एकमात्र सुलभ साधन है। देश के अन्य किसी भी राज्य में यात्री ट्रेनों के संचालन संबंधी इतनी अव्यवस्थायें संभवतः नहीं होगी। स्थिति की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये आपसे अनुरोध है कि आपके स्तर से रेलवे मंत्रालय को राज्य की यात्री ट्रेनों के पूर्ववत सुचारू परिचालन सुनिश्चित करने के निर्देश देने का कष्ट करें ताकि राज्यवासियों को हो रही समस्याओं का अंत हो तथा उनके आक्रोश को शांत किया जा सके ।

### पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने दिया आदेश

# नूंह में बुलडोजर की कार्रवाई पर लगाई रोक

**चंडीगढ़**, 7 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने सोमवार को हरियाणा सरकार को नूंह जिले में चल रहे विध्वंस अभियान को रोकने का आदेश दिया। यहां पिछले सप्ताह सांप्रदायिक हिंसा हुई थी जिसमें छह लोगों की मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति जी.एस. संधावालिया की अध्यक्षता वाले उच्च न्यायालय ने मामले का स्वतः संज्ञान लिया और राज्य सरकार से अगले आदेश तक बुलडोजर कार्रवाई रोकने को कहा। इस मामले पर बाद में सुनवाई की जाएगी। पिछले पांच दिनों में, स्थानीय प्रशासन ने घरों, दुकानों और अन्य संरचनाओं सहित 750 से अधिक इमारतों को ध्वस्त कर दिया है। अधिकारियों ने दावा किया कि ध्वस्त संरचनाएं सरकारी जमीन पर बनाई गई थीं और सांप्रदायिक झड़पों के दौरान संदिग्धों द्वारा इसका इस्तेमाल किया गया था। मामले में पीड़ितों की ओर से पेश वकील मोहम्मद अरशद ने आरोप लगाया कि कब्जाधारियों को बिना किसी पूर्व सूचना दिए 3 अगस्त से नूंह में विध्वंस अभियान जारी है।

### सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम की

# एलओसी पर दो आतंकी किए ढेर

■ आतंकियों को स्वतंत्रता दिवस पर कहर बरपाने के लिए धकेला जा रहा

**जम्मू**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय सेना ने आज तड़के एलओसी से सटे पुंछ के डिग्वार सेक्टर में दो घुसपैठियों को ढेर कर दिया। कल भी कुपवाड़ा में घुसपैठ का एक प्रयास नाकाम बनाते हुए एक घुसपैठिए को मार डाला गया था और बाकी वापस भागने में कामयाब हो गए थे।

घुसपैठ के तेज होते प्रयासों के प्रति सेना का कहना था कि इन आतंकियों को स्वतंत्रता दिवस पर कहर बरपाने का टास्क देकर इस ओर धकेला जा रहा है। सेना प्रवक्ता ले कर्नल सुनील बरतवान ने बताया कि पुंछ के डिग्वार तेरवान सेक्टर में रात दो बजे के करीब एलओसी को पार करने की कोशिश को नाकाम बनाया गया है। उन्होंने बताया कि एक आतंकी का शव इस ओर पड़ा हुआ है और दूसरे को वापस भागते हुए ठोक डाला गया, जिसका शव तारबंदी के पार है। मौके पर आज सुबह जब तलाशी अभियान छेड़ा गया तो भारी गोला बारूद भी बरामद किया गया है। ऐसा ही असलाह कल भी कुपवाड़ा के टंगधार सेक्टर के अमरोही इलाके में बरामद किया गया था जब सेना ने घुसपैठियों के एक दल को वापस धकेलते हुए एक को मार डाला था। बाकी भागने में कामयाब हो गए थे। हालांकि सूत्र कहते हैं कि हो सकता है कि कुछेक घुसने में कामयाब हो चुके हैं। पर सेना ने इसकी पुष्टि नहीं की है। सेना का कहना था कि पिछले कुछ दिनों से घुसपैठ के प्रयासों में तेजी आई है। और इसके पीछे का मकसद कश्मीर की शांति को भंग करना है। सेना प्रवक्ता कहते थे कि पाकिस्तान को कश्मीर की शांति रास नहीं आ रही है इसलिए वह आतंकियों पर इस स्वतंत्रता दिवस पर कुछ बड़ा करने का लगातार दबाव बना रहा है जिसके लिए वह अपने यहां रूके पड़े आतंकियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में धकेलने की कोशिश कर रहा है।

### सुको से अनवर ढेबर को बड़ी राहत

**रायपुर**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। शराब घोटाला केस में सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम आदेश दिया है। कोर्ट ने पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, और अनवर ढेबर पर किसी तरह की कठिनतम कार्रवाई करने (नो कोर्सिव एक्शन) पर रोक लगाई है। इस



प्रकरण में कुल पांच अफसर-कारोबारी को यूपी पुलिस ने आरोपी बनाया था। केस पर अगली सुनवाई 21 अगस्त को होगी। ईडी की रिपोर्ट पर ग्रेटर नोएडा के कसाना थाने में सभी के खिलाफ धारा 420, 468, 471 (दोनों जालसाजी से संबंधित), 473 (जालसाजी के लिए नकली मुहर बनाना या रखना), 484 (लोक सेवक द्वारा इस्तेमाल किया गया नकली चिह्न) और 120बी (आपराधिक साजिश) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसके खिलाफ पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, और अनवर ढेबर ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। सोमवार को याचिका पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं ने दुर्भावनापूर्वक केस बनाने का ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

**अवहेलना** | आरटीआई में प्रशासन ने गोपनीयता का हवाला दे पल्ला झाड़ा

# गंभीर आपराधिक धाराओं के आरोपी साधुओं को मिली है सरकारी सुरक्षा

■ ओम प्रकाश सिंह

**अयोध्या, 7 अगस्त (देशबन्धु)। पर्यटन की दृष्टि से वैश्विक बनती धार्मिक रामनगरी का एक स्याह पहलू भी है। बलात्कार, हत्या, मठ मंदिरों पर कब्जा, लूट जैसे गंभीर आरोपों से घिरे तमाम साधु संत भी सरकारी सुरक्षा से लैस हैं। कई महंतो के पास निजी सुरक्षा दस्ता भी है। कितने साधु संतों को सुरक्षा प्राप्त है। कितनों पर आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं जैसे साधारण सवालों का जवाब गोपनीयता के चलते प्रशासन ने आरटीआई में नहीं दिया।**

*सूत्रों के अनुसार सफेदपोश व साधुओं को मिलाकर सिर्फ अयोध्या नगरनिगम सीमा में ही लगभग सात दर्जन लोगों को सरकारी सुरक्षा प्राप्त है। अयोध्या चार हजार से ज्यादा मंदिरों से भरी हुई है। सूर्य की किरण फूटने के पहले रामनगरी के आंगन मे देववाणी के स्वर गूंजने लगते हैं। इसी के साथ मठ मंदिरों को हड़पने का तानाबाना भी गुना जाने लगता है। अभी एक सप्ताह पूर्व गुप्तार घाट स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के महंत पर जानलेवा हमला किया गया था। यह वही स्थान है जहां प्रभु राम ने सरयू में जलसमाधि लिया था। इस हमलें में अयोध्या के कई प्रतिष्ठित संतो के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए पुलिस को सूचना मिली थी। मर्यादा पुरुषोत्तम राम की नगरी अयोध्या में हर घर मंदिर है या यूं कहें कि हर मंदिर एक घर है। अयोध्या ऐसा धर्मक्षेत्र है जहां लगभग सभी जातियों के मंदिर हैं। यहां पर भगवान राम सीता, हनुमान सहित अन्य देवी देवताओं के मंदिर मौजूद हैं। तमाम मंदिरों की पहचान वैश्विक हैं। कार्तिक पूर्णिमा, सावन झूला सहित कई बड़े मेले अयोध्या में लगते हैं। मंदिरों के अनुयायी पूरे देश में हैं। इन मंदिरों में चढ़ावा भी खूब आता है। तमाम मंदिरों के पास अकूत संपत्ति भी मौजूद है। मंदिर की संपत्ति पर कब्जेदारी को लेकर अक्सर मंदिर के महंत और उनके शिष्यों में विवाद उत्पन्न हो जाता है 7 विवाद कई बार खौफनाक रूप लेकर खूनी वारदातों में बदल जाता है। मर्यादित राम की पावन नगरी आस्था और आध्यात्म के चलते पूरी दुनिया में तो जानी ही जाती है साथ ही यहा मंदिरों में महंती और संपत्ति के विवाद को लेकर खून-खराबे का भी लंबा इतिहास रहा है। पांच दशक पूर्व अयोध्या की बेहद प्रसिद्ध छावनी के महंत राम प्रताप दास की हत्या के साथ जो एक सिलसिला शुरु हुआ उसने थमने का नाम नहीं लिया और 90 के दशक के ख़त्म होने तक करीब आधा दर्जन संतों की हत्या का सिलसिला इस पौराणिक नगरी के इतिहास के पन्नो में जुड़ गया। यही नहीं नब्बे दशक का दौर ऐसा भी था कि जब राम जन्मभूमि मंदिर के पुजारी लाल दास की हत्या हुई तो नए पुजारी के लिए गैर आपराधिक साधु ढूंढने में नाकों चने चबाने पड़े थे। 21 जुलाई, 2013 को अयोध्या में* ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर की पत्नी मृणालिनी के नाम मेडिकल कॉलेज खोलने की मांग

## राष्ट्रकवि गुरुदेव कविवर रविंद्र नाथ टैगोर की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम



**गोरेला- पेंड्रा -मरवाही,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रगान जन गण मन के रचयिता गुरुदेव कविवर रविंद्र नाथ टैगोर जी के 83वें पुण्यतिथि पर गुरुकुल के सेनेटोरियम स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि कार्यक्रम कर जिले के जनप्रतिनिधि एवं पत्रकारों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

गौरेला पेंड्रा मरवाही की माटी से जुड़े ज्यादातर लोग जानते हैं कि गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर का भावनात्मक संबंध इस क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। उनकी यादें इस नर्मदा अंचल से जुड़ी हुई है।वर्ष 1901-02 के आसपास गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर का पेंड्रा की सेनेटोरियम आना जाना रहा। दरअसल उन दिनों सेनेटोरियम एशिया का जाना माना टीवी का अस्पताल था। साल वनों से आच्छादित एवं कलकल बहती नदियों के कारण पेंड्रा अंचल आबोहवा स्वास्थ्य के लिए उत्तम है और यही उत्तम आबोहवा टीवी के रोगियों के लिए रामबाण का काम करती थी। उस दौर में टीवी बहुत कठिन और लाइलाज बीमारी थी। गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर की पत्नी श्रीमती मृणालिनी देवी टैगोर टीवी के रोग से ग्रसित थी। गुरुदेव बीमार पत्नी का इलाज कराने सेनेटोरियम आए थे ।यहां काफी समय इलाज के बाद भी स्वस्थ नहीं हुई और 23 नवंबर 1902 को मृणालिनी देवी जी का 28 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। गुरुदेव के जीवन की यह कष्टकारी घटना थी। उन्होंने यही उनका अंतिम संस्कार किया और पत्नी की यादों के साथ वे खाली हाथ कोलकाता लौट गए। इस लिहाज से कह सकते है कि गुरुदेव का गौरेला पेंड्रा मरवाही से भावनात्मक लगाव क्यों ना रहा होगा?

वर्ष 2020 में 10 फरवरी को जब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पेंड्रा में अरपा महोत्सव कार्यक्रम में आए थे तो उन्होंने पेंड्रा की नदियों के महत्व को रेखांकित करते हुए यहां की आबोहवा जलवायु मौसम की काफी प्रशंसा की थी और उन्होंने इस अवसर पर गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर के इस क्षेत्र में प्रवास को याद करते हुए कहा था कि आने वाले समय में उनकी स्मृतियों को लेकर भी यहां कार्यक्रम आयोजित किए जाएं और उनकी स्मृतियों को चिरस्थाई बनाया जाए। इसकी एक कड़ी के रूप में सेनेटोरियम परिसर में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की प्रतिमा बीते 6 मई को उनके जन्मदिवस अवसर पर स्थापित की गई है। उनके पुण्यतिथि के अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने वर्तमान जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही कलेक्टर मुख्यालय के सामने रविंद्र परिसर में स्थित मातृ शिशु चिकित्सालय जो अब गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले का जिला चिकित्सालय बन चुका है उसे राज्य शासन मेडिकल कॉलेज के रूप में स्थापित कर उसका नाम गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर की पत्नी श्रीमती मृणालिनी देवी टैगोर के नाम पर रखने की मांग की है, ताकि गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर से जुड़ी उनकी अर्धांगिनी की स्मृति चिरस्थाई बनाया जा सके ।गुरुदेव के पुण्यतिथि पर यह नर्मदा अंचल की अनमोल भेंट ही होगी। छत्तीसगढ़ सरकार और जिला प्रशासन गौरेला पेंड्रा मरवाही को इस पर विचार करना चाहिए । आज 7 अगस्त को जिले के पत्रकारों एवं जनप्रतिनिधियों की प्रतिमा स्थल और बरगद चबूतरे की साफ-सफाई कर गुरुदेव को याद किया तथा छत्तीसगढ़ शासन एवं प्रशासन से हर साल जिले में टैगोर महोत्सव मनाया जाने की मांग करी है

# छत्तीसगढ़ प्राध्यापक एवं अधिकारी संघ का प्रतिनिधिमंडल उच्च शिक्षा सचिव से मिला

**गोरेला- पेंड्रा -मरवाही,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्राध्यापक एवं अधिकारी संघ का एक प्रतिनिधि मंडल आज दिनांक 7 अगस्त 2023 को सिद्धार्थ कोमल परदेशी सचिव उच्च शिक्षा एवं श्रीमती शारदा वर्मा आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन से मिला प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने उच्च अधिकारियों से मिलकर निम्न बिंदुओं पर चर्चा की

सहायक प्राध्यापक 2009 तथा 2014 बैच एवं क्रीडा अधिकारी ग्रंथपाल के 2015 बैच की नियुक्ति को क्रमशः 10, 7 एवं 6 वर्ष हो चुके हैं । किंतु अद्यपर्यंत उन्हें वरिष्ठ श्रेणी तथा प्रवर श्रेणी वेतनमान प्राप्त नहीं हुआ है। 1 जनवरी 2016 के पश्चात प्राप्त एवं नियुक्त हुए सहायक प्राध्यापकों के पीएचडी के इंक्रीमेंट प्रदान किए जाने बाबत। सातवें वेतनमान की एरियर की शेष राशि जो च डिपॉजिट में जमा की गई है, के विषय में 4. प्रोफेसर पद के लिए जारी विज्ञापन के विषय में प्राचार्य पद के प्रमोशन के विषय में सहायक प्राध्यापक से प्राध्यापक पद के लिए जो अर्हता प्राप्त हो चुके सहायक प्राध्यापकों के प्रमोशन के विषय में पीएचडी अनुमति के लिए नियमों के सरलीकरण तथा एनओसी प्रदान करने बाबत इन विषयों पर सचिव आयुक्त अपर संचालक तथा संचालनालय के अन्य उच्च अधिकारियों से विस्तार पूर्वक चर्चा हुई ।

सचिव महोदय ने इन विषयों पर विभाग के उच्च अधिकारियों से चर्चा कर जल्दी निर्णय लेने का आश्वासन दिया ।आयुक्त ने अलग-अलग बिंदुओं पर चर्चा कर प्रत्येक का समाधान भी बताया तथा त्वरित कार्यवाही करने का निर्देश दिया।

इस भेंट कार्यक्रम में डॉक्टर संदीप शुक्ला, डॉ माजिद अली, डॉक्टर मनीष साव, लालचंद सिन्हा, डॉक्टर सतीश सेन, डॉक्टर जगदीश साहू, डॉक्टर टीएल मिर्झा, डॉक्टर देवेंद्र साहू, डॉ सीएस राठौर शामिल थे ।

# शिवालयों में दर्शन के लिए पहुंचे महामंडलेश्वर

**जांजगीर,** 06 अगस्त (देशबन्धु)। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास पीठाधीश्वर श्री शिवरीनारायण मठ श्रावण कृष्ण पक्ष षष्ठी को जांजगीर नगर में अनेक स्थानों पर विराजित भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए उपस्थित हुए, अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राजेश्री महन्त जांजगीर नगर के हसदेव हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में विराजित सर्वेश्वर महादेव, न्यू चंदनिया पारा में उमा महेश्वर महादेव, नहरिया बाबा धाम में विराजित चंद्रेश्वर महादेव, सेंधवार पारा में विराजित सिद्धेश्वर महादेव घोरतल्ला तालाब के शिव जी,चीतर पारा में विराजित कार्केटेश्वर महादेव, नैला में गौशाला के पास महादेव सहित जांजगीर नगर के अनेक स्थानों पर विराजित शिवजी का दर्शन अपने शुभचिंतकों के साथ किया। इसके पूर्व वे नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत स्थित ग्राम तुस्मा के बंजारी तालाब में भगवान शिव जी की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में भी उपस्थित हुए।

उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि भगवान शिव संपूर्ण जगत का कल्याण करने वाले हैं, वे हर युग में पूजित हैं, उनकी आराधना से सुर, नर, मुनि सब का कल्याण होता है। शिव दर्शन के इस कार्यक्रम में उनके साथ नगर पालिका जांजगीर के अध्यक्ष भगवानदास गढ़ेवाल, सनत राठौर, प्रवीण पांडे, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विवेक सिसोदिया,जनपद सदस्य कमलेश सिंह, पार्षद रामविलास राठौर, सहित अनेक गणमान्य जन्म सम्मिलित हुए।

## न्यू ऐरा प्रोग्रेसिव स्कूल में छात्र समिति का गठन

कोरबा, 07 अगस्त (देशबन्धु)। न्यू ऐरा प्रोग्रेसिव स्कूल में छात्र समिति का गठन सीआईएसएफ कमाण्डर एनटीपीसी अभिषेक चौधरी के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कुल 40 छात्रों ने शपथ ली जिसमें एनबी वैभव ने शाला नायक एवं रोजा अंजुम खान ने शाला नयिका की शपथ ली। कमाण्डर अभिषेक चौधरी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कठोर परिश्रम करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि छात्र अभी से अपना लक्ष्य निर्धारित करें। कार्यक्रम में शाला के चेयरमैन किशोर कुमार साहू, डायरेक्टर दिलीप साहू, अकादमिक डायरेक्टर जितेंद्र सिंह, प्राचार्य डी. एस राव, उप प्राचार्य संजय तिवारी, हेड मास्टर जगजीत सिंह, पालक एवं शिक्षकों के साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। प्राचार्य डीएस राव ने स्वागत भाषण दिया।

# पीएम किसान सम्मान निधि के लिए ई-के.वाई.सी., आधार सीडिंग एवं लैंड सीडिंग करवाना अनिवार्य

**जांजगीर,** 07 अगस्त (देशबन्धु)। उप संचालक कृषि जांजगीर-चांपा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत जिले के पंजीकृत समस्त किसानों को किसान पोर्टल मे ई-के.वाई.सी., आधार सीडिंग एवं लैंड सीडिंग करवाना अनिवार्य कर दिया है।

प्रधानमंत्री किसान पोर्टल पर ई.-के.वाई.सी. अपडेट करने का ऑप्शन दिया गया है, साथ ही फेस एप भी उपलब्ध कराया गया है। ई-के.वाई.सी. करवाने हेतु पंजीकृत कृषक स्वयं पीएम किसान पोर्टल मे जाकर फेस ऐप या ओ.टी.पी. बेस्ड माध्यम से अपने आधार कार्ड नंबर का सत्यापन कर सकते हैं या लोक सेवा केन्द्र, लोक सेवा सेंटर्स, सी.एस.सी. के माध्यम से बायोमेट्रिक ई-के.वाई.सी. अपडेट करा सकते हैं। शासन द्वारा निर्धारित नियमानुसार हितग्राही के आधार कार्ड नंबर को बैंक खाता नंबर से लिंक कराने उपरान्त आधार कार्ड नंबर का सत्यापन ई.-के.वाई.सी. के माध्यम से कराने पर ही किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की आगामी किस्त की राशि प्रदान की जायेगी। ई-के.वाई.सी. पूर्ण नही कराने वालों की सूची मे कुल 1812 हितग्राहियों का नाम है। ई.-के.वाई.सी. हेतु शेष बचे 1812 कृषकों मे से 708 कृषकों का ग्राम का नाम व विकासखण्ड का नाम एवं पता अंकित नही है। जिससे इन किसानों का चिन्हांकन नही हो पा रहा है। अत: वे सभी कृषक भी यथाशीघ्र ही अपना ई.-के.वाई.सी. पूर्ण करा लेवें। अन्यथा कृषक का ग्राम का नाम व विकासखण्ड का नाम एवं पता अंकित नही होने की स्थिति मे

# अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का मना जन्मदिन

कोरबा, 07 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी के जन्मदिवस पर

छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष आमीन मेमन के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक ग्रामीण अध्यक्ष आबिद अख्तर के नेतृत्व में वृद्धाश्रम में फल वितरण किया गया। इस अवसर पर आबिद अख्तर ने कहा कि इमरान प्रतापगढ़ी का जन्म दिवस भारत में राष्ट्रीय एकता के रूप में मनाया जा रहा है। देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखते हुए कांग्रेस के रीति-नीतियों पर काम करते कांग्रेस को और मजबूती प्रदान करना है, ताकि देश में एक धर्मनिरपेक्ष सरकार बन सके।

# भारी वाहनों की रेलमपेल से लगातार हो रही घटना

## सड़क किनारे फिर पलटी ट्रेलर, बड़ी दुर्घटना टली

**रायगढ़** 07 अगस्त (देशबन्धु)। हाटी से छाल के बीच भारी वाहनों का दबाव सड़क पर व्यापक पैमाने पर होने के कारण यह मार्ग व्यस्ततम मार्ग हो गया है। जहां दिन रात रायगढ़ से सटे कोरबा जिला के विभिन्न खदानों से रायगढ़ जिले में संचालित विभिन्न छोटे बड़े उद्योगों को कोयला का सप्लाई किया जा रहा है। कारण भारी वाहनों का रेलमपेल सड़क पर बना हुआ है।

बीती रात कोरबा जिले के कुसमुंडा खुली खदान से कोयला लोड लेकर ट्रेलर वाहन क्रमांक सी जी 04 एन एस 6327 अपने गंतव्य टी आर एन पॉवर प्लांट को जा रही थी कि कुड़ेकेला बेंन्दो नदी के पास अनियंत्रित होकर खाई नुमा खेत मे जा गिरी

घटना के संबंध में चालक से मिली जानकारी अनुसार रात 10 बजे की है। जहाँ चालक सामने से आ रहे बाइक सवार युवक जो कि तेज रफ्तार के साथ बेसाइड बाइक चला रहा था जिसे बचाने के फिराक में वाहन सड़क से नीचे उतर गया व पर्याप्त जगह के आभव के साथ गीली मिट्टी होने से वाहन पर चालक का नियंत्रण नहीं बन सका जिससे कोयला लोड वाहन सड़क किनारे खाई नुमा खेत मे जा गिरी। राहत की बात वाहन चालक को उक्त घटना में मामूली चोटें आई। वहीं गाड़ी में लोड कोयला पूरी तरह खेत मे बिखर गया व खेत मे पानी भरे होने के कारण भारी नुकसान का होना बताया गया।

# जेएसपी फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार ने चलाया सघन पौधरोपण अभियान

## विभिन्न ग्रामों के विद्यालयों की, तालाब मेड़ों पर किए जा रहे हैं, वृक्षारोपण

**रायगढ़** 07 अगस्त (देशबन्धु)। जेएसपी फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के प्रति सदैव समर्पित रही है। संस्थान एक पर्याहितैषी संस्थान होने के नाते सम्पूर्ण क्षेत्र में पर्यावरणीय वातावरण निर्माण में बढ़ चढ़कर भाग लेती है तथा शासन के प्रत्येक योजनाओं में अपनी भूमिका का निर्वहन करती रही है। इसी क्रम में तमनारांचल के विभिन्न ग्राम में तालाब गहरीकरण के कार्य सम्पन्न कर उसके सौन्दर्यीकरण के लिए के उसके मेड़ों में, स्कूलों में, सडक किनारे सघन वृक्षारोपण किये जा रहे हैं। इसी क्रम में आज स्वामी आत्मानंद उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय कुंजेमुरा में सघन वृक्षारोपण किया गया।

वृक्षारोपण कार्यक्रम श्रीमती विद्यावती सिदार के मुख्य आतिथ्य श्री एस.के. पटेल, प्राचार्य कुंजेमुरा की अध्यक्षता में तथा श्री कुंजबिहारी सिदार, वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. राजेश नामदेव, प्रबुद्ध नागरिकों, संस्थान में कार्यरत शिक्षक शिक्षिकाएँ, स्वास्थ्य संगिनियों एवं विद्यार्थियों की भारी उपस्थिति में सम्पन्न किया गया। ज्ञातव्य हो कि सभी बच्चों ने अपने अपने नाम से वृक्षारोपण कर इसके समुचित देखभाल व सिंचाई की जिम्मेदारी व शपथ ली। इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एस.के. पटेल, प्राचार्य कुंजेमुरा ने अपने सारगर्भित सम्बोधन में कहा कि क्षेत्र को पर्यावरण प्रदूषण मुक्त एवं क्षेत्र को हरित समृद्धि बनाने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आग्रह किया, साथ ही उन्होनें वृक्षरोपण की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए कहा कि पेड़ पौधों को कभी नष्ट न करें, क्योकि आने वाले समय में हमें इसकी कमी से काफी समस्याओं का सामना करना पड सकता है। वहीं अपने मुख्य आतिथ्य सम्बोधन में श्रीमती विद्यावती सिदार ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। हम वृक्ष लगाकर धरती का श्रृंगार तो करते ही है, वहीं पर्यावरण संतुलन को कायम रखने में सफल भी होते हैं। श्रीमती सिदार ने तन, मन, धन से उपर वन को निरूपित किया तथा भारी मात्रा में वृक्षारोपण करने का आह्वान किया एवं क्षेत्र में सघन वृक्षारोपण अभियान संचालित करने के लिए जेएसपी फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार को साधुवाद ज्ञापित किया। उल्लेखनीय हो कि वृक्षारोपण कार्यक्रम आई.टी.आई. तमनार, महलोई, बांध परिक्षेत्र, गारे पालमा खनन क्षेत्र के विभिन्न गामों में सम्पन्न किये जायेंगे। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन व आभार ज्ञापन डॉ. राजेश नामदेव ने किया। वहीं उक्त अभियान का सफल क्रियान्वयन में टीम सीएसआर के समस्त कर्मचारियों का

# नैना ढाबा के सामने महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़ 07 अगस्त (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर होटल ढाबा चेकिंग दौरान कल को मुखबीर सूचना पर घरघोड़ा पुलिस द्वारा ग्राम बैहामुडा मेन रोड किनारे नैना ढाबा चेकिंग के लिए पहुंची। ढाबा का संचालक अमृत लाल चैहान अपने ढाबा के सामने मेन रोड किनारे महुआ शराब की अवैध बिक्री के लिए खड़ा मिला जिसके पास एक प्लास्टिक बोरी के अंदर में 20 नग प्लास्टिक के पैकेट जिसमें प्रति प्लास्टिक के पैकेट में लगभग 500एमएल कच्ची महुआ शराब भरा हुआ जुमला कच्ची महुआ शराब 10 लीटर कीमती लगभग 1000 रखे हुये मिला। ढाबा संचालक अवैध रूप से शराब बिक्री करना पाए जाने पर आरोपी अमृत लाल चैहान पिता जनक राम चैहान उम्र 30 साल साकिन बैहामुडा थाना घरघोडा जिला रायगढ छ.ग. पर थाना घरघोड़ा में आबकारी एक्ट की कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

# अमलीडीह, महात्मा गांधी नगर व कचना में तीन हमर क्लिनिक का भूमिपूजन

**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु।अमलीडीह, महात्मा गांधी नगर व कचना में तीन हमर क्लिनिक का हुआ भूमि पूजन जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा ने किया। 75लाख की लागत से बनने वाले इस अस्पताल में जनता को स्वास्थ्य से संबंधित सुविधाएं नि:शुल्क मिलेगी।

> **जनता को स्वास्थ्य से संबंधित सुविधाएं मिलेंगी नि:शुल्क**

भूमि पूजन के अवसर पर पंकज शर्मा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उपमुख्यमंत्री टीएस बाबा, वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए, कहा कि कांग्रेस की सरकार गरीबों किसानों, मजदूरों, दलितों, पीड़ितों, शोषित और पिछड़ों की समस्याओं का निराकरण करने में सदैव तत्पर रहती है।

उन्होंने कहा कि हमर क्लिनिक के खुलने के बाद, अमलीडीह, महात्मा गांधी नगर और कचना के रहवासियों को अलग-अलग तरह की बीमारियों का इलाज कराने में आसानी होगी। यहां मरीजों को सुबह-शाम ओपीडी की सुविधा के साथ ही 104 तरह की दवांए भी मिलेगा। इसमें बीपी, शुगर की दवा भी शामिल है । इन क्लीनिक में 14 प्रकार के पैथोलॉजी जांच की भी सुविधा मिलेगी। हमर क्लिनिक में मरीजों के लिए ओपीडी से लेकर, पैथोलॉजी जांच और दवाइयां निःशुल्क दी जाएंगी।

**आम सूचना**

मैं अपने मुव्वकिल की ओर से अधिकृत होकर आम सूचना का प्रकाशन करा रहा हूँ, कि मेरे मुव्वकिल ने श्री राजेन्द्र कश्यप आत्मज स्व. श्री राम खिलावन कश्यप, निवासी ग्राम पाण्ड, पो. सैदा, थाना एवं तह. सकरी, जिला बिलासपुर के हक एव स्वामित्व की कृषि भूमि जो ग्राम पाण्ड, प.ह.नं. 42, रा.नि.म. पेन्ड्रारी, तह. सकरी, जिला बिलासपुर स्थित हैं। जिसका खसरा नं. 125/3 रकबा 0.96 एकड़, खसरा नं. 125/1 रकबा 0.90 एकड, खसरा नं. 349/1, रकबा 2.39 एकड एवं खसरा नं. 349/2 रकबा 1.65 एकड कुल 5.90 एकड़ परन्तु मौके पर 5.30 एकड़ कृषि भूमि को खरीदने का सौदा कर बयाना दे दिया है, जिसका निकट भविष्य में पंजीकृत बैनामा किया जाना हैं।

अत: इस आम सूचना के माध्यम से यह इत्तला किया जाता हैं कि जिस भी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय संस्था, बैंक को इस सौदे से आपत्ति या दावा हो तो मेरे समक्ष 15 दिन के अंदर दस्तावेज के साथ अपनी आपत्ति/दावा दर्ज करा सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा प्रभाव शून्य मानते हुये पंजीकृत बैनामा करा लिया जायेगा सौ सूचना जाने।

दिनांक:- 08/08/2023

केशव श्रीवास्तव - एडवोकेट
नदी किनारे शनिचरी रोड,
गोडपारा, बिलासपुर
मो. 9303137829, 9669469212

**प्रथम पृष्ठ का शेष....**

**सुको से अनवर ढेबर को ...**

आरोप लगाया है। इस पर ईडी ने भी अपना पक्ष रखा। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को फिलहाल राहत देते हुए यूपी पुलिस को कठिनतम कार्रवाई नहीं करने के आदेश दिए हैं। ईडी ने मूल, और नकली होलोग्राम के सहारे के खिलाफ प्रदेश में शराब घोटाले का केस दर्ज किया। इस पूरे मामले में आबकारी सचिव निरंजन दास, पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, एपी त्रिपाठी, अनवर ढेबर, और होलोग्राम की निर्माता कंपनी के संचालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई थी। इन सब पर धोखाधड़ी, फर्जीवाड़ा और आपराधिक साजिश की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

**गंभीर आपराधिक धाराओं के ...**

दो महंत जमीन के एक छोटे-से टुकड़े को लेकर भिड़ गए थे। भवनाथ दास और हरिशंकर दास नाम के इन दो महंतों ने एक-दूसरे पर समर्थकों के साथ फायरिंग शुरू कर दी थी। इस हिंसा में एक व्यक्ति की जान चली गई और दर्जन भर घायल हो गए थे। इसी दशक में अयोध्या के दबंग महंत के रूप में जाने जाने वाले महंत राम कृपाल दास की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके बाद बीते दो दशक में भी कई संतों की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने कई सवाल उठाए। दीवानी मुकदमों से शुरू होकर फौजदारी के मुकदमों में तब्दील होने का प्रवाह अभी बंद नहीं हुआ है।

**आर्थिक, राजनीतिक ग्लैमर की चाह**

आर्थिक, राजनीतिक ग्लैमर ने रामनगरी के बहुत से साधुओं को ग्रसित कर रखा है। कंठी माला और असलहा कारतूसों का साथ धर्मनगरी में बिखरा पड़ा है। भगवत भजन के ऐसे साधकों पर सरकार भी मेहरबान रहती है। पुलिस के रिकॉर्ड में आपराधिक धाराओं में दर्ज सरकारी सुरक्षा प्राप्त साधु सरकारी कार्यक्रमों में मंचासीन भी होते हैं। सरकारी सुरक्षा के अलावा सैकड़ों संत महात्माओं ने आत्म रक्षार्थ लाइसेंसी असलहे रखे हैं, निजी सुरक्षा गार्ड भी पाले गए हैं। मठ मंदिरों की संपत्ति और उस पर कब्जेदारी को लेकर राम की नगरी अयोध्या कई बार दागदार हुई है। देश में भगवा राजनीति के उदय के बाद यहां के कई साधु राजनीतिक ग्लैमर के मोहपाश में जकड़े हैं। तुलसी की कंठी माला के साथ कारतूसों पर हाथ फेरते जगद् गुरुओं को देखना आम आदमी के लिए कौतूहल ही है।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**क्रमांक/441/अ.कले./रीडर/2023 बलौदाबाजार दिनांक 25.07.2023,**

आवेदक श्री प्रहलाद वर्मा आ. श्री घनश्याम वर्मा उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम गबौद थाना पलारी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. एवं आवेदिका ममता ध्रुव आ.श्री दिलीप ध्रुव उम्र 21 वर्ष निवासी मंगला चौक बिलासपुर थाना सिविल लाईन बिलासपुर तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति दावा हो तो अपनी आपत्ति दावा इस कार्यालय में दिनांक 24.08.2023 को प्रात: 11 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार करना संभव नही होगा।

सील
**विवाह अधिकारी**
**बलौदाबाजार भाटापारा**

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिल्हा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/ /अ.वि.अ./ स्टेनो/ 23 बिल्हा, दिनांक 31/05/2023
रा.प्र.क्र. 132 / अ-2/ 2022-23
ग्राम नगपुरा प.ह.नं. 02
रा.नि.मं. बोदरी, तहसील बोदरी
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

सर्व साधारण आम जनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री श्यामदास भास्कर पिता हेमूदास भास्कर निवासी मिनीमाता नगर तालापारा बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम नगपुरा, प.ह.नं. 02, रा.नि.मं. बोदरी, तहसील बोदरी स्थित भूमि खसरा नं. 323/7 रकबा 2200 वर्गफीट भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग. भू.रा.संहिता 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 के तहत् पुन: निर्धारण करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 15/08/2023 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी प्रकार की दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31-05-2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया है।

सील
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिल्हा,**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार गनियारी, तहसील सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 202306075200043/अ-6अ/ 2022-23
ग्राम - नेवरा प.ह.नं. 21

एतद् द्वारा ग्राम नेवरा प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. गनियारी तहसील सकरी जिला-बिलासपुर छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनुपलाल यादव पिता सूरीतराम यादव निवासी ग्राम नेवरा तहसील सकरी जिला-बिलासपुर छ.ग.के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम नेवरा स्थित भूमि खसरा नंबर 1063/1 रकबा 1.21 एकड़ आवेदक के स्वामित्व की भूमि है। उक्त भूमि का रकबा वर्तमान में 0.65 एकड़ दर्ज है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। जिसे सुधार कर वास्तविक रकबा अपने नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वे अपना दावा/ आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर सुनवाई तारीख 10/08/2023 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं, मियाद बाद दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/07/2023 को जारी किया जाता है।

सील
**अतिरिक्त तहसीलदार**
**उप तहसील गनियारी**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मुंगेली जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

ईमेल :- eemun-phe-cg@nic, ''ट्रांजिट हॉस्टल, जेल रोड मुंगेली'' फोन:- 07755-264172, 205475

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

ऑनलाईन निविदाएं प्रपत्र-ए में आइटम दर पर अनुबंध हेतु नीचे उल्लेखित कार्यों के लिये जिला जल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा एकीकृत पंजीयन व्यवस्था में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का विवरण:- जिला जल परीक्षण प्रयोगशाला मुंगेली में बैक्टिरियोंलाजिकल सेटअप एवं स्पेक्टोफोटोमीटर सप्लाई का कार्य।

| क्र. | निविदा सूचना क्र./ दिनांक | सिस्टम क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू.लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 51/04.08.2023 | 143731 | जिला जल परीक्षण प्रयोगशाला मुंगेली में बैक्टेरियोंलाजिकल सेटअप एवं स्पेक्टोफोटोमीटर सप्लाई का कार्य। | 22.95 |

बिड सबमिशन की अंतिम तिथि - 24.08.2023

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 04.08.2023 से देखे जा सकते हैं।

**कार्यपालन अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मुंगेली**

जी- 04054/1

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड-कोरबा (छ.ग.)**

I.T.I.Chowk, Rampur, Korba (C.G.)
E-mail:eekor-phe-cg@nic.in

**ऑन लाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल ग्राम/ समुह ग्राम नल जल योजना (इन विलेज) एवं सोलर / मिनी जल प्रदाय योजना अंतर्गत विभिन्न कार्यों के लिये प्रतिशत दर फार्म ''अ'' में निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| निविदा क्र. | सि.नि.क्र. | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा क्र. | सि.नि.क्र. | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 159 | 143786 | 152.6 | 174 | 143809 | 147.16 |
| 160 | 143788 | 56.59 | 175 | 143802 | 87.7 |
| 161 | 143790 | 124.05 | 176 | 143810 | 153.26 |
| 162 | 143794 | 76.81 | 177 | 143811 | 17.05 |
| 163 | 143796 | 32.84 | 178 | 143812 | 67.13 |
| 164 | 143797 | 57.85 | 179 | 143813 | 18.464 |
| 165 | 143799 | 29.86 | 180 | 143814 | 16.85 |
| 166 | 143800 | 191.28 | 181 | 143815 | 18.25 |
| 167 | 143801 | 104.75 | 182 | 143816 | 19.44 |
| 168 | 143803 | 56.16 | 183 | 143817 | 124.05 |
| 169 | 143804 | 37.01 | 184 | 143818 | 68.46 |
| 170 | 143805 | 40.08 | 185 | 143819 | 190.32 |
| 171 | 143806 | 116.34 | 186 | 143820 | 18.53 |
| 172 | 143807 | 100.87 | 187 | 143821 | 19 |
| 173 | 14786 | 152.6 | 188 | 143822 | 141.68 |

निविदा एवं कार्य का विस्तृत विवरण यथा धरोहर राशि, बिड वैद्यता की तिथि कार्य की अवधि, निविदाकार की श्रेणी एवं कार्यों तथा स्थल संबंधी जानकारी ऑन लाईन ई-प्रोक्यूरमेंट व्द्दह्लश्चह्य-//द्गश्चह्लश्ष.ष्द्दह्यह्लड्डह्लद्द.द्दश्1.द्वद्ग पर सिस्टम क्रमांक 143802 से 143815 तक के निविदा को दिनांक 07.08.2023 से 12.08.2023 एवं शेष सिस्टम क्रमांक के निविदा को दिनांक 09.08.2023 से 16.08.2023 समय 05.30 बजे तक देखी एवं बिड डाली जा सकती है। निविदा में आगामी संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किये जावेंगे। अत: निविदाकार ऑन लाईन निविदा प्रक्रिया में सतत् संपर्क में रहे। अन्य विवरण कार्यालयीन समय पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड कोरबा में देखे जा सकते हैं।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग**
**खण्ड-कोरबा (छ.ग.)**

जी- 04075/2

# देश

उवाच



सिर्फ राहुल गांधी ही नहीं बल्कि सभी विपक्षी नेताओं को किसी न किसी तरह से तंग किया जा रहा है लेकिन लड़ने पर ही जीत होती है।

–तेजस्वी यादव, बिहार के उप मुख्यमंत्री

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 33.0 | 28.0 |
| मुंबई | 29.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 28.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 28.0 |

# राहुल की संसद बहाली लोकतंत्र की जीत : कांग्रेस

## कांग्रेसी सांसदों ने सदन में मेज थपथपाकर राहुल गांधी का किया स्वागत

**नई दिल्ली**, 7 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता सोमवार की सुबह ही बहाल कर दी गई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राहुल की सदस्यता बहाल करने का फैसला दिया है। सदस्यता बहाल होने के करीब डेढ़ घंटे के भीतर ही राहुल संसद भवन पहुंचे। सदन में पहुंचे कांग्रेसी सांसदों ने मेज थपथपाकर व राहुल गांधी जिंदाबाद का नारा लगाकर उनका स्वागत किया। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि ऐसे बहुत से मामलों में अब संसद में राहुल गांधी की मौजूदगी से न सिर्फ कांग्रेस पार्टी बल्कि इंडिया गठबंधन से जुड़े सभी दलों की ताकत के साथ मुद्दों को नई आवाज भी मिलेगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सदस्यता बहाल होने के बाद कांग्रेस नेताओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। उन्होंने इसे लोकतंत्र की जीत बताया।

- **राहुल की सदस्यता बहाल होने के बाद कांग्रेस नेताओं में दिखा जबरदस्त उत्साह**



संसद में राहुल की मौजूदगी से इंडिया गठबंधन से जुड़े सभी दलों की ताकत के साथ मुद्दों को नई आवाज मिलेगी : अधीर रंजन चौधरी

### राहुल की सांसदी बहाली से नेताओं से लेकर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा

राहुल गांधी की सदस्यता बहाली के साथ ही कांग्रेस अब न सिर्फ संसद में आक्रामक रूप रुख अख्तियार करेगी, बल्कि जमीन पर भी आगे बढ़ाने की तैयारियां शुरू करेगी। कांग्रेस पार्टी से जुड़े नेताओं का कहना है कि राहुल गांधी की सांसदी बहाली से उनकी पार्टी के नेताओं से लेकर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है। पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी कहते हैं कि राहुल गांधी के संसद में रहने से वह उन सभी मुद्दों को अब और प्रमुखता के साथ उठा सकेंगे, जिसे लेकर बीते कुछ दिनों से वह संसद ने अपनी आवाज बुलंद करते आए हैं। उनका कहना है कि राहुल गांधी लगातार मणिपुर मामले में सबसे ज्यादा संवेदनशील होकर जिम्मेदारी तय करने की बात करते रहे हैं। मणिपुर जाने वाले नेताओं में सबसे पहले राहुल गांधी ही वहां पर पहुंचे थे।

### केरल के वायनाड से सांसद के रूप में राहुल गांधी का दर्जा हुआ बहाल

केरल के वायनाड से सांसद के रूप में राहुल गांधी का दर्जा सोमवार को बहाल कर दिया गया, जब लोकसभा सचिवालय ने मानहानि के एक मामले में उनकी दोषसिद्धि पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाने के बाद एक अधिसूचना जारी की। केरल के वायनाड से सांसद के रूप में राहुल गांधी दर्जा सोमवार को बहाल कर दिया गया, जब लोकसभा सचिवालय ने एक अधिसूचना जारी की। सर्वोच्च न्यायालय ने मानहानि मामले में उनकी सजा पर रोक लगा दी थी। राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल होते ही यहां कांग्रेस मुख्यालय में जश्न शुरू हो गया और कार्यकर्ता नाचने लगे और पूर्व पार्टी प्रमुख के पक्ष में नारे लगाने लगे। लोकसभा सदस्यता बहाल होने के बाद संसद पहुंचने पर कांग्रेस और अन्य विपक्षी सांसदों ने भी राहुल गांधी का गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रियंका गांधी ने राहुल गांधी के संसद पहुंचने के वीडियो को ट्वीटर पर पोस्ट करते हुए लिखा, जनता के असल मुद्दों की आवाज एक बार फिर संसद में गूंजेगी। राहुल गांधी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करने वाले लाखों कांग्रेस कार्यकर्ताओं व इंसाफ और सच की लड़ाई में समर्थन देने वाले करोड़ों देशवासियों का तह दिल से धन्यवाद। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता ऐसे समय में बहाल हुई है, जब मंगलवार को संसद में केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेस के लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होगी। ऐसे में इस बात की ज्यादा संभावना है कि राहुल लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर बहस की शुरुआत कर सकते हैं। राहुल की सदस्यता बहाली ऐसे समय में हुई है, जब केंद्र सरकार मणिपुर, नूंह हिंसा, दिल्ली सेवा विधेयक और अविश्वास प्रस्ताव के मामले में घिरी हुई है। इसके साथ ही राहुल गांधी की संसद सदस्यता जाने का मुद्दा भी विपक्ष को ज्यादा मजबूत कर सकता है। राहुल गांधी ने सदन में एक उद्योगपति के सरकार से गठजोड़ को लेकर जिस तरह केंद्र सरकार पर हमला बोला था, एक बार फिर वे मजबूती से सरकार को घेरते दिखाई पड़ेंगे। बड़ा प्रश्न है कि इस पूरे प्रकरण से भाजपा को क्या हासिल हुआ। इस पूरे प्रकरण से उसे लाभ होगा, या हानि। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा है कि यह पूरा प्रकरण कानूनी प्रक्रिया से जुड़ा था। भाजपा का इससे कोई लेना-देना नहीं था। उन्होंने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी बार-बार आदतन आपत्तिजनक टिप्पणियां करते रहे हैं। इस मामले में भी उन्होंने पिछड़े समुदाय के एक वर्ग पर टिप्पणी की, जिससे आहत होकर उस समाज के एक व्यक्ति ने उन पर मानहानि का मुकदमा दायर कर दिया। एक न्यायालय ने निर्णय दिया और स्पीकर ने उस पर निर्णय लिया। उनके अनुसार इस पूरे प्रकरण में भाजपा कहीं नहीं है, लिहाजा इसका भाजपा से कोई सरोकार नहीं है।

इस सफाई के बाद भी लोग इस पूरे मामले को सरकार से जोड़कर देख रहे हैं। भाजपा के लोगों का भी मानना है कि इस पूरे प्रकरण में राहुल गांधी को विक्टिम कार्ड खेलने का अवसर दिया गया है। इससे उनकी छवि मजबूत हुई है। भाजपा को इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है। भाजपा के एक नेता ने कहा कि 2014 से लेकर अब तक कांग्रेस बैकफुट पर है। लोकसभा में उसे नेता विपक्ष की कुर्सी हासिल करने लायक तक सीटें नहीं मिल रही हैं। एक दो राज्यों को छोड़ दें, तो उत्तर प्रदेश से लेकर गुजरात तक में कांग्रेस अपने एतिहासिक निम्न प्रदर्शन पर है। ऐसे में राहुल गांधी और सोनिया गांधी पर आक्रामक हमला कर उन्हें विक्टिम कार्ड खेलने का अवसर दिया जा रहा है। इससे कांग्रेस को लाभ और भाजपा को नुकसान होगा।

### राहुल वापसी से विपक्षी गठबंधन को मिलेगा लाभ

राजनीतिक विश्लेषक की माने तो विपक्षी दलों ने सरकार को लोकसभा में जमकर घेर रखा है, लेकिन इसके बाद भी कांग्रेस के पास प्रखर वक्ताओं की कमी साफ दिखाई पड़ रही है। अधीर रंजन चौधरी की हिंदी पर कमजोर पकड़ कांग्रेस के हमलों को कुंद कर रही है। ऐसे में राहुल गांधी की संसद में वापसी से कांग्रेस के साथ-साथ पूरे विपक्षी गठबंधन को लाभ मिलेगा। राहुल गांधी ने जिस तरह पिछले दिनों सरकार को संसद में घेरा है, उससे उनके परिपक्व होने के प्रमाण मिले हैं। भारत जोड़ो यात्रा के बाद राहुल गांधी एक नए अवतार में केंद्र पर हमला बोलते दिखाई पड़ेंगे और सरकार को इसका जवाब नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विपक्षी गठबंधन की एकता की धुरी है। इस धुरी के मजबूत होने से उसके सहयोगी अंगों को भी ताकत मिलेगी। अब जब 31 अगस्त-एक सितंबर को विपक्षी दलों की बैठक मुंबई में होगी, वह पटना-बेंगलुरु बैठक से कहीं ज्यादा असरदार होगी।

### राहुल का एक ही मंत्र याद रखना है, डरो मत : कमलनाथ



**भोपाल।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल होने की लोकसभा सचिवालय की अधिसूचना का स्वागत करते हुए मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि गांधी का डरो मत का मंत्र ही सभी कांग्रेसजनों को याद रखना है। कमलनाथ ने अपने ट्वीट में कहा कि गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाली का फैसला स्वागतयोग्य है। उन्होंने कहा कि अब संसद में हमें फिर वह सिंह गर्जना सुनने को मिलेगी जो जनता को अभय और लोकतंत्र विरोधियों को भय देती है। गांधी का एक ही मंत्र सबको याद रखना है, डरो मत। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को मोदी सरनेम टिप्पणी पर आपराधिक मानहानि मामले में सुप्रीम कोर्ट से फौरी राहत मिल गई है। कोर्ट ने गत शुक्रवार को एक अंतरिम आदेश में कांग्रेस नेता की सजा पर फिलहाल रोक लगा दी थी। इससे पहले गुजरात हाईकोर्ट ने मोदी उपनाम टिप्पणी पर मानहानि मामले में उनकी सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। ऐसे में बड़ी बात यह भी यह भी है कि सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद राहुल लोकसभा सदस्यता बहाल हो गई। कोर्ट ने मामले को खारिज नहीं किया गया, बल्कि सजा पर रोक लगाई है। अब इस मामले में नए सिरे से सुनवाई होगी। अगर सुप्रीम कोर्ट भी राहुल को इस मामले में दो साल की सजा सुनाता है तो राहुल चुनाव लड़ने से अयोग्य हो जाएंगे। वहीं, कोर्ट से बरी होने या दो साल से कम सजा मिलने पर राहुल चुनाव लड़ सकेंगे। हालांकि, ये फैसला कब तक आएगा ये देखना होगा। ऐसा भी हो सकता है कि कोर्ट का फैसला 2024 के चुनाव के बाद आए। ऐसे में राहुल 2024 का चुनाव लड़ सकते हैं।

## राहुल पर लगाए गए आरोपों को लेकर अधीर रंजन व पीठासीन सभापति के बीच तीखी बहस



**नई दिल्ली।** सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मौजूदगी में लोकसभा में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा राहुल गांधी पर लगाए गए आरोप के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। दोपहर 2 बजे लोकसभा की कार्यवाही तीसरी बार शुरू होने पर लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने पॉइंट ऑफ आर्डर का मसला उठाते हुए नियम 353 के तहत मुद्दा उठाने की कोशिश की। लेकिन, पीठासीन सभापति किरीट प्रेमजी भाई सोलंकी ने उनकी बात काटते हुए सदन में हंगामे के बीच डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण विधेयक, 2023 पर चर्चा शुरू करवा दिया। विपक्षी दलों के हंगामे और वेल में लगातार नारेबाजी के बीच सदन ने चर्चा के बाद डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण विधेयक, 2023 पारित कर दिया। हालांकि, हंगामे के बीच बिल पास करवाने पर गहरी नाराजगी जताते हुए बीजद सांसद भर्तृहरि महताब ने संसद की व्यवस्था से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। बिल के पारित होने के बाद अधीर रंजन चौधरी ने पॉइंट ऑफ आर्डर का मसला उठाते हुए नियम 353 के तहत एक बार फिर यह मुद्दा उठाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि संसदीय परंपरा और नियमों के खिलाफ जाकर उनके नेता राहुल गांधी के खिलाफ बेबुनियाद तथ्यों के आधार पर आरोप लगाए गए हैं। लेकिन, पीठासीन सभापति ने इसे अप्रस्तुत बताते हुए सदन की कार्यवाही को आगे बढ़ा दिया। इसके बाद अधीर रंजन चौधरी और पीठासीन सभापति किरीट प्रेमजी भाई सोलंकी के बीच तीखी बहस हुई। चौधरी रूल बुक लेकर वेल में जाकर पीठासीन सभापति से उन्हें बोलने देने की बात कहते रहे। लेकिन, उन्होंने चौधरी को मौका नहीं दिया। इसके बाद अधीर रंजन चौधरी सहित कांग्रेस सांसदों ने सदन से वॉकआउट कर दिया। एनसीपी, सपा और टीएमसी सहित कई अन्य दलों के सांसद भी कांग्रेस का साथ देते हुए सदन से वॉक आउट कर गए।

## संसद से

### लोकसभा में निजी डाटा संरक्षण विधेयक ध्वनिमत से पारित

लोकसभा ने मणिपुर मुद्दे पर विपक्षी दलों के हंगामें के बीच आम लोगों के डाटा को जरूरत के मुताबिक हासिल कर सुरक्षित व संरक्षित रूप से इस्तेमाल करने की इजाजत देने वाले 'डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण विधेयक 2023' को आज ध्वनिमत से पारित कर दिया। इलेक्ट्रोनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वष्णव ने विधेयक पर हुई संक्षिप्त चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि यह निजी डाटा की सुरक्षा वाला विधेयक है। इसके माध्यम से देश के 140 करोड़ लोगों के डाटा को सुरक्षित रखा जा सकेगा और उसका बिना इजाजत के जरूरत से ज्यादा कोई इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा।

### रजनी पाटिल की सदस्यता बहाल

राष्ट्रति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जवाब दिए जाने के दौरान विरोध कर रहे विपक्षी सदस्यों का कथित तौर पर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालने के आरोप में निलंबित कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य रजनी पाटिल का निलंबन सोमवार को समाप्त कर उनकी सदस्यता बहाल कर दिया गया। सुबह में सदन की कार्यवाही शुरू होने पर विधायी कार्य निपटाये जाने के दौरान ही सभापति जगदीप धनखड़ ने सरोज पांडे को विशेषाधिकार समित के 74वें प्रतिवेदन को सदन पटल पर रखने के लिए कहा।

### संसद को दिल्ली के लिए कानून बनाने के सारे अधिकार हैं : सुधांशु त्रिवेदी

राज्यसभा में दिल्ली सेवा विधेयक पर भाजपा सांसद डॉ.सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के 105 पन्नों के फैसले में कहीं भी दिल्ली पर कानून पारित करने के खिलाफ कुछ भी नहीं कहा गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के पैराग्राफ 86, 95 और 164 एफ में कहा गया है कि संसद को दिल्ली के लिए कानून बनाने के सारे अधिकार है।

### विज्ञान व नवाचार से अर्थव्यस्था को मजबूती मिलेगी : जितेंद्र सिंह

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री डॉ.जितेंद्र सिंह ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन विधेयक, 2023 को पारित करने के लिए रखते हुए कहा कि इससे अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के साथ साथ विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, अनुसंधान संस्थानों में अनुसंधान और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देगा। डॉ. सिंह ने विधेयक पर संक्षिप्त चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि पहले शोध के लिए जो धनराशि की जाती थी उसमें राज्यों को हिस्सा काफी कम रहता था क्योंकि धनराशि का वितरण स्पर्धा के आधार पर होता था लेकिन अब फाउंडेशन के गठन के बाद राज्यों को भी समुचित धनराशि मिल पाएगी।

### अनुसंधान राष्ट्रीय शोध प्रतिष्ठान विधेयक को लोकसभा की मंजूरी

लोकसभा ने सोमवार को 'अनुसंधान राष्ट्रीय शोध प्रतिष्ठान विधेयक, 2023' को पारित किया। इसमें देशभर के विश्वविद्यालयों में अनुसंधान को वित्त पोषित करने के लिए एक राष्ट्रीय प्रतिष्ठान स्थापित करने का प्रावधान किया गया है। इसका मकसद वित्तीय रूप से व्यावहारिक अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र सुनिश्चित करने के लिए निजी क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों का दोहन करना है। प्रस्तावित नए विधान का उद्देश्य वैज्ञानिक खोज के लिए भारत के राष्ट्रीय अनुसंधान व ज्ञान उद्यमिता व नवाचार क्षमता को बढ़ाना है।

## सार संक्षेप

### सच्चाई शक्तिशाली है व विजय होगी : अभिषेक

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को कहा कि सच्चाई शक्तिशाली है और विजय होगी। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे व सांसद बनर्जी ने ट्विटर पर कहा कि ईडी की रैंकों पर अयोग्य और अक्षम लोगों को देखना वास्तव में निराशाजनक है जिनके पास सप्ताह में दो बार अपने राजनीतिक संरक्षकों की सेवा में मीडिया में मनगढ़ंत कहानियां प्रसारित करने की अद्वितीय प्रतिभा है।

### बरेली में दीवार ढहने से दो बच्चों की मौत

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में बरेली जिले के फरीदपुर क्षेत्र में सोमवार सुबह बारिश के बीच कच्ची दीवार ढहने से एक ही परिवार के दो बच्चों की मौत हो गई जबकि माता-पिता और बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। खलपुर गांव निवासी उमेश और राजीव पड़ोसी हैं। उनके घरों की एक ही दीवार थी। उमेश अपनी पत्नी सुमन, बेटे विवेक, बेटी प्रियांशु और सात साल बेटी नीतू के साथ घर में सो रहे थे। सोमवार सुबह बारिश होने से कच्ची दीवार ढह गई जिसमें विवेक और प्रियांशु की मलबे में दब कर मौके पर ही मौत हो गई।

### नीतीश ने जनता के दरबार में सुनीं जनसमस्याएं

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे 72 लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए।

## किसी के काले रंग को लेकर टिप्पणी क्रूरता के समान : उच्च न्यायालय

### कर्नाटक उच्च न्यायालय ने तलाक के मामले की टिप्पणी



**बेंगलुरु**, 7 अगस्त (एजेंसियां)। तलाक के एक मामले की सुनवाई करते हुए कर्नाटक उच्च न्यायालय ने अपने हालिया फैसले में कहा है कि काले रंग को लेकर नस्लीय टिप्पणी क्रूरता के बराबर है। पति ने फैमिली कोर्ट द्वारा तलाक न दिए जाने के फैसले पर सवाल उठाते हुए कोर्ट में अपील याचिका दायर की थी। सब-डिवीजन बेंच ने कहा कि पत्नी ने लगातार पति को उसके काले रंग के लिए अपमानित किया और उसे काली त्वचा वाला व्यक्ति कहकर परेशान किया। पीठ ने कहा कि इस तथ्य को छिपाने के लिए पत्नी ने उस पर अवैध संबंध का आरोप लगाया था। पीठ ने निचली अदालत के फैसले को रद्द करने का आदेश देते हुए रेखांकित किया कि इसे निस्संदेह क्रूररता माना जाता है। अदालत ने शादी भी रद्द कर दी और पति को तलाक दे दिया। इस जोड़े ने 2007 में शादी की थी, लेकिन पति ने 2012 में तलाक के लिए फैमिली कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था जिसने 13 जनवरी 2017 को पति की याचिका रद्द कर दी थी। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि शादी के बाद उसकी पत्नी हमेशा उसे काला आदमी कहकर ताने मारती थी और अपमानित करती थी। उसने अपनी बेटी की खातिर किसी तरह अपमान सह लिया। उसने यह भी दावा किया था कि उसकी पत्नी ने 2011 में उनकी वृद्ध मां और परिवार के सदस्यों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले में उसे यातनाएं भी झेलनी पड़ीं और उसने 10 दिन थाने और कोर्ट में बिताए थे। पति ने गुहार लगाई थी कि अदालत तलाक मंजूर करे। उसने दावा किया, पत्नी अपने मायके चली गई और फिर कभी वापस नहीं लौटी। उसने मेरे नियोक्ता से भी शिकायत की थी।

**मैतेई संगठन की प्रधानमंत्री से अपील**

## आदिवासियों की मांग पर मणिपुर को बांटा न जाए



**नई दिल्ली/इंफाल**, 7 अगस्त (एजेंसियां)। आदिवासियों के लिए अलग राज्य की मांग पर दबाव बनाने के लिए नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ आदिवासी नेताओं की बैठक से एक दिन पहले मैतेई समुदाय की शीर्ष संस्था मणिपुर अखंडता समन्वय समिति (सीओसीओएमआई) ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मणिपुर को विभाजित न करने और पेश करने की अपील की। सीओसीओएमआई ने 29 जुलाई को इंफाल में आयोजित सामूहिक रैली में अपनाए गए प्रस्तावों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय को अपना ज्ञापन सौंपा। सीओसीओएमआई की अन्य मांगों में जातीय संघर्ष को खत्म करना और विदेशी (अवैध प्रवासियों) और चिन-कुकी के नार्को-आतंकवाद का खात्मा शामिल है। पीएमओ में ज्ञापन सौंपने के बाद सीओसीओएमआई समन्वयक जीतेंद्र निंगोम्बा ने एक वीडियो संदेश में दावा किया कि कुकी-जोमी संगठनों के कुछ नेताओं सहित विदेशी तत्व, जिनके साथ सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशन समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे, सीधे तौर पर मणिपुर में शामिल हैं।

### शाह से आज मिलेंगे मणिपुर के आदिवासी नेता



**इंफाल।** मणिपुर के इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) के नेता अपनी मांगों पर जोर देने के लिए मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे, जिसमें ट्राइनल के लिए एक अलग राज्य भी शामिल है। आईटीएलएफ के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता गिन्जा वुअलजोंग ने कहा कि चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय मंत्री से मिलेगा। आईटीएलएफ प्रतिनिधिमंडल के सदस्य वुअलज़ोंग ने बताया, हम अपनी मांगों के शीघ्र समाधान के लिए दबाव डालेंगे, क्योंकि मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार के कुशासन के कारण मणिपुर के हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं। राज्य सरकार की आदिवासी विरोधी शासन के कारण हम आदिवासी बहुत पीड़ित हैं। आईटीएलएफ नेताओं ने दावा किया कि चूंकि वे मैतेई से खतरे के कारण चुराचांदपुर से इंफाल नहीं जा सके, इसलिए उन्हें नई दिल्ली जाने वाली उड़ान में सवार होने के लिए आइजोल जाना पड़ा।

**चिंता** *राजौरी व पुंछ में हुए हमलों से सुरक्षाबलों ने नहीं लिया कोई सबक*

## कुलगाम में अचानक हुए हमले में गई थी तीन जवानों की जान

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 7 अगस्त (देशबन्धु)। कुलगाम के हलन गांव में आतंकियों ने ठीक उसी प्रकार की रणनीति अपनाते हुए 4 अगस्त को तीन जवानों की जान ले ली थी जिस प्रकार उन्होंने राजौरी व पुंछ में 10 जवानों को मार डाला था। उसी रणनीति के तहत ही उन्होंने मौके से चार एके 47 राइफलों को भी लूट लिया था।**

मिलने वाली सूचनाएं कहती हैं कि आतंकियों ने उस समय हलन गांव में सेना की 34वीं राष्ट्रीय रायफल्स के जवानों पर हमला बोला था जब वे कश्मीर पुलिस के साथ मिल कर एक टेंट गाड़ रहे थे। हमलावर आतंकियों को इसके प्रति पूर्व सूचना थी कि सुरक्षाबल वहां पर एक समारोह के लिए एकत्र हुए हैं। हमले में 3 जवानों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। जिनमें सेना के दो और कश्मीर पुलिस का एक जवान था। हालांकि सेना के दो अन्य जवान भी गंभीर रूप से जख्मी हैं जिनका इलाज चल रहा है।



■ **सत्रह दिनों में सेना ने पहली बार खोए थे इतनी संख्या में अपने जवान**

इस हमले की खास बात यह थी कि आतंकी घटनास्थल से जवानों की 4 एके 47 राइफलें भी लूटने में कामयाब हुए थे जिस पर अभी तक सेना द्वारा चुप्पी साधी गई है। सूत्रों के अनुसार, यह हमला ठीक वैसा ही था जिस तरह से आतंकियों ने पुंछ के भाटा धुरियां में इस साल 20 अप्रैल को सेना के उस वाहन को राकेट लांचर से उड़ा दिया था जो रोजादारों के लिए सामान लेकर जा रहा था और उसमें पांच जवान मारे गए थे। 20 अप्रैल को हुए इस हमले के करीब 17 दिनों के बाद फिर से आतंकियों ने हमला बोला था और अबकी बार उन्होंने पुंछ से सटे राजौरी जिले के केसर इलाके में सेना के पांच जवानों को मार डाला था।

सत्रह दिनों के अरसे में सेना ने पहली बार इतनी संख्या में अपने जवान खोए थे। पर इसके बावजूद वह इन हमलों से सबक नहीं ले पाई और न ही जवानों की मूवमेंट की सूचनाओं को लीक होने से रोक पाई। बताया जाता है कि कुलगाम के जिस इलाके में हमला हुआ वहां आसपास घने जंगलों में बड़ी संख्या में आतंकियों के छुपे होने की खबरें तो थीं पर उनको हल्के तौर पर लेते हुए इलाके की छानबीन ही नहीं की गई थी। नतीजा अब चार दिनों से सैंकड़ों जवान और दर्जनों ड्रोन इन हमलावर आतंकियों की थाह तक नहीं पा सके हैं। वैसे कश्मीर से सटे हुए किश्तवाड़ जिले में भी आतंकियों की संख्या बढ़ने लगी है। पुलिस कहती थी कि इस जिले में अधिकतर स्थानीय आतंकी हैं या फिर कश्मीर से मूव करने वाले हैं। कुछेक आतंकियों को इस जिले में भी मार गिराया गया है पर खतरा अभी पूरी तरह से टला नहीं है।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले रविवार को राजौरी जिले के खवास इलाके में भारतीय क्षेत्र में घुसने का प्रयास कर रहे एक आतंकवादी को चल रहे अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने मार गिराया गया था।

बिलासपुर, मंगलवार 8 अगस्त 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## क्या मोदी राहुल को जवाब दे पायेंगे?

गुजरात की निचली अदालतों एवं वहां की हाईकोर्ट द्वारा एक अवमानना के मामले में सुनाई गई दो साल की सजा पर सुप्रीम कोर्ट की रोक के बाद लोकसभा में राहुल गांधी की सोमवार को वापसी अनेक मायनों में महत्वपूर्ण है। यह एक सांसद की देश की सर्वोच्च विधायिका में लौटना मात्र नहीं है वरन यह जनसामान्य की आवाज़ के संसद में फिर से गूंजने का आश्वासन है। अपने खिलाफ सत्ता समर्थित सारे षड्यंत्रों को परास्त कर राहुल गांधी के जरिये यह निरंकुशता के खिलाफ़ लोकतंत्र की वापसी भी है, जिसके अनेक तात्कालिक व उससे कहीं बढ़कर दूरगामी नतीजे़ निकलेंगे।


2019 के मार्च महीने में कर्नाटक की एक चुनावी सभा में दिये एक भाषण के आधार पर करीब साढ़े तीन माह पहले राहुल को गुजरात की कोर्ट में दो साल की सज़ा सुनाई गई थी। जिस आतुरता से उनकी लोकसभा की सदस्यता छिनी गयी और उसी फुर्ती से उनका सरकारी आवास भी खाली कराया गया था, वह हास्यास्पद होने के साथ ही सत्ता पक्ष के भय का प्रदर्शन भी था। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले शुक्रवार को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए राहुल की सज़ा पर न केवल रोक लगा दी वरन गुजरात की अदालतों व वहां की उच्च न्यायालय की न्यायिक प्रक्रिया पर भी गम्भीर सवाल उठाये। दो साल की सजा इस अपराध में अधिकतम है और हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहीं भी यह नहीं बताया कि आखिर अधिकतम अवधि की सजा का औचित्य क्या है। लोग जानते हैं कि संसद की सदस्यता जाने के लिये पूरे दो वर्ष के कारावास की सजा आवश्यक है।

बहरहाल, करीब 136 दिन संसद से बाहर रहकर राहुल जिस प्रकार से भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ जैसे आक्रामक हुए उससे दोनों (मोदी व पार्टी) का और भी नुकसान होने लग गया था। तिस पर राहुल इन दिनों जनता के बीच घूमते रहे। कभी वे मणिपुर के हिंसा पीड़ित लोगों को गले लगाते रहे तो कभी वे सुबह उठकर आजादपुर सब्जी मंडी पहुंच जाते थे। छात्रों, युवाओं आदि के साथ उनकी नज़दीकियां बढ़ती चली गयीं। इतना ही नहीं, पिछले वर्ष की सितम्बर से निकली उनकी चार हजार किलोमीटर की (कन्याकुमारी से कश्मीर) पैदल यात्रा ने न केवल उन्हें नयी छवि प्रदान की बल्कि उनके भाषणों के जरिये मोदी की प्रशासकीय अक्षमता, निरंकुशता और क्रोनी कैपिटलिज्म को बढ़ावा देने वाली नीतियों का भी पर्दाफाश होता चला गया। इसी साल 30 जनवरी को जब उनकी यात्रा श्रीनगर में तिरंगा फहराने के साथ पूरी हुई तो कांग्रेस में न केवल नये प्राण पड़ चुके थे बल्कि देश के तमाम बड़े विपक्षी दल जो लोकतंत्र में भरोसा रखते हैं, उन्होंने भी कांग्रेस के नेतृत्व को स्वीकार कर विपक्षी गठबन्धन बना लिया। इस साल जून में पटना में 15 दलों के साथ प्रारम्भ हुई एकता की कोशिशें 18-19 जुलाई को बेंगलुरु पहुंचते-पहुंचते 2024 में होने जा रहे लोकसभा चुनावों के मद्देनज़र भाजपा के लिये सही मायनों में एक मजबूत गठबन्धन 'इंडिया' के रूप में चुनौती बनकर खड़ी हो गयी।

यहां तक भी शायद मोदी और भाजपा के प्रमुख नेता इस खतरे से इस विचार के साथ निपटने के प्रति निश्चिंत रहे होंगे कि चुनाव में अपने चिर-परिचित एजेंडे यानी सामाजिक ध्रुवीकरण व सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के बल पर गठबन्धन को परास्त कर लिया जायेगा, परन्तु अब जब संसद में राहुल लौट चुके हैं, मोदी और भाजपा पर नये हमले होने लाजिमी हैं। फिर, वे ऐसे वक्त में लौटे हैं जब मोदी के खिलाफ़ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव पर मंगलवार व बुधवार को चर्चा होनी है। निश्चित ही ओम बिरला के लिये उनकी सदस्यता बहाली का बहुत कठिन फैसला रहा होगा पर अब सत्ता पक्ष के लिये उनके वार झेलने में निश्चित ही दिक्कत आयेगी क्योंकि राहुल एक विजेता तथा नैतिक रूप से पहले से सशक्त नेता के रूप में संसद में पुनर्प्रवेश कर रहे हैं जबकि भाजपा व सरकार पराजित एवं अपराध भाव से ग्रस्त कुनबे के रूप में दिखेगी। तय है कि राहुल गांधी अविश्वास प्रस्ताव के प्रमुख वक्ता होंगे जिस दौरान वे पुराने मसले अर्थात मोदी एवं उनके कारोबारी मित्र गौतम अदानी के परस्पर संबंधों के साथ मणिपुर व नूंह (मेवात) की हिंसा और जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में मोदी व योगी (उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ) के नाम पर हुए गोली चालन (जिसमें तीन मुस्लिमों व एक मीणा सम्प्रदाय के पुलिस इंस्पेक्टर की मौत हो गयी थी) जैसे ताजे़ मामले भी उठायेंगे। जाहिर है कि मोदी के पास इनके कोई जवाब नहीं होंगे। सवाल है कि क्या मोदी पहले से मजबूत होकर लौटे राहुल का सामना लोकसभा में कर पायेंगे या हमेशा की तरह सदन को किसी मंत्री के हवाले छोड़कर निकल लेंगे या फिर शोर-गुल कराकर लोकसभा को बार-बार स्थगित कराएंगे? संसद का सत्र शुक्रवार तक ही चलना है।

इधर सदन से बाहर की बात करें तो इंडिया सतत मजबूत हो रहा है जिसे राहुल की इस कानूनी जीत से बड़ा बल तो मिलेगा ही, कांग्रेस के प्रति जनविश्वास में और भी इज़ाफ़ा होगा जो भाजपा के लिये असली मुसीबत है। कश्मीर के नेता गुलाम नबी आज़ाद के साथ कांग्रेस छोड़कर जाने वाले कई नेता आज लौट आये हैं। मध्यप्रदेश में भी ऐसा ही सियासी मंज़र देखने को मिल रहा है। बेशक, राहुल गांधी की संसद में वापसी को केवल कानूनी जीत के रूप में नहीं देखना चाहिये। यह वापसी भारतीय लोकतंत्र में मील का पत्थर साबित होगी।

# अविश्वास प्रस्ताव : इस हार में भी जीत है!


राजेंद्र शर्मा

सुप्रीम कोर्ट के मानहानि के मामले में सजा पर रोक लगाने के बाद, राहुल गांधी की लोकसभा में वापसी के लिए, अविश्वास प्रस्ताव पर बहस से उपयुक्त दूसरा मौका नहीं हो सकता था। कहने की जरूरत नहीं है कि राहुल गांधी, अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में यानी विपक्ष की ओर से स्टार-वक्ता होंगे और पिछले सत्र में हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद, अडानी-मोदी गठजोड़ पर केंद्रित राहुल गांधी के चर्चित लोकसभा भाषण को याद रखें तो, राहुल गांधी के इस बार के भाषण का भी चर्चित होना तय है। यह अनुमान लगाना भी मुश्किल नहीं है कि लोकसभा में अन्य अनेक प्रभावशाली वक्ताओं की भी मौजूदगी के बावजूद, कम से कम मीडिया द्वारा अविश्वास प्रस्ताव की बहस को, ''राहुल बनाम मोदी'' टीवी बहस में घटाने पूरी कोशिश की जाएगी। कुल मिलाकर इससे अविश्वास प्रस्ताव की इस बहस में जोरदार तड़का लग जाने की उम्मीद की जा सकती है।

इसके बावजूद, इस बहस का मोदी सरकार के बने रहने के लिहाज से क्या नतीजा होगा, यह तो स्वत: स्पष्ट ही है। उलटे, बीजू जनता दल के अविश्वास प्रस्ताव पर बहस में मोदी सरकार को अपना समर्थन देने के ऐलान से यह साफ है कि मोदी राज के प्रबंधकों ने इसका भी पूरा इंतजाम कर लिया होगा कि अगर, इंडिया के मंच पर विपक्ष का उल्लेखनीय रूप से बड़ा हिस्सा अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में एकजुट दिखाई दे, तो दूसरी ओर मोदी सरकार के लिए समर्थन, एनडीए की 2019 के चुनाव में आई संख्या से भी कुछ न कुछ बढ़कर ही दिखाई दे। इसके सहारे और अन्यथा भी, संघ-भाजपा और मुख्यधारा के मीडिया के गठजोड़ द्वारा अविश्वास प्रस्ताव के गिरने को, मोदी राज के लिए जनता के अनुमोदन बल्कि उसकी जीत के रूप में प्रचारित करने की हर संभव-असंभव कोशिश की जाएगी। फिर यह अविश्वास प्रस्ताव क्यों?

इस क्यों के उत्तर के दो महत्वपूर्ण पहलू हैं। पहले का संबंध यह अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने की तत्कालीन पृष्ठभूमि से है। सभी जानते हैं कि संसद के मानसून सत्र की शुरूआत, मणिपुर के बहुत ही चिंताजनक घटनाक्रम की पृष्ठभूमि में, विपक्ष द्वारा एकजुट होकर इसकी मांग किए जाने के साथ हुई थी कि सब काम छोड़कर संसद द्वारा इस गंभीर समस्या पर चर्चा की जाए और प्रधानमंत्री के वक्तव्य के आधार पर चर्चा की जाए। प्रधानमंत्री के वक्तव्य के आधार पर चर्चा का आग्रह इसलिए और भी प्रबल था कि ढाई महीने से जारी हिंसा तथा भयावह दरिंदगी और हालात पूरी तरह से शासन के काबू से बाहर बने रहने के बावजूद, प्रधानमंत्री ने इस मामले में पूरी तरह से मौन साधे रहा था। और यह तब था जबकि मणिपुर में यह सब तथाकथित ''डबल इंजन'' के राज में हो रहा था, जिसके लिए प्रधानमंत्री की सीधे राजनीतिक ही नहीं, प्रशासनिक जवाबदेही भी बनती थी।

बेशक, तब तक ढाई महीने से मणिपुर में जारी अराजकता तथा इथनिक झड़पों के बीच, लगभग शुरूआत में ही हुई दो कुकी आदिवासी महिलाओं के साथ, हमलावर मैतेई भीड़ की दरिंदगी का वीडियो वाइरल हो गया और देश भर को ही नहीं दुनिया भर को इसकी झलक दिखाई दी कि इंटरनैट पर प्रतिबंध तथा मीडिया पर नियंत्रण की दीवार के पीछे मणिपुर में क्या कुछ हुआ था और हो रहा था और यह झलक संसद का सत्र शुरू होने से ऐन पहले सामने आ गया। अब प्रधानमंत्री को भी मणिपुर पर अपना मौनव्रत तोड़ना पड़ा। लेकिन, ढाई महीने बाद भी प्रधानमंत्री मोदी ने मुंह खोला भी तो क्या बोला? उक्त वाइरल दरिंदगी को प्रधानमंत्री ने देश को शर्मिंदा करने वाला तो कहा, पर डबल इंजन सरकार के सुप्रीमो की हैसियत से अपनी तथा अपने राज की विफलता के लिए शर्मिंदगी के किसी एहसास का लेशमात्र भी उनके बोलने में नहीं था। उलटे, प्रधानमंत्री मोदी ने फौरन मणिपुर की दरिंदगी को, छांटकर विपक्ष शासित राजस्थान तथा छत्तीसगढ़ में महिलाओं के खिलाफ हिंसा की समान रूप से क्रूर किंतु सामान्य अपराध की घटनाओं के साथ, जोड़कर बराबरी पर रख दिया, ताकि मणिपुर की बर्बादी के लिए किसी भी जिम्मेदारी से खुद को और अपने डबल इंजन राज को बचा सकें। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री ने न सिर्फ मणिपुर के पूरे घटना विकास पर अपना मौन फिर भी बनाए रखा बल्कि उन्होंने मणिपुर की जनता से शांति की अपील करना और सभी समुदायों को तथा विशेष रूप से अल्पसंख्यकों को उनकी हिफाजत का भरोसा दिलाना तक मंजूर नहीं किया।

और प्रधानमंत्री ने यह बयान भी संसद के अंदर नहीं दिया, जहां इस पर कम से कम चर्चा की गुंजाइश होती। प्रधानमंत्री ने यह बयान दिया, संसद का सत्र शुरू होने से ऐन पहले, पर संसद से बाहर, उसके दरवाजे पर।

इसी सब की पृष्ठभूमि में जब यह साफ हो गया है कि प्रधानमंत्री मोदी, मणिपुर के मुद्दे पर संसद में सामान्य रूप से कुछ नहीं बोलेंगे, तब विपक्ष को अविश्वास प्रस्ताव के संसदीय अस्त्र का सहारा लेना पड़ा। जाहिर है कि प्रधानमंत्री को अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के अपने जवाब में तो, इस पूरे मामले में जिम्मेदारी के सवाल पर बोलना ही बोलना था। दूसरे शब्दों में, जब मणिपुर जैसी गंभीर चुनौती के संदर्भ में वर्तमान सरकार से सवालों के जवाब हासिल करने के दूसरे सामान्य जनतांत्रिक रास्ते बंद कर दिए गए, तब सरकार से जवाब मांगने के अंतिम संसदीय अस्त्र, अविश्वास प्रस्ताव का विपक्ष को सहारा लेना पड़ा। इन सूरते हाल में संसद के सम्मुख सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए अविश्वास प्रस्ताव का सहारा लेना, विपक्ष का सिर्फ अधिकार ही नहीं था, बल्कि उसकी जिम्मेदारी भी थी।

स्वाभाविक रूप से यह सवाल पूछा जा रहा है कि क्या यह सिर्फ प्रधानमंत्री के ईगो का मामला है कि वह संसद में अविश्वास प्रस्ताव या राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के सिवा, मणिपुर के हालात जैसे किसी अत्यधिक गंभीर मसले पर भी, जिस पर उनके राज पर सवाल उठ सकते हों, बोलेंगे ही नहीं? या यह मणिपुर की वर्तमान समस्या को बहुत ज्यादा महत्व न देने का मामला है? बेशक, सच्चाई एक हद तक इन दोनों ही अनुमानों में है, फिर भी सबसे बढ़कर यह वर्तमान निजाम के संसदीय व्यवस्था के सार को ही अस्वीकार करने का मामला है। संसदीय व्यवस्था का सार क्या है? क्या संसदीय व्यवस्था का सार सिर्फ चुनाव है? तब निर्वाचित के निरंकुश शासन और संसदीय जनतंत्र में फर्क ही क्या रह जाएगा?

संसदीय जनतंत्र का सार है, कार्यपालिका की संसद के माध्यम से, जनता के सामने जवाबदेही। प्रधानमंत्री बेशक, संसदीय बहुमत के समर्थन के बल पर कार्यपालिका के शीर्ष पर होता है, लेकिन यह बहुमत भी संसद के समक्ष उसकी जवाबदेही का स्थानापन्न नहीं हो सकता है। संभवत: इसीलिए, यह कहा जाता है कि संसद विपक्ष की होती है क्योंकि उसके जरिए ही विपक्ष, उसकी करनियों-अकरनियों के लिए, कार्यपालिका की और जाहिर है कि इसमें कार्यपालिका के प्रमुख के रूप में प्रधानमंत्री भी आ जाते हैं, जवाबदेही सुनिश्चित करता है। यह जवाबदेही संसदीय जनतंत्र का रोजाना का तकाजा है, जो पांच साल या ऐसी ही किसी अवधि पर होने वाले चुनावों में, किसी तरह जनता का ''आशीर्वाद'' हासिल कर लेने से पूरा नहीं हो सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी और जाहिर है कि उनके भक्तगण भी, जिस सुर उन्हें चुनाव में बहुमत मिला होने को कुछ भी करने या नहीं करने के लिए वैधता के सर्वोच्च तथा सर्वव्यापी तर्क के रूप में पेश करते नहीं थकते हैं, उससे जाहिर है कि वे प्रधानमंत्री के पद को पांच साल के निरंकुश राज के पट्टे की तरह देखते हैं और संसद के प्रति कार्यपालिका की रोज-रोज की जवाबदेही की व्यवस्था को, एक अनुपयोगी बोझ ही मानते हैं। हैरानी की बात नहीं है कि वर्ष दर वर्ष और सत्र दर सत्र, संसद की बैठकों की संख्या मोदी के राज के नौ वर्षों में कम से कम ही होती चली गई है। वास्तव में यह रुझान, गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के बारह साल के कार्यकाल में भी दर्ज किया गया था।

इसी का हिस्सा है कि मोदी के राज में संसद का चलना सुनिश्चित करने की, सत्तापक्ष की कोई कोशिश ही नहीं होती है, फिर इसके लिए विपक्ष की किसी मांग को एकोमोडेट करने का तो सवाल ही कहां उठता है। अब तो खैर संसद के साथ पराएपन के इस सलूक को उस मुकाम पर पहुंचा दिया गया है, जहां न सिर्फ संसद में बिना किसी बहस के शोर-शराबे के बीच विधायी काम निपटाने की खानापूरी करना ही सत्तापक्ष को ज्यादा सुविधाजनक नजर आता है बल्कि अब तो संसद को ठप्प करने का जिम्मा भी ज्यादा से ज्यादा सत्ता पक्ष ही संभाल रहा है। फर्क सिर्फ इतना है कि जहां बजट सत्र के उत्तरार्द्ध में सत्तापक्ष ने ''राहुल गांधी की माफी'' की मांग के सहारे संसद को ठप्प किया था, वर्तमान सत्र में यही काम उसने अपनी इस जिद से किया है कि मणिपुर भले ही जलता रहे, प्रधानमंत्री संसद में उसके संबंध में सवालों का जवाब नहीं देंगे। ऐसे में विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव के माध्यम से, सिर्फ मणिपुर के मामले में सरकार से जवाब मांगा जाना ही सुनिश्चित नहीं किया है, आम तौर पर संसद के सामने सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करने के हमारी संवैधानिक व्यवस्था के सार को भी एसर्ट किया है। कहने की जरूरत नहीं है कि मौजूदा निजाम में संवैधानिक व्यवस्था के इस सार को उभारे जाने की भारी जरूरत है।

दूसरे, अविश्वास प्रस्ताव में गिनती का नतीजा भले ही मोदीशाही के पक्ष में रहना पहले ही तय हो, पर कुल-मिलाकर यह कसरत सत्तापक्ष को भारी ही पड़ने जा रही है। फिर दुहरा दें कि यह राहुल बनाम मोदी बहस में भारी पड़ने न पड़ने का ही मामला नहीं होगा। इससे कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण यह है नौ साल में पहली बार, इतने बड़े पैमाने पर एकजुट विपक्ष, मोदीशाही के मुकाबला करने के लिए मैदान में उतरेगा। इस लड़ाई से एक-एक मोर्चे पर कामयाबी से विपक्ष जो आत्मविश्वास अर्जित करेगा, वह इस साल के आखिर में होने वाले महत्वपूर्ण विधानसभाई चुनावों के लिए और फिर 2024 के पूर्वार्द्ध में जनादेश के लिए देशव्यापी युद्ध के लिए, विपक्ष के लिए जरूरी प्रैक्टिस का रास्ता बनाएगा। अविश्वास-प्रस्ताव की तयशुदा हार भी, 2024 में मोदीशाही की संभावित हार को ही नजदीक लाएगी।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

> **इसी सब की पृष्ठभूमि में जब यह साफ हो गया है कि प्रधानमंत्री मोदी, मणिपुर के मुद्दे पर संसद में सामान्य रूप से कुछ नहीं बोलेंगे, तब विपक्ष को अविश्वास प्रस्ताव के संसदीय अस्त्र का सहारा लेना पड़ा। जाहिर है कि प्रधानमंत्री को अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के अपने जवाब में तो, इस पूरे मामले में जिम्मेदारी के सवाल पर बोलना ही बोलना था।**

# मधुमेह की चपेट में बच्चे

■ प्रशांत कुमार दुबे

मध्यप्रदेश में विदिशा जिले के निजी विद्यालय की कक्षा 5 में पढ़ने वाली 9 बरस की रिंकी (परिवर्तित नाम) टाइप-1 डायबिटीज़ से पीड़ित है। वह आज से 3-4 बरस पहले डायबिटीज़ की चपेट में आई। कैसे, यह कोई नहीं जानता। अब रिंकी और उसके परिवार का हर सदस्य बस इतना जानता है कि रिंकी को दिन में 3-4 बार खून में ग्लूकोज का स्तर जांचना है और जरुरत के मुताबिक़ दो-तीन बार इन्सुलिन लेना है। परहेज से तो अब उसका चोली-दामन का साथ हो गया है।

हालांकि रिंकी यह नहीं जानती कि कैसे इस बीमारी ने उसे जकड़ा। इसी तरह उसके मज़दूर पिता और गृहिणी मां को केवल इतना पता है कि उसे शक्कर की बीमारी हो गई है? कैसे हो गई, कब हो गई, उन्हें भी कुछ नहीं पता। आमतौर पर डायबिटीज़ को अमीरों या ख़राब जीवनशैली की बीमारी माना जाता रहा है, लेकिन अब यह बीमारी मजदूर वर्गों तक भी आसानी से पहुंच रही है। रिंकी के पिता बताते हैं कि वे एक बार रिंकी को अस्पताल ले गए थे और वहां पर बताया गया था कि उनकी बेटी को शक्कर की बीमारी है। वे कहते हैं कि हम दोनों को तो यह बीमारी नहीं है और हमारे परिवार का इतिहास हमें पता नहीं। रिंकी के 5 भाई-बहनों में भी अभी केवल रिंकी इस बीमारी की चपेट में है।

भारत इस समय बच्चों में डायबिटीज़ बीमारी के चिंताजनक दौर से गुजर रहा है। 'इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन' (आईडीएफ) के 'डायबिटीज एटलस 2021' के आंकड़ों के अनुसार, भारत में 'टाइप-1 डायबिटीज मेलिटस' (टीआईडीएम) से पीड़ित बच्चों और किशोरों की संख्या दुनिया में सबसे ज्यादा है, जिसमें 24 लाख से अधिक बच्चे और किशोर (आयु वर्ग 0-19 वर्ष) तो केवल दक्षिण-पूर्व एशिया में ही हैं। टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित दुनिया का हर पांचवा बच्चा या किशोर भारतीय है। भारत में हर दिन 65 बच्चे या किशोर टाइप-1 डायबिटीज की चपेट में आ रहे हैं। ये कुछ आंकड़े हैं, जो बताते हैं कि भारत में टाइप-1 डायबिटीज कितनी बड़ी समस्या बनती जा रही है। टीआईडी सूचकांक ने अनुमान लगाया है कि अकेले भारत में 8.75 लाख बच्चे और किशोर टीआईडी से पीड़ित हैं और मध्यप्रदेश में रिंकी की तरह ही करीब 32,000 बच्चे डायबिटीज के शिकार हैं।

टाइप-1 डायबिटीज़, बच्चों में सबसे आम है, जो सभी जातीय समूहों के बच्चों में दो तिहाई नए मामलों के लिए जिम्मेदार है। यह 18 वर्ष की आयु तक 350 बच्चों में से एक को होती रही है; लेकिन अब इस घटना के प्रमाण बढ़े हैं, खासकर 5 साल से कम उम्र के बच्चों में। हालांकि टाइप-1 डायबिटीज़ किसी भी उम्र में हो सकती है, लेकिन आम तौर पर 4 साल से 6 साल की उम्र के बीच या 10 साल से 14 साल के बीच इसकी आशंका ज्यादा होती है। रिंकी भी जब इस बीमारी से ग्रसित हुई तब उसकी उम्र 4-5 साल के आसपास रही होगी।

यह विचित्र है कि मध्यप्रदेश में बच्चों में डायबिटीज़ के मामले आदिवासी क्षेत्रों से ही सामने आ रहे हैं। हालांकि मध्यप्रदेश विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों (पीवीटीजी), बैगा, भारिया और सहरिया की धरती है जो कि अभी भी पारम्परिक खाद्यान्न और जीवन जीने के लिए पारम्परिक तौर-तरीकों का ही उपयोग करते हैं। वैसे तो मध्यप्रदेश में आदिवासी समुदाय और उनके बच्चों में डायबिटीज़ पर कोई विशिष्ट अध्ययन नहीं हुआ है, लेकिन आदिवासी स्वास्थ्य पर 'अटल बिहारी नीति विश्लेषण एवं सुशासन संस्थान' की रिपोर्ट बताती है कि पिछले दो दशकों में यह प्रमाण ज्यादा मात्रा में मिलना शुरू हुए हैं।

जिस परिस्थिति से रिंकी गुजरती रही है वह है उसके स्तर की जानकारी का अभाव। मानक देखभाल की अनुपस्थिति या व्यवधान उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है और घातक भी हो सकता है। टीआईडीएम के साथ रहने वाले बच्चों और किशोरों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जो अपर्याप्त देखभाल और चिकित्सा सुविधाओं के कारण और भी बदतर हो जाती हैं। रिंकी कहती है कि स्कूल में सब बच्चे, सब कुछ, बहुत कुछ खाते हैं, लेकिन वह सब कुछ नहीं खा सकती। रिंकी को तो बहुत दिन यही समझने में लग गये हैं कि उसे ऐसा क्या हो गया है, जो उसे दूसरों से अलग कर देता है?

रिंकी जैसे बच्चों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए ही 'राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग' ने मार्च 2023 में ही राज्यों को एक पत्र लिखकर कहा कि चूंकि बच्चे दिन का एक तिहाई हिस्सा स्कूल में बिताते हैं, इसलिए यह सुनिश्चित करना स्कूलों का कर्तव्य है कि टीआईडीएम वाले बच्चों को उचित देखभाल और आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएं। आयोग ने कहा कि राज्य सरकारें यह सुनिश्चित करें कि टाइप-1 डायबिटीज़ वाले बच्चे को स्कूल में चिकित्सक की सलाह पर रक्त शर्करा की जांच करने, इंसुलिन का इंजेक्शन लगाने, मध्यान्ह भोजन या नाश्ता करने या अन्य देखभाल करने की आवश्यकता हो सकती है और कक्षा शिक्षक द्वारा ऐसा करने की अनुमति दी जानी चाहिए। आयोग ने यह भी लिखा कि बच्चा चिकित्सक की सलाह के अनुसार खेलों में भाग ले सकता है।

मध्यप्रदेश में रिंकी अभी तक तो इन सभी सुविधाओं से वंचित है, क्योंकि अभी तक राज्य सरकार ने इस मामले में कोई भी ठोस पहल नहीं की है। आयोग के पत्र का राज्य सरकार ने अपनी ओर से जवाब बनाकर अवश्य भेज दिया है, जिसमें जिलेवार संख्या बताई गई है। एनसीडी प्रोग्राम की प्रभारी डिप्टी डायरेक्टर डॉ.नमिता नीलकंठ ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने अभी तक तो इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग को कोई भी आधिकारिक पत्र नहीं लिखा है। ऐसे में रिंकी जिस स्कूल में पढ़ती हैं वहां उसको और उस जैसे बच्चों को ये सुविधायें मिलने में अभी और वक्त लगेगा। हालांकि उत्तरप्रदेश सरकार ने हाल ही में इस तरह के आदेश कर दिए हैं।

मध्यप्रदेश सरकार को बच्चों की डायबिटीज़ के मामले में पृथक नीतिगत पहल करने की आवश्यकता है। मध्यप्रदेश की मौजूदा स्वास्थ्य नीति, जो कि अभी भी प्रारूप ही है, में भी डायबिटीज़ अभी कोई ख़ास स्थान नहीं ले पाई है। केवल एक जगह इसका संदर्भ मिलता है। ऐसे में बच्चों की डायबिटीज़ पर सरकार की दृष्टि कब पड़ेगी, यह देखना काबिल-ए-गौर है। यह चुनावी साल है और ऐसे में मध्यप्रदेश में शिवराज सरकार चाहे तो बच्चों के स्वास्थ्य के नज़रिए से महत्वपूर्ण इस विषय पर संज्ञान ले सकती है। नहीं तो रिंकी और उसकी तरह हजारों बच्चे, जो कि पहले से ही डायबिटीज़ से पीड़ित हैं, सरकारी अवहेलना से भी पीड़ित नज़र आयेंगे।

(उन्होंने यह लेख 'रीच फेलोशिप' के तहत लिखा है।)
(लेखक भोपाल स्थित 'आवाज' संस्था से जुड़े हैं।)

> **मध्यप्रदेश में बच्चों में डायबिटीज़ के मामले आदिवासी क्षेत्रों से ही सामने आ रहे हैं। हालांकि मध्यप्रदेश विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों (पीवीटीजी), बैगा, भारिया और सहरिया की धरती है जो कि अभी भी पारम्परिक खाद्यान्न और जीवन जीने के लिए पारम्परिक तौर-तरीकों का ही उपयोग करते हैं। वैसे तो मध्यप्रदेश में आदिवासी समुदाय और उनके बच्चों में डायबिटीज़ पर कोई विशिष्ट अध्ययन नहीं हुआ है।**

## पावन प्रसंग

# जहां चाह वहां राह निकल आती है

परमात्मा ने सभी को एक से शारीरिक अंग-प्रत्यंग दिए हैं। यदि मनुष्य इनका उचित रूप से प्रयोग करे, तो कोई कारण नहीं कि जीवन क्षेत्र में अभीष्ट सफलता प्राप्त न हो सके। मनुष्य जिस प्रकार की इच्छा और आकांक्षा करता है, वैसी ही परिस्थितियां उसके निकट एकत्रित होने लगती हैं। आकांक्षा एक प्रकार की चुंबकीय शक्ति है, जिसके आकर्षण से अनुकूल परिस्थितियां खिंची चली आती हैं। जहां गड्ढा होता है, वहां चारों ओर से वर्षा का जल सिमट आता है और वह गड्ढा भर जाता है। किंतु जहां ऊंचा टीला होता, वहां भारी वर्षा होने पर भी पानी नहीं ठहरता। आकांक्षा एक प्रकार का गड्ढा है जहां सब ओर से अनुकूल स्थितियां खिंच-खिंचकर एकत्रित होने लगती है, जहां इच्छा नहीं, वहां कितने ही अनुकूल साधन मौजूद हों, पर कोई महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त नहीं होती।

संसार के इतिहास को उलटिए महापुरुष गरीबों के घर में पैदा हुए व्यक्ति ही मिलेंगे। देखा गया है कि गरीबों के घर के लड़के बड़ी-बड़ी उन्नतियां कर जाते हैं। अमीरों के लड़के ऐशोआराम की सामग्री सुगमतापूर्वक मिल जाने के कारण उनकी रूचि सुख भोगने में ही रह जाती है। किसी दिशा में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त करने की तीव्र अभिलाषा प्राय: उनमें नहीं होती। अभिलाषा के बिना पौरुष जाग्रत नहीं होता और पुरुषार्थ के बिना कोई महत्वपूर्ण सफलता कठिन है। गरीबों के लड़के अभावग्रस्त स्थिति में पैदा होते हैं, अपनी हीनता और दूसरों की उन्नति देखकर अंत:करण में एक आघात लगता है। इस आघात के कारण उनमें एक हलचल, बेचैनी उत्पन्न होती। उस बेचैनी को शांत करने के लिए वे उन्नत अवस्था में पहुंचने की आकांक्षा करते हैं। यह आकांक्षा ही उस, मार्ग पर ले दौड़ती है, जिस पर चलते हुए महत्वपूर्ण सफलताएं प्राप्त हुआ करती हैं।

गरीबी या अमीरी के साथ उन्नति की असफलता या संबंध जोड़ने का नहीं है। हमारा अभिप्राय केवल यह बताने का है कि जहां जिस वातावरण में इच्छा की, आकांक्षा की कमी रहेगी, वहां विभूतियां प्राप्त न हो सकेगी। जहां इच्छा होगी, अभिरुचि होगी; वहां पैसो का, साधनों का, सहयोग का अभाव भले ही हो, पर धीरे-धीरे अनुकूल वातावरण उत्पन्न हो जाएगा और गौरवास्पद सिद्धि मिलकर रहेगी। यदि संपन्न घर के व्यक्ति को किसी बात की उत्कट अभिलाषा हो, तब तो सोना और सुगंध का संयोग ही समझिए। गरीबों को उन्नति के लिए जिन साधनों को जुटाने में पर्याप्त परिश्रम करना पड़ता है, वे तो अमीरों को अनायास ही प्राप्त हुए होते हैं। इसलिए उनके लिए तो आगे बढ़ने में और भी अधिक आसानी होनी चाहिए।

मन में जो इच्छा प्रधानरूप से काम करती है, उसे पूरा करने के लिए शरीर की समस्त शक्तियां काम करने लगती हैं। निर्णय शक्ति, निरीक्षण शक्ति, अन्वेषण शक्ति, आकर्षण शक्ति, चिंतन शक्ति, कल्पना शक्ति आदि मस्तिष्क की अनेक शक्तियां उसी दिशा में अपना प्रयत्न आरंभ कर देती है. ये शक्तियां जहां सुप्तावस्था में पड़ी होती हैं या विभिन्न दिशाओं में बिखरी रहती हैं, तब मनुष्य की स्थिति अस्त-व्यस्त एवं नगण्य होती हैं, परंतु जब वे शक्तियां एक ही दिशा में कार्य करना आरंभ कर देती हैं तो एक जीवित चुंबकत्व तैयार हो जाता है। जैसे चुंबक पत्थर को कूड़े-कचरे में भी फिराया जाए तो धातुओं के जो टुकड़े इधर-उधर बिखर रहे होंगे, वे सब उससे चिपक जाएंगे। इस प्रकार विशिष्ट आकांक्षाएं मन में धारण किए हुए व्यक्ति अपनी आकर्षण शक्ति से उन सब तत्वों को ढूंढता और प्राप्त करता रहता है, जो लघु कणों के रूप में जहां-तहां बिखरे पड़े होते हैं। जब किसी बात की तीव्र इच्छा होती है पूर्ण करने के लिए साधनों की तलाश आरंभ होती है। अत: कोई न कोई उपाय निकल ही पड़ते हैं। आवश्यकता आविष्कार की जजनी है। जहां चाह होती है वहां राह निकल आती है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# शिक्षा को रोजगारपरक बनाने की आवश्यकता

सेन्टर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनामी की जनवरी 2023 में जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत में दिसम्बर 2021 तक बेरोजगारों की संख्या 5.3 करोड़ है, जिसमें 3.5 करोड़ लगातार काम खेज रहे हैं। भारत में रोजगार मिलने की दर बहुत कम है। ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी दर में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। जून, 2023 में यह 8.45 फीसदी के पार हो गई जबकि मई, 2023 में यह 7.68 फीसदी पर था। रोजगार सभी की जरूरत है। अधिकांश शिक्षित होकर रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं। इनमें कुछ तो नौकरी को प्राप्त कर लेते हैं परंतु अधिकांश इससे वंचित ही रह जाते हैं। जीवन में भोजन, कपड़ा व मकान सभी की जरूरत है। जिसका गुजारा रोजगार के बिना मुमकिन नहीं है। रोजगार से सिर्फ धन ही नहीं कमाया जाता है बल्कि प्रगति करने के मौके भी मिलते हैं। रोजगार हमें ज्ञान के साथ-साथ अपने क्षेत्र में कामयाब कैसे हो सकते हैं? यह भी सिखाता है।

वर्तमान समय में शिक्षा के बाद उसी क्षेत्र में नौकरी करने वालों की संख्या न के बराबर होती है। अक्सर मनुष्य को अपने क्षेत्र से अलग क्षेत्रों में कार्य करना पड़ता है। वर्तमान समय में शिक्षा को रोजगार से जोड़ा जाता है। जो व्यक्ति जितना अधिक शिक्षित या अनुभवी होता है नौकरी में उसका महत्व उतना ही अधिक होता है। लेकिन शहरों की अपेक्षा देश के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर आज भी बहुत खराब है। गांवों में न तो ढंग का स्कूल है और न ही उसमें बुनियादी सुविधाएं। यदि कुछ स्कूलों में होती भी है तो शिक्षक नियमित रूप से नहीं आते हैं। यदि सब कुछ सही होता है तो जागरूकता और शिक्षा के महत्व से अनजान अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजते हैं। जबकि कुछ अभिभावक इन समस्याओं के कारण अपने बच्चों को शहरों के स्कूलों में पढ़ाने के लिए मजबूर हो जाते हैं, लेकिन जो अभिभावक आर्थिक रूप से सक्षम नहीं होते हैं, उनके बच्चों को उन्हीं स्कूलों में पढ़ने की मज़बूरी होती है। इसका सबसे अधिक नुकसान किशोरियों को होता है जो पढ़ना तो चाहती हैं लेकिन शिक्षा की जर्जर व्यवस्था की उनके सपनों को तोड़ देता है।

पर्वतीय क्षेत्रों में शिक्षा के संसाधनों व जागरूकता की कमी पर अपने विचार रखते हुए खीमानन्द इंटर कॉलेज, सेलालेख के प्रधानाचार्य मोहनचन्द्र मेलकानी बताते हैं कि पर्वतीय क्षेत्रों में परिवार उच्च शिक्षा के महत्व से अछूते हैं। उनका ध्यान बच्चों की उच्च शिक्षा पर न होकर घर की आर्थिक स्थिति सुधारने में अधिक होता है। अत: इंटर की शिक्षा के बाद उच्च शिक्षा के स्थान पर प्राइवेट नौकरी के लिए बच्चों को बाहर निकलने का दबाव बनाया जाता है जिससे उनका पूरा ध्यान पैसा कमाने पर केन्द्रित हो जाता है और वह उच्च शिक्षा से वंचित होकर होटलों, दुकानों, फैक्ट्रियों व कंपनियों में मामूली सी तनख्वाह पर काम करने लग जाते हैं। दूसरी तरफ उच्च व तकनीकी शिक्षा इतनी महंगी भी हो गई है कि ग्रामीण समुदाय इस शिक्षा को अपने बच्चों को दिला पाने में सक्षम भी नहीं है।

ज़्यादातर युवा केवल डिग्री लेने के उद्देश्य से एडमिशन लेते हैं। किस विषय को लेने से रोज़गार प्राप्त करने में आसानी होगी, यह न तो छात्र जानते हैं और न ही उनके अभिभावक को पता होता है। ऐसे समय में उनका कोई मार्गदर्शन करने वाला भी नहीं होता है। जागरूकता की कमी के चलते भी पर्वतीय समुदाय के युवा रोजगार से वंचित रहते हैं। जबकि अभ्यर्थी की जिस विषय में रूचि हो, उन्हें इसकी विस्तृत जानकारी लेनी चाहिए। प्रो सिंह कहते हैं कि सरकार द्वारा युवा वर्ग को प्रशिक्षित करने के लिए कई सकारात्मक योजनाएं चलाई जा रही हैं जिनका सफल परिणाम भी देखने को मिला है। आईटीआई के प्लेसमेंट्स में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। अधिकतर ग्रामीण प्रतिभाएं विशेषकर मध्यम वर्गीय परिवार के बच्चे आगे नहीं बढ़ पाते हैं। इस पर शासन, प्रशासन व राजनीतिक दलों को गंभीरता से सोचना होगा। साथ ही व्यावसायिक प्रशिक्षण और कौशल विकास को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। डिजिटल मंच रोजगार शिक्षा को दिये जाने का सशक्त माध्यम है। जिसका लाभ उठाने की ज़रूरत है।

**गिरीश बिष्ट, रुद्रपुर उत्तराखंड**

देशबन्धु
संस्कारधानी
5 बिलासपुर
मंगलवार 8 अगस्त 2023

उल्टा पुल्टा

एक ग़रीब आदमी बोला- ऐसी जिंदगी से तो मौत अच्छी!
अचानक यमदूत आया और बोला- तुम्हारी जान लेने आया हूँ.
आदमी बोला- लो, अब ग़रीब आदमी मज़ाक भी नही कर सकता?

# सड़क नहीं तो वोट नहीं, घेरा कलेक्ट्रेट

## सड़क बदहाली से रोज हो रही दुर्घटनाओं पर जताया रोष

**बिलासपुर** 7 अगस्त (देशबन्धु)। मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी के विधानसभा क्षेत्र में ढेका से लेकर मानिकपुर धूमा सिलपहरी मोड़ तक साढ़े 5 किलोमीटर की सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। यहां वाहनों तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। धूमा सिलपहरी में उद्योगों के बड़े वाहनों के आवागमन से पिछले 8 साल में यहां सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। मरम्मत भी नहीं किया गया। 2015 में इस सड़क को बनाने के लिए 8 करोड़ का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया था लेकिन यह प्रस्ताव सरकार ने वापस कर दिया । अब गांव वालों ने कहा है कि सड़क नहीं तो वोट नहीं। गांव की महिलाएं और पंचों ने भी चुनाव बहिष्कार करने का ऐलान किया है। इधर कलेक्टर ने अधिकार पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को सड़क मरम्मत के निर्देश दिए हैं। धूमा मानिकपुर सिलपहरी के पंच सरपंच एवं अनेक ग्रामीण के ग्रामीण विधायक कृष्णमूर्ति बांधी के साथ कलेक्टर से मिलने पहुंचे। गांव वालों का कहना है कि पिछले कई साल से इस जर्जर सड़क को बनाने की मांग कर रहे हैं लेकिन जिला प्रशासन के अधिकारी इस सड़क की मरम्मत नहीं करा रहे हैं। भाजपा शासनकाल में इस सड़क का निर्माण 2014 मे हुआ था लेकिन



उसके बाद जर्जर सड़क में किसी कोई काम नहीं हुआ जिसकी वजह से आज जानलेवा सड़क के बनाने की मांग को लेकर काफी संख्या में ग्रामीण कलेक्टर के पास पहुंचे थे । विधायक डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी का कहना है कि उन्होंने भाजपा शासनकाल में इस सड़क को बनवाया था लेकिन उसके बाद सड़क पूरी तरह खराब हो चुकी है। गांव वालों का कहना है कि भाजपा ने 15 साल राज किया विधायक यहां से बांधी भी थे मंत्री भी बने थे अब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है। और भाजपा के विधायक हैं जब विधायक 3 किलोमीटर की सड़क नहीं बनवा पा रहे तो ऐसे विधायक की किस काम के। इस बार जो इस गांव की 3 किलोमीटर सड़क को बनवाएगा उसे ही इस गांव में वोट मिलेगा। सड़क नहीं बनने पर गांव वालों ने चुनाव बहिष्कार करने का निर्णय लिया। भाजपा शासन काल में आज से 19 साल पहले सड़क बनी थी और इस 19 साल में सड़क की मरम्मत नही किया गया नई सड़क नहीं बनी। पूर्व पार्षद एवं धूमा किसान हसमुखभाई कोठारी लगातार इस सड़क के मरम्मत कार्य को लेकर तथा नई सड़क बनाने की मांग को लेकर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कर रहे हैं लेकिन प्रशासन ने उनकी मांगों पर आज तक अमल नहीं किया। फागुन हसमुखभाई कोठारी अपनी बाइक से अपने गांव जाते हैं लेकिन कई बार इस जानलेवा सड़क में गिर चुके हैं उनके घुटने में चोट भी लगी है। कलेक्टर को भी अपनी आपबीती बताई लेकिन कलेक्टर पूर्व पार्षद की बात सुनने को तैयार नहीं है। किसी भी जनप्रतिनिधि को गांव के अंदर चुनाव प्रचार के लिए नहीं घुसने देंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से सरपंच ताराचंद देवांगन पूर्व सरपंच राकेश देवांगन, धूमा के सरपंच मोतीलाल गुप्ता उपसरपंच विवेक कुमार पटेल पंच गणों में सुरेंद्र पटेल, प्रीति शुक्ला, पूजा यादव, सीता यादव, सविता पटेल, आशा देवी रुक्मणी पटेल पटेल, गिरजा देवी, फूलदेवी, कविता इंदिरा पटेल आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय

### क्यों है मुश्किल इन्हें सड़कों से हटाना?

*पालतू मवेशियों को सड़कों पर छोड़ा जाना सिर्फ दुर्घटनाओं से जुड़ा हुआ नहीं है बल्कि यह उनकी देखभाल से भी जुड़ा है। शहरों में बड़ी संख्या में मवेशी सड़कों पर विचरते रहते हैं। चूंकि शहरों में फसलों की मवेशियों से सुरक्षा का कोई प्रश्न नहीं है इसलिए जहां कोई रोका-छेका भी नहीं है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने आवारा मवेशियों से फसलों की सुरक्षा के लिए रोका-छेका अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत आवारा मवेशियों को गौठानों में रखकर उनसे होने वाली क्षति से फसलों को बचाना है। आवारा मवेशियों को सड़कों विचरण करते हर जगह देखा जा सकता है। इन मवेशियों के कारण कई बड़ी दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। इन दुर्घटनाओं में मवेशी भी मारे जाते रहे हैं। इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए एक जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने ऐसे मवेशियों को सड़कों से हटाने का निर्देश राज्य शासन को दिया है। मुख्य सचिव ने सभी कलेक्टरों को इस निर्देश पर पूरी गंभीरता से अमल करने को कहा है, लेकिन इसे प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया जा सका है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर बसे शहरों में इस तरह की कार्रवाई हो रही है। मवेशियों को पकड़ा जा रहा है कि शहरों से बाहर छोड़ दिया जा रहा है। उन्हें स्थाई रूप से रखने व देखभाल की उचित व्यवस्था नहीं की जा रही है। शहरों की प्रायः सड़कों पर ऐसे आवारा मवेशी आज भी विचरण कर रहे हैं। मवेशियों को सड़कों पर छोड़ने वाले पशुपालकों के विरूद्ध कड़ी चेतावनी का भी उन पर कोई असर नहीं हुआ है। बिलासपुर में आवारा मवेशियों की समस्या बहुत गंभीर है। हाईकोर्ट भी इसी शहर में है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित हाईकोर्ट के जजों को भी सड़कों पर डेरा डाले मवेशियों बचकर आना-जाना पड़ता है। हाईकोर्ट के अधिकारियों ने जब नगर निगम को आवारा मवेशियों को सड़कों से हटाने का निर्देश दिया तो इन मवेशियों को पकड़कर गोकुलनगर की सड़कों पर छोड़ दिया गया। ये मवेशी अब वहां भी एक समस्या बन चुके हैं। बारिश के इस मौसम में ये मवेशी सड़कों पर जमे रहते हैं। लोगों से सड़कों से निकलना मुश्किल हो जाता है। गोकुल नगर में कई घोषित, अघोषित डेयरियां भी हैं। डेयरियों की गायें भी सड़कों पर छोड़ दी जाती हैं। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि डेयरी के भीतर रखने से होने वाली गंदगी की सफाई करने की जहमत न उठानी पड़े। मवेशी बारिश में भीगते हुए सड़कों पर पड़े रहते हैं। गोकुल नगर में नगर निगम ने दो करोड़ की लागत से सीसी रोड का निर्माण कराया है। यह सड़क शाम ढलने के साथ गौठान सा नजर आती है। सुबह सड़क पर गोबर ही गोबर। नगर निगम के अधिकारियों को यहां की सड़कों से मवेशियों को हटाने की कोई जरूरत महसूस नहीं होती। यहां सड़कों से मवेशियों को हटाने के निर्देश का पालन कराना जरूरी नहीं है? सड़क सुरक्षा के साथ ही मवेशियों की देखभाल का काम करने वाली संस्थाओं को भी यह देखना चाहिए। राज्य सरकार ने पशुपालन को आय का जरिया बनाने के लिए गोधन न्याय योजना चला रही है। पशुपालकों से दो रूपए किलो की दर से गोबर की सरकारी खरीदी हो रही है। शहरी पशुपालकों को इस योजना में कोई रूचि नहीं है।*

## सार-संक्षेप



### चंद्रा विकास समिति की अनीता बनी सावन सुंदरी

**बिलासपुर** , 7 अगस्त (देशबन्धु)। 6 अगस्त को चंद्रा सामुदायिक भवन त्रिवेणी नगर जबड़ा पारा सरकंडा बिलासपुर में चंद्रा समाज की बीसी ग्रुप महिलाओं द्वारा सावन उत्सव व फ्रेंडशिप डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अनीता चंद्रा को सर्वसम्मति से सावन सुंदरी चुनी गई। इस कार्यक्रम में पौधारोपण के साथ ही विभिन्न खेलों एवं सभी महिलाओं ने नृत्य कर इस उत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया । कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती हेमा चंद्रा, सचिव लखेश्वरी चंद्रा तथा कार्यक्रम में सभी बहनों गंगा, विमला, सरोज, सनत, उषा, पूर्णिमा, लक्ष्मी, स्वाति, अनीता, सुनीता, कोमल, रोशनी, प्रीति, भगवती, पुष्पलता, कुमारी, पूर्णिमा कपिल का सराहनीय योगदान रहा।

### शांता फाउंडेशन ने छात्रा को दी स्टेशनरी



**बिलासपुर**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। न्यायधानी स्थित समाजसेवी संस्था शांता फाउंडेशन बिलासपुर के द्वारा बिलासपुर से 40 किलोमीटर दूर कोटा क्षेत्र के कोटसागर निवासी छात्रा का नाम संशोधित किया गया है (प्रीति) जो की बायोलॉजी की छात्रा 11वीं क्लास की पढ़ाई करती है उनके परिवार की आर्थिक स्थिति खराब है इस वजह से उनको आर्थिक सहायता की आवश्यकता रही। इस वजह से शांता फाउंडेशन के द्वारा स्टेशनरी सामान, पाठ्यपुस्तक, गाइड, रजिस्टर, बैग इत्यादि प्रदान कर अपनी समाज में कर्तव्य निर्वहन किए हैं। शांता फाउंडेशन के सदस्य जसमीत टुटेजा ने कहा कि शिक्षा समाज की प्रथम प्राथमिकता है जिसे देखते हुए प्रतिवर्ष जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को स्कूलों में एवं अन्य जगह जहां छात्र-छात्राओं को आवश्यक है वहां पहुंचकर हमारी संस्था के द्वारा पढ़ने वाले बच्चों के लिए पाठ्य पुस्तक सामग्री, स्टेशनरी सामग्री एवं कपड़ों का वितरण की जाती है, एवं यह कार्य निरंतर चलता ही रहेगा। इस दौरान नीरज गेमनानी, रुपाली पाण्डेय, शोभा खांडे, शुभम पाण्डेय, शुभम श्रीवास, दानेश्वर राजपूत उपस्थित रहे।

### चंचल सलूजा को मिला बेस्ट रोटरी सिटी कोऑर्डिनेटर सम्मान

**बिलासपुर** , 7 अगस्त (देशबन्धु)। बिलासपुर जनसेवा कार्य में अग्रणी रहने वाले चंचल सलूजा को रोटरी के छत्तीसगढ़ डिस्ट्रिक्ट 3261 बेस्ट सिटी कोऑर्डिनेटर के अवार्ड से नवाजा गया है.. आज छत्तीसगढ़ भिलाई होटल अमित पार्क इंटरनेशनल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जन सेवा कार्य में अग्रणी रूप से तत्पर रहने वाले बिलासपुर के रोटरी सिटी कोऑर्डिनेटर चंचल सलूजा को रोटरी क्लब के पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुनील रस्तोगी 3261 द्वारा सम्मानित कर वर्ष 22-23 बेस्ट सिटी कोऑर्डिनेटर का अवार्ड दिया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के अलग-अलग रोटरी क्लब की अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, रमेश जोबनपुत्रा, सत्यजीत बॉस, अमित चक्रवर्ती, श्रीमती पायल लाठ, मौजूद रहे। जहां चंचल सलूजा को लोगों के बीच कोऑर्डिनेट करने और जनसेवा में तत्पर रहने के लिए सम्मानित किया गया।



# ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के निःशुल्क नेत्र एवं जांच शिविर में 340 मरीज लाभान्वित

**बिलासपुर**,7 अगस्त ( देशबन्धु) । सूफी-संत हजरत बाबा सैय्यद इंसान अली शाह के महीना उर्स के मौके पर शनिवार को सामाजिक संस्था ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन बिलासपुर संभाग के द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन लुतरा शरीफ दरगाह परिसर में किया गया। शिविर में रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ हॉस्पिटल के प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक मोहम्मद फिरोज एवं शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीपत, मस्तूरी के चिकित्सक डॉ. डीआर यादव की टीम ने मोबाइल आई चेकअप यूनिट के आधुनिक मशीनों के माध्यम से 3 सौ 40 महिला, पुरुष एवं बच्चों का सफल नेत्र परीक्षण किया। इस दौरान मरीजों को फ्री में दवाइयां बांटी गई वही 1 सौ 20 जरूरतमंद लोगों में निःशुल्क चश्मा



का वितरण भी गया है। मस्तूरी विकासखंड के नवनियुक्त अनुविभागीय अधिकारी एवं लुतरा शरीफ दरगाह प्रभारी बजरंग सिंह वर्मा, डिप्टी कलेक्टर जिला उप-निर्वाचन अधिकारी महेश कुमार शर्मा ने ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन संस्था के चेयरमेन मोहम्मद सिराज, संभाग प्रभारी हाजी मोहम्मद जुबैर और दरगाह के व्यवस्था प्रभारी हाजी मोहम्मद इक़बाल हक़ एवं रोशन खान के साथ शिविर स्थल का निरीक्षण किया और डॉक्टरों से मरीजों के विषय मे जानकारी ली। अधिकारियों ने संस्था द्वारा किए जा रहे इस पुनीत कार्य के लिए खूब सराहना की और पूरी टीम को बधाई दिया। फाउंडेशन के अध्यक्ष मोहम्मद सिराज और संभाग प्रभारी हाजी मोहम्मद जुबैर ने बताया कि हमारा संगठन ख़िदमत ए ख़ल्क, के उद्देश्य से काम करती है।

# रेल हादसों को रोकने वाले तीन लोको पायलटों को डीआरएम ने संरक्षा पुरस्कार से किया पुरस्कृत

**बिलासपुर**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। मंडल रेलवे प्रशासन द्वारा गाडियों की सुरक्षित एवं संरक्षित परिचालन सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार प्रयास हो रहा है। इसके अंतर्गत नियमित रूप से संरक्षा संगोष्ठी, विशेष संरक्षा अभियान सहित अनेक जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। इसके अलावा मंडल क्षेत्राधिकार के अंतर्गत ड्यूटी के दौरान सजगता एवं सतर्कता के साथ संरक्षित कार्य करने वाले संरक्षा कोटि के कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने हेतु संरक्षा पुरस्कार भी प्रदान किया जा रहा है। इसी कड़ी में विगत दिनों अपनी ड्यूटी के दौरान असामान्य परिस्थिति को भांपते हुये सर्व संबंधितों को सूचना देकर संभावित दुर्घटना को टालने एवं संरक्षित रेल परिचालन में सराहनीय भूमिका निभाने वाले लोको पायलट बिलासपुर जूड़ बास्टिन सहायक लोको पायलट बिलासपुर निखिल सोनी व लोको पायलट बिलासपुर अजीत कुमार को संरक्षा पुरस्कार के लिए चयनित किया गया । आज मंडल रेल प्रबंधक सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय ने इन सभी संरक्षा प्रहरियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा इनकी उत्कृष्ट, सराहनीय व संरक्षित भरे कार्य की प्रशंसा की गई तथा इसी उत्साह के साथ भविष्य में भी कार्य करते रहने की शुभकामनायें दी गई । इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक योगेश कुमार देवांगन, श्री देवराज सहित सभी शाखाधिकारी उपस्थित थे।



# संसदीय सचिव रश्मि ने स्कूली बच्चों को बांटे प्रमाण पत्र

## एक ही दिन में 6 हजार से ज्यादा प्रमाण पत्रों का वितरण

**बिलासपुर**, 7 अगस्त ( देशबन्धु) । राज्य शासन द्वारा स्कूली बच्चों को आसानी से जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी के फलस्वरूप आज तखतपुर अनुविभाग अंतर्गत स्कूली बच्चों को एक ही दिन में 6 हजार 506 प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

इसमें तहसील तखतपुर के 1686, सकरी एवं गनियारी के 4820 प्रमाण पत्र शामिल है। संसदीय सचिव एवं तखतपुर विधायक श्रीमती रश्मि आशीष सिंह ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सकरी में आयोजित कायक्रम में बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किया। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रयास से जिन 12 जातियों के किन्हीं कारणों से जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पाते थे, उनके जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए भी प्रावधान किया गया है। राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ की पारंपरिक खेलकूद को संरक्षित करने एवं उन्हें आगे बढ़ाने



के लिए प्रदेश भर में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी से प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने कहा। कार्यक्रम में श्रीमती सिंह ने बच्चन बाई स्वामी आत्मानंद स्कूल सकरी की वार्षिक पत्रिका "प्रवाहिका" का विमोचन भी किया। उल्लेखनीय है कि विगत कुछ दिनों से तहसील के पटवारियों, शिक्षकों तथा अधिकारियों द्वारा लगातार शिविर लगाकर स्कूली बच्चों के प्रमाण पत्र बनाए जाने हेतु फॉर्म भरवाए जा रहे थे, इसी क्रम में आज एक साथ सभी प्रमाण पत्र उनके स्कूलों में ही वितरित किया गया। शेष प्रमाण पत्र संकुल समन्वयकों तथा हल्का पटवारियों के माध्यम से उनके स्कूलों में ही वितरित किया गया।



# एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता नीलेश ने किया जनसंपर्क

**बिलासपुर**,7 अगस्त ( देशबन्धु) । राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नीलेश बिस्वास ने आज शहर के कई वार्डो में जनसंपर्क अभियान चलाया। जहा वे जनता की समस्याओं से रूबरू हुए। वही एन सी पी पार्टी के विचारों को आमजन से साझा किया। एन सी पी के प्रदेश प्रवक्ता नीलेश बिस्वास ने आज चाटीडीह ईरानी मोहल्ला सहित अन्य जगहों में वार्ड में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उनके साथ एन सी पी के दर्जनों कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। नीलेश बिस्वास ने बताया कि वार्डो में जनसंपर्क के दौरान आम जनता नाली पानी साफ सफाई सड़क सहित अन्य मुद्दों को लेकर शिकायत कर रही हैं। शहर में जगह जगह सड़कों को खोद दिया गया है। जिससे उसमे पानी का जलभराव हो रहा हैं वही लगातार हादसे भी हो रहे हैं। वार्डो में साफ सफाई नहीं होने से मौसमी बीमारियों के प्रकोप हैं। आमजन को शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिससे जनता बहुत ही परेशान हैं। आने वाले दिनों में विधानसभा चुनाव होने को है जिसमें जनता जवाब देगी।

# महिला व बच्चों से जुड़े अपराधों को गंभीरता से लें-आईजी

## गुण्डा-बदमाशों पर कड़ी नजर रखे

## समंस-वारंट की शत-प्रतिशत तामीली सुनिश्चित करने दिये निर्देश

**बिलासपुर**,7 अगस्त ( देशबन्धु) । डॉ0 आनंद छाबड़ा, पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर द्वारा रेंज अंतर्गत जिला बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर-चाम्पा, मुंगेली और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही के पुलिस अधीक्षकों की बैठक ली गई, जिसमें आगामी दिनों में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर जिलों में होने वाले व्ही.व्ही.आई.पी./व्ही.आई.पी. के प्रवास के दौरान सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने सहित जिले में लंबित महिला व बच्चों संबंधी लंबित अपराधों, लघु अधिनियम व प्रतिबंधक कार्यवाही, समंस-वारंट की तामीली, निगरानी और गुण्डा-बदमाश आदि विषयों की समीक्षा की गई तथा महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये गये।

पुलिस महानिरीक्षक द्वारा जिलों में की गई लघु अधिनियम व प्रतिबंधक कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुए अवैध शराब, जुआ-सट्टा एवं मादक पदार्थों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु सख्त कार्यवाही किये जाने सहित लंबित गैर जमानती और स्थायी वारंटों की तामीली अभियान चलाकर किये जाने निर्देशित किया गया। जिलों में समंस/वारंट की शत-प्रतिशत तामीली सुनिश्चित कराने, आदतन अपराधियों तथा असामाजिक तत्वों को चिन्हांकित कर उन पर प्रभावी कार्यवाही किये जाने एवं उनकी गतिविधियों पर नजर रखे जाने निर्देश दिये गये। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा पुलिस की क्षेत्र में प्रभावी उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा आम जनजीवन को प्रभावित करने वाले तत्वों पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही किये जाने निर्देशित किया गया। महिला, बच्चों एवं कमजोर वर्ग के मामलों को गंभीरता से लेकर त्वरित कार्यवाही किये जाने तथा आम जनता की रिपोर्ट और शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही किये जाने सहित लंबित अपराधों की समीक्षा की जाकर समयबद्ध निराकरण किये जाने निर्देशित किया गया। आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत सीमावर्ती जिलों के साथ-साथ सीमा से लगे दीगर राज्य के जिलों के साथ भी अपराधियों व असामाजिक तत्वों की जानकारी साझा करते हुए आपसी समन्वय कर कार्यवाहियां करते हुए अवैधानिक कार्यों पर अंकुश लगाये जाने निर्देशित किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चाम्पा विजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मुंगेली चंद्रमोहन सिंह, पुलिस अधीक्षक गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही योगेश कुमार पटेल एवं अति.पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा उपस्थित रहे।



## सार-संक्षेप

### चोरों ने सूने घर को बनाया निशाना



**कोरबा,** 07 अगस्त (देशबन्धु)। सिविल लाइन थाना क्षेत्रांतर्गत आवासीय कालोनी के एक सूने मकान से पिछली रात चोरी हो गई। मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर इस वारदात को अंजाम दिया गया। चोरों ने यहां से क्या-क्या सामान पार किया है इसकी जानकारी अभी पुलिस को भी नहीं मिल सकी है।

जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना रामपुर क्षेत्र अंतर्गत डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर कालोनी के एलआईजी-104 में चंद्रकांत प्रसाद व उनकी पत्नी निवास करते हैं। चंद्रकांत रायगढ़ में किसी फैक्ट्री में पदस्थ है और पत्नी डाक विभाग में कर्मचारी है। चंद्रकांत बीच-बीच में कोरबा आते हैं। पिछली रात चंद्रकांत की पत्नी घर पर अकेले होने के कारण कालोनी में ही निवासरत अपनी मां के घर सोने गई थी। वो अक्सर ऐसा पहले भी करती रही है। कल रात सूने घर का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने मुख्य दरवाजे के कुंदा को उखाड़ कर एवं दरवाजे को तोड़कर भीतर प्रवेश किया तथा आलमारी को खोलकर सामानों की चोरी की। आज सुबह करीब 7 बजे जब चंद्रकांत की पत्नी घर लौटी तो ताला टूटा देख चोरी का आभास हुआ। आसपास के लोगों को बताने के साथ ही दोपहर के वक्त पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर नवपदस्थ टीआई मृत्युंजय पाण्डेय मातहतों के साथ पहुंचे। अपने स्तर पर जांच-पड़ताल के साथ ही महिला से पूछताछ किया। महिला ने अपने पति के लौटने पर चोरी गए सामानों की जानकारी दे सकने व एफआईआर कराने की बात कही। इस बीच बारिश भी शुरू हो गई। सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोरों का सुराग तलाशने के लिए खोजी डॉग बाघा की भी मदद ली जो रिमझिम बारिश के मध्य घटनास्थल लाया गया। उसने अपने स्तर पर सुराग तलाशने का काम किया। सिविल लाइन टीआई ने बताया कि घर से क्या-क्या चोरी हुआ है, इसकी जानकारी अभी नहीं दी गई है। इस मामले में सूचना मिलने पर हमने मौके पर जाकर तस्दीक किया, कोई एफआईआर अभी दर्ज नहीं कराई गई है।

### निःस्वार्थ मित्र बड़ी से बड़ी समस्या को दूर कर के भी कुछ न कहेगा : श्यामसुंदर



**कोरबा-हरदीबाजार,** 07 अगस्त (देशबन्धु)। कटघोरा विधायक पुरूषोत्तम कंवर के निवास पर आयोजित हो रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के सातवें और अंतिम दिवस व्यास पीठ से कथावाचक डॉ. श्याम सुंदर पाराशर ने सुदामा चरित्र और भागवत सार का रसपान कराया।

महाराज ने कहा कि मित्रता हो तो सुदामा और भागवान श्री कृष्ण जैसी। भागवान भक्त के मन की बात जान लेते हैं। मुंह से अपनी पीड़ा न कहते, फिर भी मित्र सुदामा को महलों का सुख दे दिया। धन-धान्य से भर दिया। कहने का तात्पर्य यह है कि मित्र ऐसा हो जो बिना बताए ही मित्र के दीन-हीन दशा, किसी समस्या में होने को जान ले और उसे अपना समझ कर साथ दें। भागवत कथा जीवन को तारने वाली है,जीवन की सच्चाई से समाना कराकर उससे मुक्ति देने वाली है। महराज पाराशर ने पूर्व विधायक बोधराम कंवर को सद्गृहस्थ सन्यासी की संज्ञा देते हुए कहा कि बोधराम जैसा उनका नाम है वैसी उनकी प्रवृत्ति है। उन्हें सब बोध है उनके साथ राम हैं। कथा के अंतिम दिवस पर राजस्व मंत्री ने पहुंच कर भागवताचार्य से आशीर्वाद लिया और कथा श्रवण किया। उनके साथ पूर्व विधायक बोधराम कंवर, दयाराम कंवर,धनंजय कंवर, मदनमोहन सिंह,रामशरण कंवर,विजय भूषण कंवर,प्रमीला कंवर,मीराकंवर ,रमेश अहीर, पुष्पेंद्र शुक्ला, श्यामू जायसवाल,चंद्रहास राठौर, मदनलाल राठौर, भैयाराम यादव, कन्हैया राठौर, इंद्रपाल सिंह कंवर,कौशल श्रीवास,प्रभा सिंह तंवर,संतोष राठौर , राजकिशोर प्रसाद संतोषी पाटले, हीरा महराज,उत्तम दुबे, रामकुमार कंवर, भूपेंद्र तिवारी चंद्रपुर,पवन शर्मा,मदन राजपूत,उषा राठौर,रश्मि सिंह, अंजना जायसवाल, ठाकुर देवेंद्र सिंह, विकास सिंह,अशोक दुबे,अंतराम डिक्सेना, कुलदीप राठौर,विजय जायसवाल,कदम यादव, सत्या कंवर, श्रवण कश्यप, प्रताप राठौर, टीडी वैष्णव, एसएस शुक्ला,देवी पटेल, हरनारायण यादव,संजय पांडे,किशोर यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी श्रवण करने पहुंचे थे।

### युवक की करंट से मौत

**कोरबा,** 07 अगस्त (देशबन्धु)। करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से जिल्गा गांव में एक 26 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक का नाम देव प्रसाद राठिया है,जो नदी किनारे मौजूद खेत में काम कर वापस लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में करंट प्रवाहित तार गिरा हुआ था जिसे वह नहीं देख सका। तार पर पांव पड़ते ही उसे करंट का जबरदस्त झटका लगा जिससे मौके पर मौत हो गई। स्थानीय लोगों की नजर जब देव प्रसाद पर पड़ी तब पुलिस को मामले से अवगत कराया गया। सूचना उपरांत श्यांग थाना प्रभारी आदित्य कुमार मौके पर पहुंचे। मर्ग पंचनामा की कार्रवाई उपरांत शव को पोस्टमार्टम उपरांत परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### सावन के झूले का आनंद लिया महिलाओं ने



**कोरबा,** 07 अगस्त (देशबन्धु)। सावन माह के बीते शनिवार को पावर इंपेरिया के महिलाओं ने हर्ष उल्लास के साथ सावन झूले का आनंद लिया। श्रीमती कल्पना मिश्रा, तारा सोनी,राज कौर,बबली, प्रतीमा पारेख, रश्मि,नीता,विनिता, रेखा, भारती, रेनू, रिंकू, रजनी, रूमित, अर्चना,दिशा,मधु,सोनल,चिनाशा, अर्चना सिंह,किरण, मिकी, अन्नू, जागृति गुप्ता, जागृति सिन्हा, गायत्री, शीला साहू, रंजीत, रेनू यादव,सुमन, डाली, श्रेशी, मोहिनी, सरिता, नमिता आदि उपस्थित रहे।

# गलत शपथ पत्र पर बर्खास्त शिक्षिका की बहाली कैसे?

## जांच और जांच तक निलंबन की उठी मांग



**कोरबा,** 07 अगस्त (देशबन्धु)। गलत शपथ पत्र देने के मामले में एक सहायक शिक्षिका को सेवा से पृथक कर दिया गया। इस कार्यवाही के बाद उसकी बर्खास्तगी को स्थगित किया गया और उसने पुनः ज्वाइनिंग कर लिया है। इस मामले में युवा कांग्रेस ने जिलाधीश व अन्य अधिकारियों को ज्ञापन सौंप कर जानना चाहा है कि आखिर बहाली किस आधार पर की गई इसकी जांच कराई जाए तथा जांच होने तक शिक्षक को निलंबित रखा जाए।

जानकारी के अनुसार जिले के विकासखंड कटघोरा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला गेवरा बस्ती में सहायक शिक्षक एलबी श्रीमती राधा कश्यप पदस्थ रही। उनके विरूद्ध शिकायत हुई थी कि अनुकम्पा नियुक्ति हेतु विवाहित होने के बावजूद भी कुमारी शब्द का उपयोग किया गया एवं 40 वर्ष होने के बावजूद वर्ष 2006 में 36 वर्ष की आयु बता कर गलत शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया। जांच उपरांत उन्हें छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 10 (9) व 19 (क) के तहत जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय कोरबा के द्वारा 27 फरवरी 2023 को सेवा से पदच्युत (बर्खास्त) कर दिया गया। इस मामले में सहायक शिक्षिका के द्वारा अपने स्तर पर अपील की गई जिसमें कार्यालय संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग बिलासपुर के द्वारा जारी आदेश 7 जून 2023 के तहत जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा के आदेश को स्थगित किया गया। इस आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी ने कटघोरा विकासखंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि राधाबाई कश्यप को कार्यभार ग्रहण कराया जाए। इस आधार पर खंड शिक्षा अधिकारी ने 22 जून को उन्हें शासकीय प्राथमिक शाला गेवरा बस्ती के लिए कार्यमुक्त किया। इस मामले को लेकर भारतीय युवा कांग्रेस के कटघोरा विधानसभा पूर्व महासचिव मुकेश सिंह उषरवर्षा ने जिलाधीश, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला पुलिस अधीक्षक के नाम एडीएम प्रदीप कुमार साहू को ज्ञापन सौंपते हुए कहा है कि राधा बाई कश्यप को बर्खास्त करने के उपरांत बहाल कर दिया गया है जो पूरी तरह से शासन-प्रशासन के नियमों को ताक पर रख कर हुआ है। मांग की गई है कि मामले में त्वरित संज्ञान लेकर शिक्षिका की सेवा समाप्त की जाए एवं अपराध पंजीबद्ध किया जाए। जांच के साथ ही इन्हें बहाल करने वाले अधिकारी को भी निलंबित किया जाना चाहिए।

# 3 दशक पुराना परियोजना कार्यालय और 35 आंगनबाड़ी केन्द्र हुए जर्जर






## कार्यालय की फाइलों और कम्प्यूटर को बचाने पन्नी का सहारा

**कोरबा,** 07 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में अनेक सरकारी दफ्तरों का हाल बदहाल है। 3 दशक पूर्व निर्मित कई भवन अपनी बदहाली के आंसू रो रहे हैं और बरसात के इस मौसम में समस्या और बढ़ गई है। ऐसे ही बदहाल दफ्तरों में शामिल हैं एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग के अधीन संचालित परियोजना कार्यालय करतला का भवन। वर्ष 1994-95 में परियोजना कार्यालय के इस भवन का निर्माण कराया गया था। वर्तमान में यह भवन जर्जर स्थिति में होने के कारण शासकीय कार्य में असुविधा हो रही है। भवन का छत अति जर्जर होने के कारण मरम्मत योग्य नहीं है। इसके फलस्वरूप बरसात के दिनों में पानी का रिसाव होने के साथ-साथ बीच-बीच में छत का छज्जा भी टूट कर गिर रहा है। आगामी वर्षाऋतु में स्थिति और भी खराब हो सकती है तथा अप्रिय घटना की भी आशंका बनी रहती है। कार्यालय के समस्त रिकार्डों और कम्प्यूटर को बचाने के लिए छत के नीचे प्लास्टिक बांधा गया है लेकिन यह भी कारगर नहीं हैं, क्योंकि पानी भर जाने से उसे निकालना काफी रिस्क भरा होता है। इससे रिकार्डों व कम्प्यूटर के भीगने की संभावना बनी रहती है।

इस संबंध में परियोजना अधिकारी रागिनी बैस के द्वारा अपने अधिकारियों को अवगत कराने के साथ-साथ जनपद सीईओ करतला तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग करतला के अभियंता को पत्र लिख कर अवगत कराते हुए इंजीनियर द्वारा भवन का अतिशीघ्र मूल्यांकन कराने का आग्रह किया गया है ताकि कार्यालय का सुचारू संचालन करने हेतु किराए का भवन स्वीकृत कराने की कार्यवाही की जा सकें। परियोजना कार्यालय के अधीन संचालित 35 आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवन भी पूर्ण रूप से जर्जर हो चुके हैं। इन केन्द्र भवनों का निर्माण वर्ष 1994-95 में कराया गया था। सुनिश्चित रोजगार योजना, विश्व बैंक एसआरवाय मद से इन आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों का निर्माण कराया गया था। करतला परियोजना के अंतर्गत ग्राम करतला, चाम्पा, नवाडीह, टेम्पाभांठा-1, फत्तेगंज, नवापारा, बोतली, जूनापारा बोतली-1, घिनारा, बैगापारा घिनारा-1, बनियापारा, नोन., डोंगाआमा, श्रीमार-1, कोटमेर, बहेराभाठा जूनवानी, दैहानभाठा, खूंटाकुड़ा-1, रीवाबहार, भाठापारा तुमान, लबेद, सुपातराई, कंवरपारा रामपुर, बरकोन्हा, नोनदरहा, खाल्हेपारा नोनदरहा, पठियापाली, जामपानी, छातापाठ, जोबापारा, गिधौरी, धनवारपारा गिधौरी, जोगीनगर, दादरभाठा, औराई व गनियारी के केन्द्र पूर्ण जर्जर घोषित हो चुके हैं। किराए के मकानों में ये केन्द्र संचालित हो रहे हैं जिन्हें खुद के भवन की दरकार है।

### स्वास्थ्य शिविर में 300 मरीजों का हुआ परीक्षण




**कोरबा,** 07 अगस्त (हाईवे चैनल)। विश्व का प्रथम आदिवासी शक्ति पीठ बुधवारी बाजार द्वारा दो दिवसीय आदिवासी दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके तहत चिकित्सा शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत गढ़ उपरोड़ा में किया गया। शिविर में 8 विशेषज्ञ डॉक्टरों ने लगभग 300 मरीजों का परीक्षण किया। शिविर को सफल बनाने में शंभू शक्ति सेना व स्थानीय लोगों के साथ-साथ पंच, सरपंच मुखियागणों ने सहयोग दिया। इस अवसर पर महासचिव एमपी सिंह, छात्रावास अधीक्षक श्री राज, गंगा सिंह कंवर, डॉ. एलआर गौतम, डॉ. वीडी नायक, डॉ. ब्रजेश सिदार, डॉ. बृजलाल कराची, डॉ. संजय राम चेरवा, कमलेश कुमार पोर्ते, डॉ. लीलाधर सिंह, डॉ. रूद्रपाल सिंह कंवर, पूर्व विधायक श्यामलाल कंवर, सेवकराम मरावी, रमेश सिरका, बीएम धुर्वे, बहुरसिंह, सरजू सरोटिया, जंगोरायतार मातृशक्ति संघ से सुमन नेताम, कृष्णा राजेश, लक्ष्मी मरावी, रमा राज विमला कंवर, प्रोफेसर रमोला कोराम, मोना ध्रुव, विनीता पोर्ते, कुसुम मरकाम, सुनीता सिरका, निशा मांझी आदि उपस्थित थे।

## यू-ट्यूब लिंक से कमाने के चक्कर में गंवाए 1.31 लाख

**कोरबा,** 07 अगस्त (देशबन्धु)। शार्ट-कर्ट तरीके से रुपए कमाने के चक्कर में और सोशल मीडिया पर बुने गए झांसे के ताना-बाना में उलझ कर एक व्यक्ति 1 लाख 31 हजार रुपए गंवा बैठा। वह 2 लाख रुपए और गंवा देता लेकिन इससे पहले उसे ठगे जाने का आभास हो गया।

मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्रांतर्गत हाउसिंग बोर्ड कालोनी रामपुर ब्लाक-15सी के निवासी राजेश बरवे पिता स्व. बीएल बरवे 49 वर्ष के साथ घटित हुआ। उसने इनडीड डॉट कॉम में नौकरी के लिए अपना बायोडाटा डाला था। उसने वाट्सअप मोबाइल नंबर 84365-552948 से उसके वाट्सअप पर मैसेज आया और खुद को कंपनी का एचआर बताया। इसके बाद एक टेलीग्राम ग्रुप नंबर 2262023 बायोकोनॉमी फास्ट को ज्वाइन कराया गया। इसके बाद टेलीग्राम ग्रुप में यूट्यूब लिंक भेजा जाता रहा जिसे ओपन करने के बाद लाइक कर स्क्रीन शॉट एचआर को भेजना होता था। इसके एवज में 1 लाइक के बदले 50 रुपए मिलना बताया गया। ज्यादा राशि कमाने के लिए अलग-अलग टॉक्स भेजा जाने लगा। राजेश बरवे को ज्यादा पैसे निवेश करने का प्रलोभन दिया गया और कथित एचआर के द्वारा बताए गए यूपीआई एकाउंट नंबर में 12 हजार रुपए, 34400 रुपए




डाला गया। उनके द्वारा राशि लौटाने से इनकार किया गया और 85 हजार रुपए एक अन्य यूपीआई एकाउंट में मंगाया गया। उक्त राशि की व्यवस्था कर 40 हजार, 30 हजार और 15 हजार रुपए अपने गूगल पे से ट्रांसफर किया। इस तरह कुल 1 लाख 31 हजार 400 रुपए भेजने के बाद भी उसके पाइंट की राशि कुल 1 लाख 98 हजार रुपए न देते हुए 2 लाख रुपए की मांग और की गई तब राजेश को ठगे जाने का आभास हुआ। उसने सायबर पोर्टल में इसकी शिकायत किया था लेकिन राशि वापस नहीं मिली। राजेश की रिपोर्ट पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 420 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## एटक महामंत्री ने किया का दीपका क्षेत्र का दौरा

**कोरबा,** 07 अगस्त (देशबन्धु)। संयुक्त कोयला मजदूर संघ के केंद्रीय महामंत्री, मध्यप्रदेश एटक के अध्यक्ष हरिद्वार सिंह द्वारा एसईसीएल दीपका क्षेत्र के संगठन पदाधिकारी एवं सदस्यों की बैठक दुर्गा पंडाल प्रगति नगर में रखी गई। जेबीसीसीआई में संगठन की भागीदारी एवं भूमिका के बारे में केंद्रीय महामंत्री द्वारा सदस्यों को अवगत कराया गया। साथ ही आने वाले दिनों में होने वाले सदस्यता सत्यापन में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। बैठक में संजू शर्मा, एसके त्रिपाठी, सीके सिंहा, विनोद यादव, जीत सिंह ने भी अपने-अपने विचार रखे। दीपका क्षेत्र में कार्मिक विभाग से संबंधित समस्याओं पर ध्यान आकर्षण कराया गया साथ ही साथ ओवर टाइम सीलिंग पर भी अपनी समस्या से अवगत कराया गया। मेडिकल बिल में हो रही लेट लतीफ, कैटिगरी 1 से 2 में पदोन्नति किए गए लोगों को भी इंक्रीमेंट का लाभ देने पर चर्चा हुई। बैठक मे मुख्यालय स्तर पर हुए निर्णय से अवगत कराया गया की पूरी कंपनी में एक साथ 12 अगस्त को सभी लोगों को प्रमोशन दिया जाएगा। बैठक में एसईसीएल एटक के कोषाध्यक्ष भगवान साहू सहित पलक चौधरी ,सी के सोनी, जोगीराम, देवलाल साहू, संतोष राठौड़ ,सतीश तिवारी, राजवाड़े ,सोनकर,दिगंबर श्रीवास,एस के पाल, किरण कुमार , गजेंद्र सिंह, राजेश शर्मा,एलबी यादव, कन्हैया राठौर ,एसके राठौर,रामलाल,टंडन, रंजीत श्यामल,सीबीएस गभेल, मनमोहन चौहान,जीएस गबेल, इंद्रासन,कमल चौहान, अशोक कुमार कंवर , बृजेश सिंह, भारत साहू, धन सिंह ,दीपक सिंह ,फेकू ,मुकेश साहू ,राजाराम कुर्रे,शालिग्राम साहू ,योगेश कुमार,संतोष कुमार,सुरेंद्र कुमार सोनकर आदि उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन संजू शर्मा द्वारा किया गया।



## बांगो बांध लबालब, हाइडल प्लांट की तीनों इकाईयों से बिजली का उत्पादन

**कोरबा,** 07 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में रुक-रुककर हुई बारिश के बीच 4400 मेगावाट बिजली की अधिकतम डिमांड रही। इस दौरान हाइडल प्लांट की तीनों इकाईयों से बिजली उत्पादन की गयी ताकि निजी संयंत्रों की अनशेड्यूल महंगी बिजली नहीं लेनी पड़े और बिजली की मांग के अनुरूप आपूर्ति को बरकरार रखा जा सके।

बांगो डैम में कुल क्षमता का 80 फीसदी जलभराव होने से हाइडल प्लांट को चलाकर बिजली उत्पादन किया गया। जिले में बीते 24 घंटे में अन्य दिनों की तुलना में सबसे कम 18.2 मिलीमीटर बारिश जरूर दर्ज की गई। पोड़ी-उपरोड़ा तहसील बिलकुल सूखे में बीता। बावजूद इसके सावन के दूसरे पखवाड़े में अच्छी बारिश से 600 मेगावाट तक बिजली की डिमांड में कमी आई है। हफ्ते भर पहले बिजली की अधिकतम डिमांड 5 हजार मेगावाट तक जा पहुंचा था। बांगो डैम की जलभराव क्षमता 359.66 मीटर है। बांध की कुल क्षमता के 80 फीसदी तक जलभराव से हाइडल प्लांट की तीनों इकाइयों से बिजली उत्पादन किया गया। जब बिजली की अधिकतम डिमांड 4400 मेगावाट से कम हुई तो हाइडल प्लांट की एक यूनिट को बंद कर दिया गया। लेकिन दो यूनिट से लगातार 24 घंटे चलाकर बिजली उत्पादन किया जा रहा हैं। उत्पादन कंपनी की क्षमता 2840 मेगावाट की है। कंपनी ने 120 मेगावाट की हाइडल प्लांट बांगो बांध में स्थापित किया है। बांध का जलस्तर बढ़ने से अब हाइडल प्लांट की तीनों इकाइयों से भी बिजली बनाई। कुछ देर बाद 2 यूनिट को 24 घंटे तक लगातार चलाया जा रहा है। इस तरह प्रदेश में बिजली की मांग के अनुरूप आपूर्ति को लेकर हाइडल प्लांट बड़ा सहारा बनी। 4400 मेगावाट तक बिजली की डिमांड होने पर भी अंडरड्राल की स्थिति बनी रही। 2 हजार मेगावाट से कम बिजली सेंट्रल सेक्टर से ली गई। एक वजह उत्पादन कंपनी के एचटीपीपी, मड़वा व डीएसपीएम पॉवर प्लांट की सभी इकाइयों के फुल लोड पर परिचालन भी है।

### न्यू ऐरा प्रोग्रेसिव स्कूल में छात्र समिति का गठन

**कोरबा,** 07 अगस्त (देशबन्धु)। न्यू ऐरा प्रोग्रेसिव स्कूल में छात्र समिति का गठन सीआईएसएफ कमाण्डर एनटीपीसी अभिषेक चौधरी के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कुल 40 छात्रों ने शपथ ली जिसमें एनबी वैभव ने शाला नायक एवं रोजा अंजुम खान ने शाला नयिका की शपथ ली। कमाण्डर अभिषेक चौधरी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कठोर परिश्रम करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि छात्र अभी से अपना लक्ष्य निर्धारित करें। कार्यक्रम में शाला के चेयरमैन किशोर कुमार साहू, डायरेक्टर दिलीप साहू, अकादमिक डायरेक्टर जितेंद्र सिंह, प्राचार्य डी. एस राव, उप प्राचार्य संजय तिवारी, हेड मास्टर जगजीत सिंह, पालक एवं शिक्षकों के साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### मतदान के प्रति आमजन को किया जागरुक

**कोरबा-कटघोरा,** 07 अगस्त (देशबन्धु)। जय बूढ़ादेव कला एवं विज्ञान महाविद्यालय कटघोरा में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्यारे लाल आदिले के दिशा निर्देश में नोडल अधिकारी स्वीप प्रो. रामगोपाल यादव ने गोद ग्राम में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली। स्वयंसेवकों ने ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से मतदान करने की अपील की। 18 वर्ष के युवा-युवतियों से मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने कहा गया। नोडल अधिकारी ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं से आहवान किया कि हम सभी को मतदान जैसे महत्वपूर्ण कार्य में बढ़चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए व अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए जागरुक करना चाहिए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. ताहिरा बेगम, प्रो. चंद्रशेखर रात्रे, अजय पैकरा, सुनील जायसवाल स्वयंसेवक अजय अहिर, दीप्ति कुमारी आदि उपस्थित रहे।

# किशोरी से दुष्कर्म, गर्भवती होने पर झोलाछाप डॉक्टर से कराया गर्भपात

## दवा के दुष्प्रभाव से बिगड़ी हालत तब परिजनों को पता चला, दोनों गिरफ्तार

**कोरबा-कटघोरा,** 07 अगस्त (देशबन्धु)। गांव के एक युवक ने किशोरी को प्रेमजाल में फांसा और शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध स्थापित किया। गर्भवती होने पर उसका गर्भपात कराने झोलाछाप डॉक्टर का सहारा लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कराया।

जानकारी के अनुसार मामला कटघोरा थाना अंतर्गत जटगा पुलिस सहायता केन्द्र अंतर्गत ग्राम मेरई का है। यहां की एक किशोरी बालिका के साथ गांव के ही युवक मोहन सिंह गोंड़ पिता दल साय



24 वर्ष के द्वारा प्रेम बढ़ाया गया। उसे झांसे में लेकर शारीरिक संबंध स्थापित किया। पिछले 5-6 महिने से दोनों के बीच प्रेम प्रसंग रहा और इसके फलस्वरूप 16 वर्षीय किशोरी गर्भ से हो गई। इस बात की जानकारी होने पर मोहन सिंह ने उसका गर्भपात कराने का निर्णय लिया और किशोरी को कुछ बताए बिना बांगो थाना अंतर्गत ग्राम बेतलो में रहने वाले मूलतः पश्चिम बंगाल के जिला नदिया के ग्राम कुलगाछी निवासी कल्पतरू राय पिता कुमारेश राय 48 वर्ष की मदद ली। बंगाली डॉक्टर की मदद से किशोरी को गर्भपात करने की दवा खिलाया गया। इसके बारे में किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी भी प्रेमी ने दिया। दवा के प्रभाव से गर्भपात तो हो गया लेकिन किशोरी की हालत पिछले कई दिनों से बिगड़ने लगी थी और रक्तस्त्राव थमने का नाम नहीं ले रहा था। पीड़िता की मां को जब इस बारे में पता चला तो उसने जटगा चौकी पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज कराया। मोहन सिंह के विरूद्ध धारा 376 (2)(एन), 506 भादवि तथा पाक्सो एक्ट की धारा 6 एवं गर्भपात कराने वाले बंगाली डॉक्टर के विरूद्ध धारा 312, 315, 318 भादवि के तहत अपराध दर्ज किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कराया है।

# सार-संक्षेप

## इतवारी बाजार बना शराबियों का अड्डा

**रायगढ़** 08 अगस्त (देशबन्धु)। रायगढ़ शहर का ईतवारी बाजार में एक लंबे अर्से असमाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। जहां रात तो रात दिन में भी बाजार में कई तरह के असमाजिक कार्य संपन्न हो रहे है। शराबी शाम ढलते ही बाजार में ही शराब पीते असानी से दिख जाते है। कई बार शिकायत करने के बाद भी पुलिस द्वारा किसी तरह की कार्रवाई नहीं की जा रही है।

सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने पर प्रतिबंध लगा हुआ है लेकिन जिले में ऐसे कई स्थान है जहां शराबी बिना किसी डर के दिन दहाड़े शराबखोरी करते है। रायगढ़ शहर का ईतवारी बाजार भी ऐसे ही कुछ स्थानों में से एक है जहां दिन के समय ही शराबी शराबखोरी कर लोगों के लिए परेशानियां खड़ी कर रहे है। शराबियों को किसी का डर नहीं है और वे बेधड़क जाम छलकाने में लगे हुए है। ईतवारी बाजार क्षेत्र के लोगों ने बताया कि यह तो कुछ भी नहीं है रात के वक्त असमाजिक तत्वों की सक्रियता यहां और भी बढ़ जाती है जिनके द्वारा शराबखोरी करने के साथ ही और भी कई तरह की अवैध गतिविधियों को अंजाम दिया जाता है। इतवारी बाजार में हो रही शराबखोरी के संबंध में कई बार स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस से शिकायत की गई है लेकिन इस दिशा में किसी तरह की कार्रवाई नहीं हो सकी है। इस हिसाब से असामाजिक तत्वों के हौसले लगातार बुलंद हो चुके है और दिनदहाड़े शहर के इतवारी बाजार में शराबियों को जाम से जाम छलकाते असानी से देखा जा सकता है।

## धार्मिक समिति ने अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**केल्हारी**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। नगर की प्रमुख धार्मिक संस्था श्री राम सत्संग समिति की एक आवश्यक बैठक मंदिर परिसर में आयोजित की गई समिति के के द्वारा प्रत्येक मंगलवार को सुंदरकांड का पाठ एवं भंडारे का आयोजन किया जाता है इस आयोजन में सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी एकत्रित होकर पुण्य प्राप्त करते हैं इसी अवसर पर सावन माह में बाबा भोलेनाथ का रुद्राभिषेक एवं कावड़ यात्रा का भी आयोजन समिति के द्वारा किया गया बैठक का प्रमुख उद्देश्य शहर के मध्य में स्थित तालाब की सुंदरीकरण एवं मछली पालन के ठेका को निरस्त करवाने के लिए आज अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया साथ अन्य समस्याओं से भी रखा गया जसपाल सक्षम अधिकारी ने उचित कार्रवाई करने का आश्वासन समिति को दिया समिति ने उन्हें हार्दिक धन्यवाद देती है। समिति के सदस्यों में मुख्य रूप से टिंकू सोनी गोविंद गुप्ता राजेश गुप्ता संदीप सिंह, दिलीप गुप्ता संजय साहू अभिषेक साहू बाल्मिक जायसवाल संजय भारती नीरज नीरज साकेत बब्बल गुप्ता रामचंद तिवारी रामचंद्र तिवारी मानसिंह राधे प्रजापति सितंबर साहू के साथ में सैकड़ों की तादाद में उपस्थित थे ।

## निःशुल्क हृदय रोग स्वास्थ्य जांच परामर्श शिविर 12 को

**सूरजपुर**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. एस. सिंह तथा वरिष्ठ विशेषज्ञ सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. के. एल. ध्रुव के मार्गदर्शन में 12 अगस्त को प्रातः 10बजे से 01बजे तक जिला स्वास्थ्य समिति सूरजपुर एवं रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में जिला चिकित्सालय सूरजपुर में निःशुल्क हृदय रोग जांच परामर्श शिविर का आयोजन किया जाना है। जिसमें हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जावेद परवेज ओपीडी नम्बर 05 में उपस्थित होकर परामर्श देंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एस. सिंह ने बताया कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिये इस तरह के कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, तथा डा. सिंह ने जिले के समस्त लोगों से अपील किया गया है कि जितने भी हृदय रोग के संभावित मरीज हैं। समस्त कैम्प में आकर इस सुविधा का लाभ उठावें। कैम्प हेतु रजिस्ट्रेशन एवं जानकारी हेतु डॉ. दीपक जायसवाल से संपर्क कर सकते है।

## एक किलो गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

**सूरजपुर**, 7 अगस्त (देशबन्धु) ।पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को नशे के धंधे में लिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने एवं सक्रिय मुखबीर का जाल बिछाने के निर्देश दिए थे जिसके बाद से ही जिले की पुलिस नशीली पदार्थ के गोरख धंधे पर सतत् निगाह बनाए हुए है। रविवार को चौकी चेन्द्रा पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम पकनी में एक व्यक्ति गांजा रखकर बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है।

सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम पकनी में घेराबंदी कर प्रभू नारायण उर्फ सूरज कुशवाहा उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम पकनी, चौकी चेन्द्रा को पकड़ा गया जिसके कब्जे से 1 किलो 100 ग्राम गांजा कीमत करीब 12000 रूपये का जप्त किया गया। मामले में धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी चेन्द्रा संतोष सिंह, प्रधान आरक्षक रविनंद सिंह, पवन सिंह, संजय चौहान, आरक्षक कमलेश मानिकपुरी, रजनीश पटेल व जगत पैंकरा सक्रिय रहे।

## डीएफओ पंकज कमल ने किया पदभार ग्रहण



**सूरजपुर**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य सरकार द्वारा जारी स्थानांतरण आदेश जारी होने के बाद आईएफएस पंकज कुमार कमल ने जिला वनमंडलाधिकारी कार्यालय में पहुंचकर विधिवत वन मंडल के डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर का पदभार ग्रहण कर लिया है। इस दरम्यान उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर कार्यालय का निरीक्षण किया है। अपने कक्ष में उन्होंने सभी उप वनमंडलाधिकारी, वन परिक्षेत्र अधिकारियों की मौजूदगी में योजनाओं के क्रियान्वयन के प्रगति से संबंधित गतिविधियों से रूबरू होकर सूरजपुर उप वनमंडलाधिकारी अनिल सिंह के साथ वन परिक्षेत्र अंतर्गत खोखनिया नाला का भ्रमण कर जलभराव सहित अन्य गतिविधियों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया है।2016 बैच के आईएफएस अधिकारी पंकज कुमार कमल इससे पूर्व सरगुजा वन मंडलाधिकारी, सामाजिक वानिकी एवं अनुसंधान वन मंडल बिलासपुर में वनमंडलाधिकारी बतौर अपनी सेवाएं दी हैं।

# जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने जागरूकता अभियान

## छात्राओं को दी गयी मतदान की जानकारी




**अंबिकापुर**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी ने बताया है कि कार्यक्रम के माध्यम से मतदान के प्रति जागरुकता फैलाने हेतु अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में हॉलीक्रॉस महिला महाविद्यालय में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत छात्राओं को मतदान की महत्ता की जानकारी देते हुए ऐसी छात्राएं एवं महिलाएं जिनकी उम्र 01 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष पूर्ण होने वाली है अथवा हो चुकी है, और उनका नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है, उनका वोटर हेल्प लाईन द्वारा फार्म 06 भरवाया गया। इसके साथ ही शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु छात्राओं एवं महिलाओं द्वारा रैली, मानव श्रृंखला नारे आदि गतिविधियां किया गया। साथ ही ई व्ही.एम. मशीन का प्रदर्शन कर छात्राओं से मॉक पोल करवाया गया जिसमें लगभग 200 छात्राओं ने भाग लिया। विकासखण्ड स्तर पर भी ई.व्ही.एम. वैन के माध्यम से सभी मतदान केन्द्र घर बाजार और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में जाकर लोगों को ई.व्ही.एम. से परिचित कराने का प्रयास किया जा रहा है। आगामी विकासखण्ड चुनाव में मतदान प्रक्रिया के सुचारू क्रियान्वयन के लिये मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिले के प्रत्येक मतदान केंद्र में अविहित अधिकारी एवं बी.एल.ओ. की उपस्थिति में 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जा रहा है, साथ ही मृत मतदाता व अन्यत्र निवास करने वाले मतदाताओं का नाम विलोपित किया जा रहा है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में ऐसे मतदाता जो वर्तमान में अन्यत्र निवास कर रहे हैं, उनका संबंधित मतदान केंद्र में फार्म 08 भराया जाकर संशोधित कराने का कार्य भी किया जा रहा है।02 अगस्त से प्रत्येक ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में फार्म भरवाने का कार्य आरंभ किया जा चुका है। जिसके तहत नये मतदाताओं का नाम जोड़ा एवं विलोपित करने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही मतदाताओं को जागरुक करने हेतु जिला स्तर पर मॉक पोल, नुक्कड़ नाटकों का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

## दो राशन दुकानों के आबंटन के लिए 21 अगस्त तक आवेदन

**अंबिकापुर** 7 अगस्त (देशबन्धु)। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया है कि नगर निगम अम्बिकापुर में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दो दुकान के एजेंसी एवं संचालकों द्वारा दुकान संचालन नहीं किये जाने के सम्बंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया है, इस कारण उक्त दुकान के लिए नवीन आबंटन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। शासकीय उचित मूल्य दुकान आईडी क्रमांक 391001050 एवं 391001051 के नवीन आंबटन हेतु आवेदन 21 अगस्त 2023 तक कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा में आमंत्रित किया गया है।

उन्होंने इस हेतु इच्छुक एजेन्सी जो छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के अन्तर्गत संचालन हेतु पात्र है उन्हें अपना आवेदन पत्र विहित प्रारूप में संपूर्ण विवरण एवं दस्तावेज की सत्यापित छायाप्रति के साथ आवेदन पत्र समय सीमा में प्रस्तुत करने कहा हैं।

## मतदाता जागरूकता रैली निकली

मनेन्द्रगढ़ 7 अगस्त (देशबन्धु)। जिला स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यालय नगर पंचायत खोंगापानी द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाना, निर्वाचन प्रक्रिया में सहभागिता बनाने हेतु मतदाता जागरूकता साथ ही साथ निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2 अगस्त 2023 से नये मतदाताओं का नाम जोड़ने / संशोधन हेतु रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तरूण कुमार एक्का, (मु0ना0अधि0 न.पं. खोंगापानी), प्राचार्य शा.उ.मा. विद्यालय खोंगापानी, प्राचार्य यमुना प्रसाद शास्त्री उ. मा. विद्यालय खोंगापानी, प्राचार्य आदर्श विद्या मंदिर खोंगापानी, प्रचार्य आदिवासी विद्या मंदिर खोंगापानी, मनीष तिवारी (चौकी प्रभारी खोंगापानी), शिव कुमार चौधर पी. टी. आई., गणेश यादव संकुल प्रभारी खोंगापानी, विद्यालयीन शिक्षकगण, नगर पंचायत खोंगापानी के समस्त कर्मचारी एवं विद्यालयीन छात्र - छात्राओं के साथ मिलकर कार्यालय नगर पंचायत खोंगापानी से मेन मार्केट, एकतानगर होते हुये बीएसएनएल टावर तक रैली निकाली गई एवं नगर पंचायत खोंगापानी में वापसी कर रैली का समापन किया गया ।

# सिलाई का प्रशिक्षण पाकर अब स्वरोजगार शुरू करने तैयार है पूर्णिमा, बेरोजगारी भत्ता ने भी दिया संबल

## आत्मनिर्भर बनकर परिवार के सपने करेंगी साकार



**अम्बिकापुर**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के माध्यम से अपने मनपसंद काम में प्रशिक्षण पाकर युवा अपना कैरियर बना रहे हैं। शासन द्वारा युवाओं के कला, कौशल और प्रशिक्षण की ओर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस योजना के तहत आर्थिक पृष्ठभूमि से कमजोर युवाओं के लिए उनके जिलों में संचालित निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण आत्मनिर्भरता के सपने पूरे कर रही है। ऐसी ही एक कहानी जिले के ग्राम खाडा की पूर्णिमा केरकेट्टा की है, अंचल की इस बेटी ने अब अपने हुनर को हौसले के साथ स्वरोजगार में बदलने की ठानी है।

पूर्णिमा बताती हैं कि मैंने बचपन में अपने घर पर ही माँ से थोड़ा-बहुत सिलाई का सीखी थी, मुझे यह काम बहुत पसंद है और जब मैंने मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के बारे में सुना तो मुझे लगा कि यही सही मौका है स्वरोजगार हासिल करने का। मुझे मेरे साथियों ने बताया कि जिले के अम्बिकापुर में स्थित लाइवलीहुड कॉलेज में विभिन्न कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें सिलाई भी शामिल है। बाहर से सिलाई सीखने के लिए महंगी फीस देनी पड़ती और यहां मुझे निःशुल्क सिलाई सीखने का मौका मिला। मैंने तुरंत यहां एडमिशन लिया और लगभग एक महीने से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं हूं, मुझे रोज कुछ नया सीखने मिल रहा है। प्रशिक्षण खत्म होने के बाद मुझे स्वयं का सिलाई दुकान शुरू करना है, जो मुझे स्वरोजगार देकर आत्मनिर्भर बनाएगा। इस योजना के लिए मैं मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की आभारी हूं, जिन्होंने हम जैसे युवाओं के बारे में सोचा और प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ते के साथ स्वरोजगार के सपने पूरे करने का अवसर दिया।

## कलेक्टर ने बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए छात्रावास अधीक्षकों को दिये टिप्स

**मनेंद्रगढ़** 7 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आदिवासी विकास विभाग में संचालित आश्रम छात्रावास के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आश्रम-छात्रावास में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता और शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर एडिशनल एसपी श्री निमेश कुमार बरैया ने महिला सुरक्षा से संबंधित अभिव्यक्ति ऐप के बारे में अधिकारियों को विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर श्री दुग्गा ने अधीक्षकों से कहा कि हॉस्टल में पढ़ने वाले बच्चों के शिक्षा के स्तर को सुधार लाने के लिए विशेष प्रयास करने की आवश्यकता है। बच्चों में समय प्रबंधन और अनुशासन के गुण विकसित करने की ज़िम्मेदारी अधीक्षकों की होगी। बच्चों को पढ़ने और लिखने का नियमित अभ्यास कराना ज़रूरी है। सभी अधिकारी मुख्यालय में रहें और छात्रावास में ख़ान-पान और बच्चों की पढ़ाई की नियमित निगरानी करें। बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए बीच बीच में शैक्षणिक भ्रमण में ले जायें। परिसर की साफ़ सफ़ाई में विशेष ध्यान दें। लाइब्रेरी को बेहतर करें और बच्चों के कौशल विकास की दिशा में कार्य करें। 10-12 वीं के बच्चों का उचित मार्गदर्शन करें ताकि बच्चे अच्छी पढ़ाई लिखाई करके बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकें।

बैठक में मंडल संयोजक मनेंद्रगढ़ श्री संजय श्रीवास्तव, खड़गवां श्री ज्ञानदार भगत, भरतपुर श्री संजय पटेल तथा ज़िले के सभी छात्रावास अधीक्षक उपस्थित थे।

## फसल बीमा प्रचार रथ रवाना, अंतिम तिथि 16 अगस्त




**मनेंद्रगढ़**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा के मार्गदर्शन में सोमवार को फसल बीमा योजना हेतु प्रचार-प्रसार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया ताकि क्षेत्र में खरीफ एवं रबी फसल उगाने वाले सभी ऋणी-अऋणी किसान फसल बीमा योजना का लाभ उठा सकें। यह जन जागरूकता रथ जिले के विभिन्न ग्रामों में बीमा की जानकारी के साथ बीमा कराने हेतु आवश्यक तकनीकी जानकारी किसानों को मुहैया कराएगी। फसल बीमा की अंतिम तिथि 16 अगस्त 2023 निर्धारित की गई है। भारत सरकार की इस योजना को छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से भारतीय कृषि बीमा कंपनी द्वारा खरीफ 2023 एवं रबी 2023-24 में संचालित की जा रही है।

पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना अंतर्गत उद्यानिकी अधिसूचित खरीफ फसल टमाटर, बैंगन, मिर्च, अदरक, केला, पपीता एवं अमरूद है। किसानों द्वारा आधार कार्ड, राजस्व अभिलेख, बैंक खाता की प्रति के साथ लोक सेवा केन्द्र, प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समिति, ऑनलाइन पंजीयन, बैंक, विभागीय मैदानी अमला या बीमा कम्पनी अभिकर्ता के मार्गदर्शन से अपनी फसल का बीमा करा सकेंगें। फसल बीमा अंतर्गत रथ रवाना के दौरान जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ के अध्यक्ष डॉ. विनय शंकर सिंह, एएसपी श्री निमेश बरैया, सहायक संचालक कृषि विभाग श्री लाल सिंह आर्मो, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अजय मिश्रा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# दिव्यांगों के चेहरों पर छाई मुस्कान

## आशा द होप की महिलाओं ने खाना खिलाया, वस्त्र बांटे



**सूरजपुर**, 7 अगस्त (देशबन्धु) ।समाजसेवी संस्था आशा द होप की महिलाओं ने घरौंदा अनाथ मानसिक दिव्यांग केंद्र अंबिकापुर में मानसिक रूप से दिव्यांग लोगों से मुलाकात कर ना केवल अपनापन जताया बल्कि उन्हें घर से बना हुआ खाना खिलाया और वस्त्र बांटे ।महिलाओं की इस आत्मीय मुलाकात से दिव्यांगों के चेहरे में मुस्कान ला दिया और महिलाओं ने भी संतुष्टि व्यक्ति की।

सोमवार को घरौंदा अनाथ मानसिक दिव्यांग केंद्र में सूरजपुर की समाजसेवी महिलाओं का ग्रुप आशा द होप अपनी पूरी टीम के साथ घरौंदा आश्रम पहुंचकर अपना मानसिक दिव्यांगों के साथ समय व्यतीत किया ।दिव्यांगों से मिलकर उनसे बात करके उनके बारे में जाना और समझा इसके साथ ही घर की बनी खीर, फल, बिस्किट का वितरण के साथ ही जरूरतो को वस्त्रों का दान भी किया। संस्था की रीता अग्रवाल के द्वारा उनका देखरेख कर नेक कार्य किया जा रहा है जिसका कोई भी नहीं उसका एकमात्र सहारा घरौंदा बना हुआ है। यह देख कर आशा द होप की महिलाओं ने सुकून महसूस किया महिलाओं ने बताया कि दिव्यांगों के चेहरे में मुस्कान लाने की कोशिश की गई जिससे मन को संतुष्टि मिली। इस अवसर पर आशा द होप की हेमलता गुप्ता , मीना राजेंद्रन, किरण मोगिंया, कुसुम जैन, सीमा गर्ग , रेखा यादव, संतोष यादव , मंजू ठाकुर, अमिता गुप्ता, रेखा अग्रवाल, पूजा अग्रवाल ,ममता अग्रवाल, सुमन वर्मा, सुरजा जैन ,कविता पांडे ,शांता दोसी उपस्थित रहे।

# तमनार में विश्व आदिवासी दिवस पर रैली और सभा का होगा आयोजन

- राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम सौंपेंगे मांग पत्र

**खदान प्रभावित आदिवासियों को नहीं मिल पा रहा न्याय - जानकी राठिया**



**रायगढ़** 08 अगस्त (देशबन्धु)।9 अगस्त को विश्व आदिवासी पर तमनार में वृहद आयोजन होने जा रहा है इसे लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां भी शुरू कर दी गई है। आयोजन को लेकर सरपंच संघ की अध्यक्ष जानकी राठिया ने कहा कि आज भी जनजातीय समुदाय पिछड़ा वंचित और शोषित है। आदिवासियों को मिली 5 वी अनुसूची तहत प्राप्त विशेषाधिकार को लेकर हम लगातार लड़ाई लड़ रहे हैं। जल जंगल जमीन खनिज संपदा कल कारखाने खदान प्रभावित क्षेत्र के प्रभावितों का पुनर्वास बेरोजगारी शिक्षा मूलभूत सुविधाओं को लेकर आज भी जद्दोजहद कर रहे हैं। विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर तमनार ब्लॉक सरपंच संघ और तमनार इकाई सर्व आदिवासी समाज के तत्वाधान में विशाल जन अधिकार आक्रोश रैली और सभा का आयोजन किया गया है।

आयोजन समिति और सरपंच संघ तमनार ब्लॉक अध्यक्ष और कोयला सत्याग्रह की अग्रणी महिला जानकी राठिया ने बताया कि रैली का शुभारंभ तमनार जनपद पंचायत से शुरू होकर बेटी बचाओ चैक बरभाठा से तहसील कार्यालय होते हुए पुलिस थाना तमनार होते हुए पुनः तहसील कार्यालय पहुंचेगी जहां महामहिम राष्टपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया की 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने डूलोमणि राठिया, कु गुलापी सिदार, शिवपाल भगत, संपति सिदार, चक्रधर सिंह सिदार, श्याम राठिया, कु लक्ष्मी भगत, राधेश्याम पैकरा, अमृत लाल भगत आदि पदाधिकारी कार्यक्रम को रूपरेखा के अनुसार सफल बनाने जुटे हुए हैं। आदिवासी दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में सर्व आदिवासी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा और वाद्य यंत्रों के साथ नजर आएंगे। तमनार ब्लॉक एक आदिवासी बाहुल्य ब्लॉक है जहां पेसा एक्ट लागू है इसके बावजूद उन्हें वह अधिकार नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय आदिवासी अधिकांशतः कोल ब्लॉक से प्रभावित हैं और आदिवासियों को प्राप्त पांचवी अनुसूची के तहत प्राप्त पेसा एक्ट के तहत प्राप्त अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। जानकी राठिया का कहना है की तमाम धरना प्रदर्शन आंदोलन के बाद भी आदिवासियों को न्याय नहीं मिल पा रहा है इसे लेकर 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर आक्रोश रैली निकाल कर महामहिम राष्टपति, महामहिम राज्यपाल और मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन को मांग पत्र सौंप पर इस ओर ध्यान आकर्षित कराने का काम किया जायेगा।

## सार-संक्षेप

### युवाओं ने थामा एनएसयूआई का दामन



**सारंगढ** 7 अगस्त (देशबन्धु)। पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष राजेंद्र वारे के नेतृत्व में उलखर में युवा कांग्रेस की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें छात्रों को एनएसयूआई से जुड़ने का आह्वान किया गया साथ ही छात्र संगठन को लेकर कई बिंदुओं पर सार्थक चर्चा हुई,बैठक में रविशंकर भारती, उमेश श्रीवास, सूरज माली, पिंटू निषाद, विवेक सारथी, सतीश जाटवर, अश्वनी चंद्रा, सागर दास, गजेंद्र लहरे, विकास चंद्रा, जवाय महिलाने, दिलेश्वर, अनुराग जोल्हे, श्रीकांत कर्ष, नौदेश कर्ष, चंद्रालाल, अनिल कर्ष, राकेश कुर्रे, ईश्वर चंद्रा, लक्ष्मी प्रसाद, ईश्वर निषाद, नितेश भारती आदि युवाओं ने एनएसयूआई की सदस्यता ग्रहण किया।

### कलेक्टर ने जनदर्शन के आवेदनों के निराकरण के दिए निर्देश



**सारंगढ़,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने जनदर्शन के माध्यम से लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी। कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने जनदर्शन में गंभीर बीमारी के इलाज में सहायता हेतु आए हितग्राहियों के आवेदन पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को सूचित कर निराकरण करने के निर्देश दिए, साथ ही सुनने की समस्या को लेकर एक हितग्राही ने फरियाद की जिस पर कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग को सूचित कर तत्काल निराकरण हेतु निर्देशित किया। जनदर्शन में आवास, अवैध निर्माण, राशन कार्ड, जलभराव समस्या, संपत्ति बंटवारा, विकलांग पेंशन, नकल? संबंधी समस्या, मुआवजा की राशि दिलाने सहित विभिन्न समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। उन्होंने आवेदनों पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

### 40 लीटर शराब ले जाते आरोपी गिरफ्तार



**सारंगढ** 7 अगस्त (देशबन्धु)। अधिकारियों के निर्देश पर जिलें मैं अवैध शराब जुआ सट्टा में सनलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश पर बरमकेला प्रभारी विजय गोपाल क मार्गदर्शन में प्रधान आरक्षक सोनसाय यादव आरक्षक कन्हैया चौहान दिनेश कुमार मीनकेतन पटेल ने पेट्रोलिंग के दौरान अवतार सारथी पिता फागु लाल सारथी उम्र 25 वर्ष साकिन भंवरपुर थाना बरमकेला जो मोटरसाइकिल से ग्राम छिछपानी की ओर से आ रहा है,ज़ो संतरा हरा रंग के प्लास्टीक बोरी मे चालीस लिटर महुआ शराब मोटरसाइकिल से ले जा रहा था, आरोपी के विरुद्ध धारा 34( 2)59 क आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड भेजा गया है

### चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़क मार्ग की हालत जर्जर

**डभरा,** 07 अगस्त (देशबन्धु)। चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख सड़कों मे सक्ति-खरसिया धुरकोट से बघौद होते हुए चंद्रपुर तक जाने वाली सड़क मार्ग की हालत बहुत ही जर्जर हो चुकी है। आम राहगीरों को चलना मुश्किल हो गया है, इस मार्ग पर लगातार दोनों पावर कंपनियों के राखड़ से भरी डंपर वाहन चलने से सड़क की हालत दयनीय हो चुकी है। डामर उखड़ चुका है जगह-जगह 3 से 4 फीट गड्ढे हो चुके हैं । इस सड़क मार्ग पर रात दिन भारी वाहन डस्ट से भारी वाहन चल रहा है लगातार भारी वाहन चलने से बारिश के दिनों में सड़क की जगह जगह कर चुके हैं।

ग्राम बघौद, दर्री, ओड़ेकेरा, गिरगिरा, केनापाली, मिरौनी मोड़ तक सड़क जर्जर हो चुके हैं पावर कंपनियों के राखड़ को लेकर दौड़ रही भारी वाहन में कई दुर्घटनाएं घटित हो चुकी है। आम राहगीरों एवं ग्राम वासियों का जीना मुश्किल हो गया है एक तरफ सड़क पर गड्ढे कीचड़ तो दूसरी तरफ डस्ट से भरे वाहन की धूल के गुब्बारे सड़क एवं गांव में उड़ रही है।

इस संबंध में ग्राम बाघौद के पंच चंद्रमणि साहू शिव वैष्णव रमेश साहू ने बताया कि इस सड़क मार्ग पर रात दिन राखड़ से भारी वाहन दौड़ रहे हैं जिस कारण सड़क की हालत जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह गड्ढे हो चुके हैं। भारी डंपर वहां गांव के एक दुकान में घुस गया था जिसमें कई लोग बाल-बाल बचे थे। अभी कुछ दिन पूर्व एक ग्रामीण को चपेट में ले लिया था जो गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था इस सड़क पर जान जोखिम में डालकर चल रहे हैं ।

इस बारे में भाजपा युवा नेता एवं पूर्व विधायक प्रतिनिधि इंजीनियर भानु बंजारे ने कहा कि यह सड़क मार्ग हादसे का सड़क हो गया है पावर कंपनियों के डस्ट लेकर भारी डंपर वाहन चल रहे हैं जो लोगों का जीना मुश्किल हो गया है । सड़क पर रात दिन तेज रफ्तार में डंपर वाहन बेखौफ होकर आना-जाना कर रहे हैं । सड़क की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि सड़क पर पैदल चलना मुश्किल हो गया है छात्र-छात्राएं स्कूल आने-जाने में एवं मरीजों को अस्पताल पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण बड़ी मुश्किल से ब्लॉक मुख्यालय आना-जाना कर रहे हैं इस ओर शासन प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है ।

## पीएम आवास का निरीक्षण

# गुणवत्ता के साथ होना चाहिए निर्माण -जिपं सीईओ



**जांजगीर,** 07अगस्त (देशबन्धु)। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. ज्योति पटेल ने सोमवार को बलौदा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत लछनपुर एवं बसंतपुर में बन रहे प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के आवासों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों से कहा कि यह आपका आवास है, इसलिए जैसे-जैसे किस्त प्राप्त हो रही है, उसके अनुसार ही गुणवत्तायुक्त मकान तैयार करवाएं। इस दौरान उन्होंने आवास योजना के हितग्राहियों की समस्याओं का समाधान भी किया।

जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा सतत रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानों का निरीक्षण किया जा रहा है। आवास योजना के माध्यम से हितग्राहियों के लिए जारी की जाने वाली राशि के संबंध में उनके द्वारा जानकारी ली जा रही है। सोमवार को लछनपुर में उन्होंने पीएम आवास का निरीक्षण करते हुए हितग्राहियों से कहा कि आपके खाते में किस्त आने के बाद आवास निर्माण का काम शुरू करना जरूरी है, अगर आवास का निर्माण शुरू नहीं होता है तो संबंधित हितग्राही को आगे की किस्त मिलना मुश्किल होगा और आवास का कार्य अधूरा रहेगा। उन्होंने इस दौरान आवास की जियो टैगिंग करने के निर्देश पीएम आवास योजना से जुड़े हुए अमले को दिए। उन्होंने इस दौरान लछनपुर में गौरव, संतोषी से चर्चा करते हुए जल्द से जल्द आवास निर्माण करने कहा। वहीं दिनेश यादव, मनोज यादव से किश्त की राशि आने के बाद आवास का कार्य शुरू करने कहा। वहीं बसंतपुर में उन्होंने भागवत, अवधेश, त्रिवेणी से आवास के संबंध में चर्चा करते हुए उन्हें आवास पूर्ण करने को लेकर प्रेरित किया। उन्होंने इस दौरान तकनीकी अमले को गुणवत्ता के साथ आवास पूर्ण कराने को लेकर निर्देश दिए और सतत रूप से मॉनीटरिंग करने कहा। इस दौरान पीएमएवाय सहायक अभियंता करन पाण्डेय, तकनीकी सहायक प्रमिला भारद्वाज, ग्राम पंचायत लछनपुर, बसंतपुर सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने दृष्टिबाधित बच्चों को किया सामग्री का वितरण

**जांजगीर,** 07 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में अरुणोदय कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा हैं। जिसमें पूर्ण दृष्टि बाधित बच्चों को समाज के मुख्यधारा से जोड़ने हेतु प्रत्येक बच्चे के लिए एक विशेष स्वयंसेवक नियुक्त किया गया है। जिसके द्वारा उन्हें दैनिक जीवन के क्रियाकलाप करना, स्पर्श से वस्तुओं की पहचान व ब्रेललिपी का अध्ययन करना सीखाया जा रहा है। यह कार्यक्रम में एक कदम फाउंडेशन के सहयोग से संचालित किया जा रहा है।

कलेक्टर अध्यक्षता में जिला जांजगीर-चांपा के 05 विकासखण्ड के पूर्ण दृष्टिबाधित बच्चों हेतु संचालित अरुणोदय कार्यक्रम के अंतर्गत सामग्री वितरण कार्यक्रम कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिसमें 19 बच्चों को विकासखण्ड अकलतरा से कु. रितिका पटेल ग्राम अमोरा, उमंग परसाही बाना, विकासखण्ड बलौदा कु.तानिया ग्राम सिवनी, कुईशा पंचगवा कु.दुर्गा यादव कोसमंदा विकासखण्ड बम्हनीडीह पूर्णिमा सूर्यवंशी सारागांव, देव बरेट बम्हनीडीह, आराधना कुमारी पचोरी, पदमनी झर्रा, रितिक दास महंत हथनेवरा,



कु.ममता सूर्यवंशी पचोरी, विकासखण्ड नवागढ़ समीर रात्रे गिध्दा, सचिन महंत, कु.सलनी खैरा, लक्ष्मी धीवर बरभांठा, नीरज कहरा जांजगीर कु पुजा मिसदा, लक्ष्य कश्यप गोधना एवं विकासखण्ड पामगढ़ कौशल काटले जगदीश मेकरी के स्कूल बैग, जुता-मोजा का वितरण किया गया। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर संदीप ठाकुर, समग्र शिक्षा से जिला मिशन समन्वयक राज कुमार तिवारी एपीसी समावेशी शिक्षा दिनेश कुमार सोनवान, प्रोग्रामर रज्जन मिश्रा एवं आशुतोष चौबे बीआरसीसी नवागढ़ श्रीमती रिशीकांता राठौर, सभी बीआरपी स्पेशल एजुकेटर, वॉलिंटियर व पालक उपस्थित थे।



### नागरिकों मुलाकात कर सुनी समस्याएं

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में नागरिकों से मुलाकात कर उनकी मांग एवं समस्याओं को सुना। कलेक्टर ने जनदर्शन में जनसामान्य से प्राप्त मांगो एवं समस्याओं के आवेदन पत्रों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज कुल 105 आवेदन प्राप्त हुए।

इसी कड़ी में आज जनदर्शन में कुरियारी निवासी भागीरथी दिवाकर द्वारा ट्राय सायकल दिलाने, तहसील बलौदा के ग्राम बछौद निवासी श्री लक्ष्मी प्रसाद धाबी द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने, तहसील अकलतरा कि ग्राम सोनाडीह निवासी सुमीत कुमार सूर्यवंशी द्वारा भूमि सीमाकंन कराने, नैला के भांठापारा निवासी मणीलाल फर्रे राहत राशि दिलाने, जनपद पंचायत अकलतरा के ग्राम मौहाडीह निवासी भावगत लोहार द्वारा ऋण पुस्तिका, खसरा नक्शा में नाम जोड़ने, तहसील बलौदा के ग्राम पनोरा निवासी पुनीराम बंजारे द्वार वन अधिकार पट्टा योजना के तहत पट्टा दिलाने, तहसील सारागांव के सारागांव निवासी संतराम सूर्यवंशी द्वारा सहायता राशि प्रदान करने, तहसील बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत बनडभरा के निवासी ललिता बाई द्वारा पेंशन दिलाने संबंधी आवेदन लेकर पहुंचे। जिस पर कलेक्टर ने कार्यवाही करते हुए निराकरण करने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए हैं।

# गौठान से समूह की महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर



**जांजगीर,** 07 अगस्त (देशबन्धु)। अकलतरा विकासखण्ड ग्राम पंचायत अमरताल में 20 जुलाई 2020 को पशुओं के आश्रय स्थल के रूप में गौठान का निर्माण किया गया। गौठान बनने के बाद से ही छत्तीसगढ़ विकास महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने कार्य प्रारंभ किया। शुरूआत में वर्मी कम्पोस्ट से जुड़ी। समूह की अध्यक्ष श्रीमती धर्मिनबाई पति उभेराम ने बताया कि उनके समूह के द्वारा गौठान समिति के माध्यम से 2 लाख 31 हजार 491 किलोग्राम गोबर की खरीदी की गई। समिति द्वारा गौठान में गोबर खरीदने के बाद उसे समूह के द्वारा वर्मी कम्पोस्ट टैंक में डालकर खाद बनाने का काम शुरू किया गया। शुरूआत में खाद बनाने को लेकर मिले प्रशिक्षण ने महिलाओं को बहुत मजबूत बनाया। जिसका नतीजा यह हुआ कि समूह की महिलाओं ने 75 हजार 270 किलोग्राम खाद तैयार करते हुए सहकारी सोसायटी को उपलब्ध कराया। जिससे समूह को 1 लाख 66 हजार 980 रूपए की आय हुई। समूह द्वारा सब्जी उत्पादन करते हुए कार्य किया गया। इसमें सदस्यों द्वारा 5 हजार 250 रूपए प्रांरभिक निवेश कर वार्षिक आय 32 हजार 700 रूपए आय प्राप्त की। इसके साथ ही समूह की महिलाओं ने मशरूम उत्पादन में हाथ अजमाए और सफल होते हुए इसमें समूह ने राशि लगाई, जिसका परिणाम सफलता के रूप में सामने आया और उन्हें इससे 42 सौ रूपए लाभ प्राप्त हुए। अब तक समूह ने इन सभी आजीविका गतिविधियों के माध्यम से 2 लाख 3 हजार 888 रूपए की आय अर्जित की।

# वरिष्ठजनों के संघर्षो से भाजपा ने प्राप्त किया नई ऊचाइयां को- अमर

**जांजगीर,** 07 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया द्वारा शक्ति केन्द्र सिवनी नैला के ग्राम सिवनी-नैला, कन्हाईबंद में वरिष्ठजन नागरिकों का सम्मान कार्यक्रम एवं उनके साथ में भोजन का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री सुल्तानिया ने जांजगीर चाम्पा विधानसभा के शक्ति केन्द्र के वरिष्ठजनों के सम्मान समारोह में कहा कि आज वरिष्ठजनों के संघर्ष के कारण ही भाजपा ने नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया। ऐसे वरिष्ठ कार्यकतो जो देश व पार्टी के सम्मान के लिए अपने परिवार की परवाह न करते हुए चौबिसो घंटे कार्यरत रहे उन वरिष्ठजनों के त्याग, तपस्या और बलिदान के कारण ही आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी हैं। आज देश में जो विकास हो रहा है, हमें गर्व है कि हम इस राजनीतिक पार्टी के विचार धारा से जुड़कर राष्ट्र के पुन: निर्माण में अपनी योगदान देते है। सिवनी नैला शक्ति केन्द्र ग्राम के सिवनी नैला, कन्हाईबंद के सनत पाण्डेय, रामप्रसाद राठौर (बड़े दाऊ), राधे मिश्रा, समेलाल रत्नाकर, रामसिंह चौहान, भैरव प्रसाद राठौर, गीता कुमार राठौर, श्यामलाल पटेल, शिवनाथ कश्यप, वरिष्ठजनों का साल श्रीफल से सम्मानित किया



गया। कार्यक्रम का सफल संचालन शैलेन्द्र पाण्डेय द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन साकेत तिवारी एव कृष्ण कुमार राठौर के द्वारा किया गया। इस अवसर में सनत पाण्डेय, शैलेन्द्र पाण्डेय, मुकेश भोपालपुरिया, साकेत तिवारी, कृष्ण कुमार राठौर, अरूण राठौर सरपंच, उमेश राठौर, रामेश्वर पटेल, अंगेश्वर राठौर, कार्तिकेश्वर पाण्डेय, पतिराम करियारे, उमेश राठौर, विश्वनाथ यादव, रघुवंशमणी, चित्रभान राठौर, रामसिंग चौहान, योगेश राठौर, रामप्यारी राठौर, रामगोपाल धीर, संजय पाण्डेय, डॉ संतोष धीवर, रमेश राठौर, रामेश्वर पटेल, प्रनोराम धीवर, सुरेश मिश्रा, सनत पटेल, उमेश राठौर, रामकुमार तिवारी, चन्द्रमणी राठौर, विश्वनाथ यादव, संजय पाण्डेय, रामधन राठौर सहित शक्ति केन्द्र के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# 15 अगस्त तक मवेशियों को गौठान नहीं पहुंचाया गया तो सरकारी दफ़्तरो में बंधेगे

**जांजगीर,** 07 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में भारतीय जनता किसान मोर्चा ने सरकार के खिलाफ जिला मुख्यालय के कचहरी चौक में धरना प्रदर्शन कर राज्य सरकार को आड़े हाथ लिया, राज्य सरकार पर किसानो को जैविक खाद के नाम पर अमानक गोबर मिट्टी और कचरा मिला खाद बेचने का आरोप लगाया है। धरना प्रदर्शन मे नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन को रोका छेका मे गौ माताओ को सड़क से गौठान मे पूरी व्यवस्था के साथ रखने की मांग की और 15 अगस्त तक सड़को से मवेशियों को व्यवस्थित नहीं करने पर किसान मोर्चा के अगुवाई में सड़क से मवेशीयों को हटा कर एस डी एम कार्यालय, तहसील कार्यालय और थाना के साथ कलेक्टर कार्यालय ने बांधने की चेतावनी दी है। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने 229 करोड़ का गोबर घोटाला का आरोप लगाया। उन्होंने कहा विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने प्रदेश की जनता से जो वादा किया था उसे सरकार बनाने के बाद भूल गए है, किसानो को दो साल का बोनस देने की बात भी भूल गए और नरवा, गरुआ,



धुरूआ, बाड़ी को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया, प्रदेश के किसान परेशान, युवा बेरोजगारी से तंग, महिला सुरक्षित नहीं और अधिकारी कर्मचारी भी परेशान है, नारायण चंदेल ने कहा कि राज्य सरकार ने गोबर खरीदी के माध्यम से 229 करोड़ का घोटाला किया हैं, ना तो गौठान मे गोबर हैं ना खाद। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने राज्य सरकार के रोका छेका अभियान को आड़े हाथ लिया उन्होंने कहा कि गाय और मवेशियों कि सुरक्षा के लिए सरकार को चिंता नहीं है, सड़को मे आज भी मवेशी बैठे रहते है और हादसे मे कभी मवेशी मरते है तो कभी लोग अपनी जान गवा बैठते है, सरकार ने कागजों में रोका छेका शुरू कर दिया हैं लेकिन आज भी मवेशी सडक में हैं। उन्होंने राज्य सरकार और जिला प्रशासन को चेतावनी दी हैं कि 15 अगस्त तक मवेशियों को गौठान में चारा पानी और छाया के साथ उपचार की व्यवस्था के साथ रखे और उसके बाद भी मवेशी सड़क में नजर आया तो बीजेपी किसान मोर्चा मवेशियों को बांध कर कलेक्टर परिसर और एसडीएम परिसर और तहसील परिसर में बांधेगे।

# महानदी का जलस्तर बढ़ने से प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

**रायगढ़** 07 अगस्त (देशबन्धु)। पिछले 4 दिनों से हुए लगातार बारिश से महानदी का जलस्तर बढ़ गया इससे महानदी के किनारे के कई गांव के निचले इलाकों के कई किलो मीटर तक खेत खलियान पूरी तरह पानी में डूब गए तथा गांव में भी पानी भराव की स्थिति बन गई है। इससे नदी किनारे के कई गांव में भय का माहौल निर्मित हो गया । जिसको देखते हुए शुक्रवार 4 अगस्त को क्षेत्र के लोकप्रिय समाजसेवी व जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष शंकरलाल अग्रवाल ने प्रभावित क्षेत्र के बोरीदा, ठेंगागुड़ी, पोरथ, तोरा, परसरामपुर, सुरसी आदि क्षेत्र का दौरा कर स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात की है।

इस दौरान शंकरलाल अग्रवाल ने ग्रामीणों को ढांढस बंधाया और आश्वस्त किया कि रायगढ़ जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है एवं किसी भी विषम परिस्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है एवं ग्रामीणों के मदद के लिए उनके साथ कार्यकर्ताओं की एक लंबी टीम भी जमीनी स्तर पर मुस्तैद है जो किसी भी परिस्थिति में ग्रामीणों की मदद के लिए खड़ी रहेगी। प्रभावित क्षेत्र के दौरा के





दौरान उनके साथ सरिया क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता खीर सागर दास महाराज, मुरलीधर पाणिग्रही, सुनील शराफ, रायगढ़ के वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोरंजन नायक जिला कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता दीपक मंडल युवा नेता अनिल प्रधान, मुकेश यादव सहित दो दर्जन से भी अधिक कार्यकर्ता साथ में उपस्थित रहे।

पिछले चार-पांच दिनों से लगातार हुए बारिश से छत्तीसगढ़ और उड़ीसा के सीमावर्ती क्षेत्र के लगभग 9 पंचायत के 18 गांव जमीनी इलाका जलमग्न हो गया इससे क्षेत्र के किसान पूरी तरह प्रभावित हुए हैं एक ओर जहां जलभराव से खेतों में पानी भर गया वही सब्जी की खेती भी पूरी तरह से प्रभावित होगी जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान होने की भारी संभावना है। इस संबंध में कांग्रेसी नेता शंकरलाल अग्रवाल ने बताया कि लगातार बारिश के कारण महानदी का जलस्तर बढ़ गया है कई गांव में पानी भर जाने की स्थिति आ गई है ऐसे में ग्रामीणों के हाल-चाल जानने उनके बीच पहुंचा हूं। बारिश नहीं रुकी तो विषम परिस्थिति का सामना सभी लोगों को करना पड़ सकता है लोगों को अधिक से अधिक मदद मिल सके और आज के समय इस बात का जायजा लेने ग्रामीणों के बीच पहुंचा हूं। अभी वर्तमान में उड़ीसा और छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती क्षेत्र के कुछ क्षेत्र जलमग्न हो गया है जो चिंता का विषय है निश्चित तौर पर किसानों को हो रहे नुकसान तथा अन्य असुविधा के संबंध में राज्य सरकार तथा जिला प्रशासन संज्ञान लेकर कार्रवाई करेगी। हमारी टीम भी ग्रामीणों के हर संभव मदद के लिए तैयार है जरूरत पड़ने पर ग्राउंड जीरो पर हमारे कार्यकर्ता ग्रामीणों के मदद के लिए काम करेंगे।

# देश विदेश

## पाकिस्तान में बस-डंपर की टक्कर में 04 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण में स्थित बंदरगाह शहर कराची में सोमवार को एक बस और डंपर के बीच टक्कर हो गई, जिससे कम से कम चार लोगों की मौत हो गई जबकि 18 अन्य लोग घायल हो गए। यह जानकारी बचाव सेवा ने दी। खबरों के अनुसार, यह दुर्घटना शहर के उत्तरी बाईपास पर उस समय हुई जब एक यात्री बस ने एक वाहन को ओवरटेक किया और विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक से टकरा गई। बचाव सेवा ने कहा कि बस चालक डंपर की रफ्तार का ठीक से अनुमान नहीं लगा सका जिसके कारण यह दुर्घटना हुई और कहा कि इस बीच एक ट्रॉलर डंपर से टकरा गया और उसके बाद एक कार भी टकरा गई।

# इमरान की पार्टी ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

**इस्लामाबाद,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी ने सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई के

- जिला-सत्र न्यायालय के फैसले को दी गई चनौती
- पीटीआई नेता इमरान को सुनाई गई है तीन साल की सजा



लिए कानूनी लड़ाई शुरू कर दी है। पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई फिर से करने की मांग की। 70 वर्षीय इमरान खान को अतिरिक्त एवं सत्र न्यायाधीश (एडीएसजे) हुमायूं दिलावर ने शनिवार को तीन साल जेल की सजा सुनाई, जिन्होंने उन्हें सरकारी उपहारों की बिक्री से प्राप्त आय की घोषणा नहीं करने का दोषी पाया था। अब इसी फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है।

याचिका संविधान के अनुच्छेद 184(2) के तहत दायर की गई है। इसमें मांग की गई कि तोशाखाना मामले की दोबारा सुनवाई की जाए। इसमें दलील दी गई कि पूर्व क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान को लेकर निष्पक्ष सुनवाई नहीं की गई। फैसले को न सिर्फ जल्दबाजी में पारित किया गया, बल्कि इसे इमरान की गैर-मौजूदगी में भी सुनाया गया। यह इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के निर्देशों की पूरी तरह से अवहेलना थी। दरअसल, पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को तोशाखाना केस में जिला-सत्र न्यायालय ने दोषी ठहराया है। उन्हें इस मामले में तीन साल की सजा सुनाई गई है। इस्लामाबाद पुलिस ने सजा होने के साथ ही इमरान को गिरफ्तार कर लिया था।

### पंजाब में धारा 144 लागू

**इस्लामाबाद।** पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के विभिन्न जिलों में सात दिनों के लिए धारा 144 लगा दी गई है, जबकि कई पीटीआई समर्थकों को हिरासत में लिया गया है। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। एआरवाई न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार- कसूर, झेलम, मियांवाली, मंडी बहाउद्दीन और रावलपिंडी जिलों में 7 दिनों के लिए सभाओं, सार्वजनिक बैठकों, प्रदर्शनों, धरना और रैलियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जिला एवं सत्र अदालत द्वारा तोशाखाना मामले में तीन साल की जेल की सजा सुनाए जाने के बाद पीटीआई प्रमुख को शनिवार को उनके ज़मान पार्क आवास से गिरफ्तार किया गया था। डॉन रिपोर्ट के अनुसार, इमरान खान की गिरफ़्तारी के बाद पीटीआई ने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था।

### क्या है तोशाखाना मामला

पाकिस्तान के कानून के अनुसार किसी विदेशी राज्य के गणमान्य व्यक्तियों से प्राप्त कोई भी उपहार स्टेट डिपॉजिटरी यानी तोशाखाना में रखना होता है। अगर राज्य का मुखिया उपहार को अपने पास रखना चाहता है तो उसके लिए उसे इसके मूल्य के बराबर राशि का भुगतान करना होगा। यह एक नीलामी की प्रक्रिया के जरिए तय किया जाता है। ये उपहार या तो तोशाखाना में जमा रहते हैं या नीलाम किए जा सकते हैं और इसके माध्यम से अर्जित धन को राष्ट्रीय खजाने में जमा किया जाता है। कहानी इमरान के प्रधानमंत्री रहते हुए शुरू हुई थी। 2018 में सत्ता में आए इमरान खान को आधिकारिक यात्राओं के दौरान करीब 14 करोड़ रुपए के 58 उपहार मिले थे। इन महंगे उपहारों को तोशाखाना में जमा किया गया था। बाद में इमरान खान ने इन्हें तोशखाने से सस्ते दाम पर खरीद लिया और फिर महंगे दाम पर बाजार में बेच दिया। इस पूरी प्रक्रिया के लिए उन्होंने सरकारी कानून में बदलाव भी किए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इमरान ने 2.15 करोड़ रुपए में इन गिफ्ट्स को तोशखाने से खरीदा था और इन्हें बेचकर 5.8 करोड़ रुपये का मुनाफा कमा लिया।

## ईरान में इमारते ढह्ने से तीन की मौत, 11 घायल

**तेहरान,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। ईरान की राजधानी तेहरान में कई अर्ध-निर्मित इमारतों के ढह जाने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने यह रिपोर्ट दी हैं। ईरान की छात्र समाचार एजेंसी (आईएसएनए) ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि यह घटना रविवार सुबह उस समय हुई जब तेहरान नगर पालिका के कर्मचारी, प्रांतीय पुलिस बल जिला 19 में एक 'असुरक्षित' इमारत को ध्वस्त करने की निगरानी कर रहे थे।

तेहरान पुलिस सूचना केंद्र के एक बयान का हवाले से सामचार एजेंसी बताया कि इमारत के गिरने से आसपास की पांच इमारतें ढह गईं। जो कि असुरक्षित थी, जिससे चार पुलिस अधिकारी और दो नगर पालिका कर्मचारी मलबे में दब गए। बचाव दल मलबे से लोगों को निकालने के लिए कार्य कर रहे हैं और अब तक चार लोगों को बचाया जा चुका है। तेहरान अग्निशमन विभाग के प्रवक्ता जलाल मालेकी ने कहा कि घटना की सूचना स्थानीय समयानुसार दोपहर 12:24 बजे दी गई। क्रेन और मलबा हटाने वाले उपकरणों की सहायता से बचाव दल को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया। उन्होंने कहा कि एक इमारत पूरी तरह से ढह गई और अन्य इमारते आंशिक रूप से ढही है। उन्होंने कहा कि इमारतें निर्माणाधीन थीं और उनके अंदर कोई नहीं रहता था। श्री मालेकी ने कहा कि मलबे से निकाले जाने के बाद तीन लोगों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि मलबे के नीचे कितने लोग दबे हुए थे।

## सुडोकू 6280


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 8 | 6 | | | | | |
| | | 9 | 2 | 1 | | | 6 | |
| 2 | | | | | 8 | | 4 | |
| | | | 9 | | | 8 | | 6 |
| | | | | | | | | |
| 8 | | 4 | | | 2 | | | |
| | 7 | | 8 | | | | | 3 |
| | 3 | | | 7 | 5 | 9 | | |
| | | | | | 3 | 6 | | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6280



**बायें से दायें:-**

१. अनुपस्थिति, गैरहाजिरी
४. नामुमकिन
६. रक्तपान करने वाला
७. जिसके नेत्र लाल रंग के हों
८. रूपवती, कोमलांगी (उर्दू)
१०. पराजित होना
११. प्रशासन, राजा, हुकूमत
१३. एक खट्टे-मीठे स्वाद वाला फल
१४. आदेश, हुक्म
१५. किसी आकृति तल के ठीक ऊपरी भाग में एक कोण
१७. अनाथ (उर्दू)
१९. ऊपर उठना, उन्नति, युद्ध, सेना
२१. मशविरा, राय (उर्दू)
२२. केसर (उर्दू)
२४. लकड़ियां काट कर जीवनयापन करने वाला

**ऊपर से नीचे:-**

१. प्रेमी, आसक्त, संतुष्ट, लाल
२. अप्रत्यक्ष कर
३. कत्लेआम
४. स्वीकार करना, अपना बनाना
५. बहन
९. शहर में प्रवेश करना
११. खुशी के साथ, प्रसन्नतापूर्वक
१२. वजह
१३. वहन, श्रम, शंका
१४. नि:शस्त्र, जिसके हाथ में कुछ न हो
१५. सिर के बल खड़े होने का आसन
१६. शोरगुल
१८. तृतीय
१९. वीरान, जनशून्य
२०. दृश्य (उर्दू)
२३. पर्वत

### वर्ग पहेली-6279

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | प | २ न | य | ३ न | | ४ अ | प | ५ रा | न्ह |
| ना | | य | | ६ र | क्त | प | | ह | |
| ७ व | स | न | | सं | | ८ का | लां | त | ९ र |
| र्सी | | ज | | १० हा | जि | र | | | क्ष |
| | ११ गु | ल | १२ जा | र | | | १३ बा | ध | क |
| | ना | | हि | | १४ ब | ह | रा | | द |
| १५ बे | ह | १६ त | र | | हु | | १७ त | १८ र | ल |
| गु | | र | | १९ दौ | ल | २० त | | ह | |
| २१ ना | स्ति | क | | रा | | २२ र | स | म | २३ य |
| ह | | २४ श | ब | न | म | | | | दि |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6280 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 | 2 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 2 | 1 | 4 | 3 | 6 | 8 |
| 2 | 1 | 6 | 7 | 3 | 8 | 5 | 4 | 9 |
| 5 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 8 | 3 | 6 |
| 1 | 6 | 3 | 5 | 8 | 7 | 2 | 9 | 4 |
| 8 | 9 | 4 | 3 | 6 | 2 | 7 | 1 | 5 |
| 9 | 7 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 | 5 | 3 |
| 6 | 3 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 |
| 4 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 |

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : मंगलवार 8 अगस्त , 2023 श्रावण कृष्ण पक्ष 6**

### राशिफल

मेष -अनुकूलता से भरपूर आज के दिन आप सभी काम तन-मन की स्थिरता के साथ करेंगे। इस कारण काम करने में उत्साह और स्फूर्ति का अनुभव होगा। आर्थिक लाभ होगा। परिवार में आनंद और उल्लास का माहौल रहेगा।

वृषभ -आप के भीतर क्रोध और हताशा हावी होगी। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। परिवार और आर्थिक मामलों में चिंता बनी रहेगी। स्वभाव की उग्रता के कारण किसी के साथ मतभेद या झगड़े होने की संभावना है।

मिथुन -आज का दिन आपके लिए सभी तरह से लाभदायक होगा। अविवाहित व्यक्तियों को योग्य जीवनसाथी मिलेगा। धन प्राप्ति के लिए शुभ दिन है। मित्रों के साथ आनंददायक मुलाकात होगी। उनके द्वारा लाभ मिलेगा।

कर्क -आज आपके सभी काम बिना अवरोध के सरलतापूर्वक पूरे होंगे। काम में अनुकूलता रहेगी। नौकरी में उच्च अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण विचार-विमर्श होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ खुले मन से घरेलू चर्चा करेंगे।

सिंह -खट्टे- मीठे अनुभवों वाला मिश्रित फलदायक दिन है। निर्धारित काम करने की प्रेरणा के साथ उस दिशा में प्रयत्न करेंगे और आपका व्यवहार तटस्थ रहेगा। धार्मिक और मांगलिक कामों में उपस्थिति रहेगी।

कन्या -नए काम को शुरू करने के लिए आज का दिन अच्छा नहीं है। बाहर के खाने से परहेज करें अन्यथा तबीयत खराब हो सकती है। गुस्से को काबू करने के लिए ज्यादातर समय मौन ही रहें। खर्च में वृद्धि होगी।

तुला -आज का दिन मौज- मस्ती, मनोरंजन, रोमांस में गुजरेगा। आपको कई जगह विशेष सम्मान मिलेगा। पार्टनरशिप के काम से लाभ होगा। अच्छे वस्त्र आदि खरीद सकते हैं। वाहन सुख का अच्छी तरह आनंद ले सकेंगे।

वृश्चिक -घर में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा। इससे आप राहत का अनुभव करेंगे। शारीरिक - मानसिक ताजगी के कारण काम करने का उत्साह होगा। सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। अधूरे काम पूरे होंगे।

धनु -आज आप किसी यात्रा पर जाने का विचार त्याग दें। काम में सफलता नहीं मिलने से आप निराश होंगे और स्वभाव में गुस्सा होगा। दूसरों से बहस की जगह चुप रहने की आदत डालें। पेट की तकलीफ से परेशानी हो सकती है।

मकर -आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहेगा। आप में स्फूर्ति का अभाव रहेगा। परिजनों के साथ वाद-विवाद या निरर्थक चर्चा के प्रसंग बनेंगे। इससे आप का मन व्यथित रह सकता है। अपयश मिलने की आशंका है।

कुंभ -आज आपके मन से चिंता का भार कम हो जाएगा और आप मानसिक रूप से खुशी का अनुभव करेंगे। शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। पारिवारिक वातावरण आनंदित रहेगा।

मीन -आज आपको खर्च के अतिरिक्त क्रोध और जीभ पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। किसी के साथ तकरार होने की संभावना है। आर्थिक मामले या लेन-देन में सावधानी रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ झगड़े होंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1509- विजय नगर सम्राज्य के सम्राट के रूप में महाराज कृष्णदेव राय की ताजपोशी।
1549- फ्रांस ने इंग्लैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1609- वेनिस की सीनेट ने गैलिलियो द्वारा तैयार दूरबीन का निरीक्षण किया।
1700- डेनमार्क और स्वीडन के बीच शांति संधि पर हस्ताक्षर।
1771- इंग्लैंड में हॉर्शम में पहला रिकॉर्ड शहर क्रिकेट मैच खेला गया।
1786- अमरीकी कांग्रेस ने चांदी के डॉलर और मुद्रा के लिए दसमलव प्रणाली को स्वीकार किया।
1839- बीटा थिता पिई ऑक्सफ़ोर्ड, ओहियो में स्थापित की गयी।
1864- जेनेवा में रेड क्रॉस की स्थापना हुई।
1887- अंतोनियो गज़्मैन ब्लैंको वेनेजुएला ने फ्रांस के राष्टपति के रूप में अपनी अवधि पूरा किया।
1899- एटी मार्शल ने रेफ्रीजरेटर का पेटेंट कराया।
1900- बोस्टन में पहले डेविस कप श्रृंखला की शुरुआत हुई।
1919- रावलपिंडी संधी में ब्रिटेन ने अफगानिस्तान की आजादी को मंज़ूरी दी।
1942- महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत की।
1945- सोवियत संघ ने द्वितीय विश्वयुद्ध में जापान के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।

## वियतनाम में बाढ, भूस्खलन में 8 की मौत

**हनोई,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। वियतनाम के उत्तरी क्षेत्र में लगातार मूसलाधार वर्षा के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में आने से करीब आठ लोगों की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गए। यहां की प्राकृतिक आपदा रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय संचालन समिति ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्राकृतिक आपदा में दो से छह अगस्त तक कुल आठ लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में से चार लाई चाऊ में, दो येन बाई में, एक थाई गुयेन में और एक सोन ला प्रांत के थे और घायलों में तीनों लाई चाऊ के हैं। इस आपदा में 24 घर नष्ट हो गए और ×0 हेक्टेयर फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। स्थानीय समाचार पत्र वियतनाम न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, चार अगस्त के बाद से, उत्तरी क्षेत्र में सौ से दो सौ मिमी तक वर्षा हुई है। इसके अलावा, यहां के कुछ क्षेत्रों में लगभग 400 मिमी तक भारी बारिश दर्ज की गई है, जिससे छोटी नदियों और झरनों में बाढ़ आ गई है और भूस्खलन हुआ है। मानव जीवन और संपत्ति के नुकसान की रिपोर्ट के बाद, यहां के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह ने एक प्रेषण जारी कर संबंधित अधिकारियों से उत्तरी क्षेत्र में आपदाओं से बचाव की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए हैं। राष्ट्रीय जल-मौसम केंद्र ने कहा कि इस क्षेत्र में मंगलवार तक भारी बारिश जारी रहने के आसार हैं। यहां तक कि 180 मिमी से अधिक बारिश होने के अनुमान हैं।

# कम्बोडिया नरेश ने हुन मानेट को नियुक्त किया नया प्रधानमंत्री



- हुन सेन के बेटे हैं हुन मानेट
- पांच साल का होगा कार्यकाल

**नोम पेन्ह,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। कंबोडिया नरेश नोरोडोम सिहामोनी ने निवर्तमान प्रधान मंत्री सैमडेक टेको हुन सेन की ओर से पद छोड़ने की घोषणा के बाद सोमवार को हुन मानेट को नया प्रधान मंत्री नियुक्त किया । श्री हुन सेन के अनुरोध के बाद सम्राट ने 45 वर्षीय हुन मानेट को पांच साल के कार्यकाल के लिए नए प्रधान मंत्री के रूप में नामित करने के लिए एक शाही डिक्री पर हस्ताक्षर किए।

श्री सिहामोनी ने शाही आदेश में कहा, कंबोडिया साम्राज्य के नामित प्रधानमंत्री का कर्तव्य है कि वह सरकार के सदस्यों को नेशनल असेंबली से विश्वास हासिल करने के लिए तैयार करें। उन्होंने कहा, यह शाही फरमान हस्ताक्षर के दिन से प्रभावी होता है। श्री हुन मानेट को अपने नए कैबिनेट सदस्यों के साथ आधिकारिक तौर पर नया प्रधानमंत्री बनने के लिए 22 अगस्त को नेशनल असेंबली में विश्वास मत जीतने की आवश्यकता होगी। उसी दिन उनके शपथ लेने की भी उम्मीद है। नरेश को भेजे धन्यवाद पत्र में श्री हुन मानेट ने कहा, इस महान पद पर अपनी सबसे प्रिय मातृभूमि और लोगों की सेवा करने का एक महान अवसर प्राप्त करना उनके जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है। उन्होंने कहा, मैं नेशनल असेंबली की सातवीं विधायिका की शाही सरकार के सभी गणमान्य लोगों के साथ, मातृभूमि और कंबोडिया के लोगों की सेवा करने के लिए वीरता, ईमानदारी तथा उच्च जिम्मेदारी के साथ इस महान राष्ट्रीय मिशन को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। श्री हुन मानेट ने राष्ट्रीय स्वतंत्रता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता, साथ ही सिंहासन तथा संवैधानिक राजतंत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करना जारी रखने की कसम खाई। उन्होंने राष्ट्रीय शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने, आगे के विकास को बढ़ावा देने, कंबोडियाई लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने तथा अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में राष्ट्रीय प्रतिष्ठा बढ़ाने का भी वादा किया।

# अफगान जेलों में अमेरिकियों सहित अनेक विदेशी बंद

**काबुल,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। अफगानिस्तान की जेलों में

- स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में दी गई है यह जानकारी



अमेरिकियों सहित कई विदेशी नागरिकों को रखा गया है। एक स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में सोमवार को एक तालिबान अधिकारी का हवाला देते हुए यह जानकारी दी गई है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने टोलो न्यूज की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा, अफगानिस्तान में कैद विदेशियों की सटीक संख्या का खुलासा किए बिना, तालिबान शासन के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने कहा, उन्हें सुरक्षा और हमारे कानूनों के उल्लंघन जैसे अन्य मुद्दों के संबंध में हिरासत में लिया गया है। टोलो न्यूज ने मुजाहिद के हवाले से कहा कि अगर निर्दोष साबित हुए तो हिरासत में लिए गए लोगों को रिहा कर दिया जाएगा और जो निर्दोष नहीं हैं, उनके लिए भी समाधान निकाला जाएगा। न तो मुजाहिद और न ही टोलो न्यूज़ ने अधिक विवरण प्रदान किया। यह खुलासा अगस्त 2021 में काबुल के पतन के बाद पहली बार अमेरिका और तालिबान के बीच दोहा में बातचीत के एक हफ्ते बाद हुआ। 30-31 जुलाई को कतर की राजधानी में हुई वार्ता के दौरान, वाशिंगटन ने शासन पर अफगानिस्तान में मानवाधिकार की बिगड़ती स्थिति के लिए जिम्मेदार नीतियों को उलटने के साथ-साथ हिरासत में लिए गए अमेरिकी नागरिकों की रिहाई के लिए दबाव डाला। अपनी ओर से, तालिबान ने कहा कि वे अफगानिस्तान की संपत्ति को जब्त करना चाहते हैं, साथ ही प्रतिबंधों और यात्रा प्रतिबंधों को हटाना चाहते हैं।

## इजराइली ह्वाई ह्मले में चार सीरियाई सैनिकों की मौत

**दमिश्क,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। सीरिया की राजधानी दमिश्क के आसपास रात भर हुए इजरायली हवाई हमले में चार सीरियाई सैनिक मारे गए और अन्य चार घायल हो गए। अलिखबरिया प्रसारक ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि सीरिया की वायुसेना ने इजरायली हवाई हमले का सामना किया। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी सना के अनुसार, इजरायल के कब्जे वाले गोलान हाइट्स से शुरू हुए हमले में सामग्री नष्ट हो गयी। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि वायुसेना ने कुछ मिसाइलों को मार गिराया।

**आतंकवाद** सुरक्षाबलों के दबाव के चलते कश्मीर से भाग रहे आतंकी

# आतंकियों के नए ठिकाने बन रहे हैं राजौरी, पुंछ व किश्तवाड़ के इलाके

**जम्मू,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। सुरक्षाबलों के दबाव के चलते कश्मीर से भाग रहे आतंकी अब राजौरी, पुंछ तथा किश्तवाड़ के इलाकों को सुरक्षित ठिकाना मान रहे हैं। इन तीनों जिलों में पिछले दिनों होने वाली मुठभेड़ें, सुरक्षाबलों पर होने वाले घातक हमले और बरामदगियां इसका सबूत हैं।

इस वर्ष जनवरी से अब तक तीनों जिलों में हालांकि दर्जनों आतंकियों को मार डाला गया है।समाचार भिजवाए जाने तक राजौरी में एक आतंकी और मारा गया था तथा दो से तीन को घेरे में ले रखा था।

पर यह भी सच था कि राजौरी तथा पुंछ के जिले सेना के लिए सबसे अधिक सिरदर्द इसलिए बन गए थे क्योंकि एलओसी से सटे होने के कारण पाक सेना ने अब घुसपैठ के लिए इन्हीं दोनों जिलों पर अपना ध्यान केंद्रित कर आतंकियों को धकेलना तेज किया हुआ है।

अधिकारियों ने इसे माना है कि इन दोनों जिलों में विदेशी आतंकियों का जमावड़ा है। हालांकि जम्मू रेंज के एडीजीपी मुकेश सिंह इसे मानते थे कि आतंकियों के तीन से चार दल इन जिलों में एक्टिव हैं। पर वे भी इसके प्रति कोई जानकारी नहीं दे पाते थे कि इन समूहों में कुल कितने आतंकी हैं। वैसे एक सूत्र के बकौल, ताजा घुसे 25 से 30 आतंकी कुछेक स्थानीय आतंकियों के सहारे इन



- पिछले दिनों होने वाली मुठभेड़ें, सुरक्षाबलों पर होने वाले हमले हैं सबूत

दोनों जिलों में आतंकवाद को पुनः जिन्दा करने में कामयाब हुए हैं। दोनों जिलों में सबसे अधिक भयानक वे दो दिन माने जाते रहे हैं जब आतंकियों ने 20 अप्रैल को पुंछ के भाटा धुरियां और फिर 5 मई को राजौरी के केसर क्षेत्र में घात लगाकर सेना के कुल 10 जवानों को मौत के घाट उतार दिया था। हालांकि उसके बाद गुस्साई सेना ने आतंकियों को जड़ से उखाड़ने में कोई कसर तो नहीं छोड़ी पर फिलहाल उम्मीद के मुताबिक कामयाबी इसलिए हाथ नहीं लग पा रही है क्योंकि उस पार से आतंकियों की नफरी आती ही जा रही है।

वैसे कश्मीर से सटे हुए किश्तवाड़ जिले में भी आतंकियों की संख्या बढ़ने लगी है। पुलिस कहती थी कि इस जिले में अधिकतर स्थानीय आतंकी हैं या फिर कश्मीर से मूव करने वाले हैं। कुछेक आतंकियों को इस जिले में भी मार गिराया गया है पर खतरा अभी पूरी तरह से टला नहीं है।

## दुनिया को जानें

### सऊदी अरब ने 8 और देशों के नागरिकों के लिए ई-वीजा बढ़ाया

**रियाद,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। सऊदी अरब ने घोषणा की है कि आठ और देशों के नागरिक अब ई-वीजा के लिए पात्र होंगे। यहां के मीडिया ने ये जानकारी दी। ई-वीजा अल्बानिया, अजरबैजान, जॉर्जिया, किर्गिस्तान, मालदीव, दक्षिण अफ्रीका, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के आगंतुकों के लिए उपलब्ध होगा, जिससे पात्र देशों की कुल संख्या 57 हो जाएगी। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने राज्य मीडिया रिपोर्ट के हवाले से कहा। विज़िटर ई-वीज़ा पूरे वर्ष के लिए वैध है, और 90 दिनों तक देश में रहने की अनुमति देता है। 2019 में ई-वीज़ा कार्यक्रम शुरू करने के बाद, सऊदी अरब में 2022 में 93.5 मिलियन यात्री आए, जो 2021 से 93 प्रतिशत की वृद्धि है। 2022 में, सऊदी अरब ने वैध शेंगेन, ब्रिटिश और अमेरिकी वीजा धारकों के लिए एक आगंतुक ई-वीजा प्रदान करने का निर्णय लिया था, जिनका उपयोग सऊदी अरब पहुंचने से पहले इन देशों में प्रवेश करने के लिए किया गया था। इस साल की शुरुआत में, सऊदी अरब ने मुफ्त 96 घंटे का स्टॉपओवर वीज़ा शुरू करने की घोषणा की, जिससे यात्रियों को देश में 96 घंटे तक रहने की अनुमति मिल गई।

# खेल जगत

## पाकिस्तान के मुख्य चयनकर्ता बने इंजमाम



**लाहौर,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंज़मामम-उल-हक़ को दूसरी बार मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सोमवार को एक ट्वीट के ज़रिये इसकी पुष्टि की। यह पद पिछले महीने हारून रशीद के इस्तीफा देने के बाद से खाली पड़ा था। इंज़मामम इससे पहले 2016 से 2019 के बीच भी पाकिस्तान के मुख्य चयनकर्ता रह चुके हैं। दूसरे कार्यकाल में उनकी पहली ज़िम्मेदारी अफगानिस्तान के खिलाफ 22 अगस्त से होने वाली एकदिवसीय शृंखला के लिये टीम चुनना होगा। अफगानिस्तान का सामना करने के बाद पाकिस्तान सितंबर में एशिया कप खेलेगी, जिसके फौरन बाद टीम पांच अक्टूबर से 19 नवंबर के बीच होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिये भारत आयेगी। इंज़मामम 10 अगस्त को एक संवाददाता सम्मेलन में अफगानिस्तान शृंखला और एशिया कप के लिये स्क्वाड की घोषणा करेंगे।

# दूसरे टी20 की हार के बाद बल्लेबाजी से निराश पांड्या

**गयाना,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के कप्तान हार्दिक पांड्या ने दूसरे टी20 में वेस्ट इंडीज के हाथों मिली दो विकेट की करीबी हार के बाद खराब बल्लेबाजी की समस्या को स्वीकार किया।

प्रोविडेंस स्टेडियम पर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत 20 ओवर में 152 रन ही बना सका। मेहमान टीम की ओर से तिलक वर्मा (41 गेंद, 51 रन) ने अर्द्धशतक जड़ा जबकि कोई अन्य बल्लेबाज प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर सका। वेस्ट इंडीज ने 153 रन का लक्ष्य सात गेंद रहते हुए हासिल कर लिया।

पांड्या ने मैच के बाद कहा, हमारा बल्लेबाजी प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा। विकेट लगातार गिरते रहे और पिच भी धीमी थी। हमने इतनी अच्छी बल्लेबाजी नहीं की कि 160 रन से ज्यादा बना सकें। पांड्या ने कहा, वह (तिलक वर्मा) जिस तरह बल्लेबाजी कर रहा है, उस पर हम ध्यान दे रहे हैं। नंबर चार पर एक बाएं हाथ के बल्लेबाज के होने से हमें दाएं और बाएं का संयोजन मिल जाता है। हमारे युवा खिलाड़ी आत्मविश्वास और निर्भयता के साथ आ रहे हैं। भारत ने 152 रन का बचाव करते हुए पहले ओवर में वेस्ट इंडीज के दो विकेट गिरा भी दिये, लेकिन निकोलस पूरन ने 40 गेंद पर 67 रन की आतिशी पारी खेलकर वेस्ट इंडीज को जीत के करीब पहुंचा दिया। मेज़बान टीम को लक्ष्य तक पहुंचने से पहले कुछ झटके लगे लेकिन वह दो विकेट की जीत हासिल करने में सफल रही।

पांड्या ने पूरन की बल्लेबाजी पर कहा, वह (पूरन) जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं उससे स्पिनरों को लगाना मुश्किल हो जाता है। दो रन पर दो विकेट गिरने के बाद उन्होंने जिस तरह बल्लेबाजी की वह कमाल था।

इस बीच, तिलक ने भी भारतीय टीम का स्कोर कम होने पर पांड्या की बात से सहमति



ज़ाहिर की, हालांकि उन्होंने धीमे विकेट पर बल्लेबाजों के प्रदर्शन की सराहना की। तिलक ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, विकेट धीमा था। हमने सोचा कि 150-160 एक अच्छा स्कोर होगा। हो सकता है कि हम 10 रन पीछे रह गये, लेकिन यह एक अच्छा प्रदर्शन था (हमारे बल्लेबाजों द्वारा)।

उन्होंने कहा, पूरन ने जिस तरह बल्लेबाजी की उसके लिये उनको श्रेय जाता है। उन्होंने गेंदबाजों पर दबाव डाला। हम जानते थे कि अगर हम एक विकेट हासिल कर सकते हैं, तो हम मैच बचा सकते हैं क्योंकि विकेट धीमा था। ऐसा नहीं था बल्लेबाजी करना आसान है। यह एक गेंदबाज की पिच थी। दुर्भाग्य से, यह इतना मजेदार खेल है कि यह कभी भी पलट सकता है।

## पूरन के दम पर विंडीज ने जीता दूसरा टी20

**गयाना।** वामहस्त बल्लेबाज निकोलस पूरन (40 गेंद, 67 रन) के आतिशी अर्द्धशतक की बदौलत वेस्ट इंडीज ने रोमांच से भरे दूसरे टी20 मैच में रविवार को भारत पर दो विकेट की जीत दर्ज कर पांच मैचों की शृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली। भारत ने विंडीज के सामने 153 रन का लक्ष्य रखा, जिसे वेस्ट इंडीज ने 18.5 ओवर में हासिल कर लिया। भारत की ओर से एक बार फिर तिलक वर्मा (41 गेंद, 51 रन) ने अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय अर्द्धशतक जड़ा, जबकि उनके अलावा कोई बल्लेबाज सराहनीय प्रदर्शन नहीं कर सका। दूसरी पारी में पूरन की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के कारण एक समय ऐसा लग रहा था कि वेस्ट इंडीज आसानी से यह लक्ष्य प्राप्त कर लेगी, लेकिन उनके आउट होने के बाद युज़वेंद्र चहल ने 16वें ओवर में तीन विकेट चटकाते हुए मैच का रुख पलट दिया। आठ विकेट गंवा चुकी वेस्ट इंडीज को तीन ओवर में 21 रन की दरकार थी, हालांकि इसके बाद चहल को गेंद नहीं मिली और वेस्ट इंडीज ने सात गेंद रहते मैच जीत लिया। भारत के लिये गेंदबाज़ी की शुरुआत करने उतरे हार्दिक पांड्या ने पहले ओवर में मात्र दो रन देते हुए ब्रैंडन किंग और जॉनसन चार्ल्स को पवेलियन लौटा दिया। भारत की शुरुआत अच्छी रही लेकिन अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से पूरन मैच को भारत की पकड़ से दूर ले जाते रहे। वेस्ट इंडीज ने पावरप्ले में 61 रन बनाये जिसमें काइल मेयर्स ने भी सात गेंद पर 15 रन का योगदान दिया। इसके अलावा पूरन ने रोवमैन पॉवेल (19 गेंद, 21 रन) के साथ भी तीसरे विकेट के लिये 57 रन की साझेदारी की। पूरन ने 40 गेंद पर छह चौकों और चार छक्कों के साथ 67 रन बनाये लेकिन वेस्ट इंडीज को जीत तक ले जाने से पहले वह मुकेश कुमार का शिकार हो गये। वेस्ट इंडीज 14 ओवर में 127 रन बनाकर आसानी से लक्ष्य की ओर अग्रसर थी लेकिन भारतीय स्पिनरों के कारण मैच में एक और मोड़ देखने को मिला। रवि बिश्नोई ने 15वें ओवर में मात्र एक रन दिया, जबकि चहल ने अगले ओवर में दो रन देते हुए रोमारियो शेफर्ड, जेसन होल्डर और शिमरन हेटमायर को आउट कर दिया। मुकेश द्वारा फेंके गये 17वें ओवर में मात्र तीन रन जाने के बाद भारत के जीत के आसार थे, हालांकि कप्तान पांड्या ने मैच पलटने वाले चहल को गेंद न देने का फैसला किया। वेस्ट इंडीज के लिये क्रीज पर खड़े अल्ज़ारी जोसेफ़ और अकील हुसैन ने अर्शदीप सिंह के 18वें ओवर में नौ रन जोड़े, जबकि मुकेश के 19वें ओवर की पांच गेंदों में ही 14 रन जोड़कर अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। जोसेफ़ ने आठ गेंद पर 10 रन बनाये, जबकि वेस्ट इंडीज के लिये विजयी चौका जड़ने वाले हुसैन 10 गेंद पर 16 रन बनाकर नाबाद रहे।

# भारतीय टीम में नहीं दिख रहा जीत का जज्बा : वेंकटेश प्रसाद

**टीम इंडिया का प्रदर्शन बहुत औसतन रहा है। इसे नजरअंदाज करने का कोई मतलब नहीं है। 2007 टी20 विश्व कप के बाद, आईपीएल शुरू हुआ और हमने तब से 7 प्रयासों में टी20 विश्व कप नहीं जीता है। महज 1 बार फाइनल में जगह बनाई, क्योंकि टीम में अब जीतने की भूख और जज्बा नजर नहीं आता। हार्दिक पाण्डया की कप्तानी में भी कोई धार नहीं दिखाई दी उनके कई फैसले समझ से परेश थे : वेंकटेश प्रसाद**



**नई दिल्ली,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में टीम इंडिया के खराब प्रदर्शन पर निराशा व्यक्त की। साथ ही हार्दिक पांड्या की कप्तानी पर भी सवाल उठाए हैं। दरअसल, वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट और वनडे सीरीज पर कब्जा जमाने वाली टीम इंडिया अपनी गलतियों के कारण पांच मैच की टी-20 सीरीज में 0-2 से पीछे है।

टीम के इस लचर प्रदर्शन के बाद पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने कई सवाल उठाए हैं। उन्होंने टीम के प्रयास को बहुत सामान्य बताया और कहा कि टीम में जीत की भूख नजर नहीं आती। वेंकटेश प्रसाद ने ट्वीट किया, टीम इंडिया का प्रदर्शन बहुत औसतन रहा है। इसे नजरअंदाज करने का कोई मतलब नहीं है। 2007 टी20 विश्व कप के बाद, आईपीएल शुरू हुआ और हमने तब से 7 प्रयासों में टी20 विश्व कप नहीं जीता है। महज 1 बार फाइनल में जगह बनाई, क्योंकि टीम में अब जीतने की भूख और जज्बा नजर नहीं आता। इतना ही नहीं प्रसाद ने दूसरे मैच में युजवेंद्र चहल को अपने कोटे का अंतिम ओवर नहीं देने पर भारतीय कप्तान की रणनीति पर भी सवाल उठाए।

इस ट्वीट में उन्होंने आगे मैच की बात करते हुए कहा, युजी ने 16वें ओवर में 2 विकेट लिए और भारत को खेल में वापस ला दिया। तब वेस्टइंडीज ने 8 विकेट खो दिए थे। इसके बाद उन्हें 9वें और 10वें बल्लेबाज के सामने अपना आखिरी ओवर करने का मौका नहीं मिला। इसके बाद वींडिज बल्लेबाजों ने तेज गेंदबाजों का आसानी से सामना किया और मैच अपने नाम किया। आपको ऐसे समय किताबी ज्ञान नहीं बल्कि दिमाग से चलना चाहिए।

हार्दिक के फैसले पर सवाल इसलिए भी उठ रहे हैं क्योंकि वेस्टइंडीज को 24 गेंद में 24 रन की दरकार थी। 16वें ओवर में चहल ने टीम इंडिया की मैच में दमदार वापसी कराई। चहल की गेंद काफी घूम रही थी और उनका एक ओवर बाकी था। लेकिन पांड्या ने उनसे 18वां ओवर नहीं कराया और तेज गेंदबाजों पर भरोसा जताया। पांड्या का यह फैसला गलत साबित हुआ, जिसके बाद क्रिकेट फैंस ने सोशल मीडिया पर उन्हें काफी ट्रोल किया।

## विटोरी बने सनराइजर्स के नए कोच




हैदराबाद, 7 अगस्त (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की 2016 की चैंपियन फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद ने डेनियल विटोरी को नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। फ्रेंचाइजी ने सोमवार को इसकी घोषणा की। न्यूज़ीलैंड के पूर्व कप्तान विटोरी 2014 से 2018 के बीच रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के मुख्य कोच रह चुके हैं और इस समय ऑस्ट्रेलियाई टीम के सहायक कोच की भूमिका निभा रहे हैं। वह सनराइजर्स में बतौर मुख्य कोच ब्रायन लारा की जगह लेंगे।

सनराइजर्स ने पिछले छह सीज़नों में चौथी बार नया कोच नियुक्त किया है। लारा (2023) के एक वर्षीय कार्यकाल से पहले टॉम मूडी (2019, 2022) और ट्रेवर बेलिस (2020-21) भी दो-दो साल फ्रेंचाइजी के साथ बिता चुके हैं। फिलहाल विटोरी द हंड्रेड में बर्मिंघम फीनिक्स पुरुष टीम के मुख्य कोच हैं। वह इससे पहले कैरिबियाई प्रीमियर लीग (सीपीएल) में बारबाडोस रॉयल्स, बिग बैश लीग में ब्रिस्बेन हीट और वाइटैलिटी ब्लास्ट में मिडलसेक्स के साथ भी मुख्य कोच के रूप में काम कर चुके हैं। हाल के वर्षों में खराब प्रदर्शन करने वाली सनराइजर्स ने आईपीएल 2021 के बाद से केवल 13 मैच जीते हैं जबकि 29 में उसे हार मिली है। साल 2016 में चैंपियन बनने के बाद से 2020 तक यह फ्रेंचाइजी हर सीज़न में प्लेऑफ़ में पहुंची, लेकिन दूसरा खिताब जीतने में असफल रही। पिछले तीन सीज़न से सनराइजर्स प्लेऑफ में भी नहीं पहुंच सकी है और अब कोच विटोरी एवं कप्तान एडेन मार्करम के संयोजन से शीर्ष चार से बाहर रहने के तीन सीज़न के सिलसिले को ख़त्म करना चाहेगी।

## जापान पर जोरदार जीत से मलयेशिया सेमीफाइनल में

■ **सत्येन्द्र पाल सिंह**

**चेन्नै,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। नजमी जजलान, अशरान हमसानी ,शैलो सिल्वारियूज के एक एक गोल की बदौलत मलयेशिया की पुरुष हॉकी टीम ने जापान को यहां एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में सोमवार को से हरा चार मैचों में तीन जीत के साथ कुल नौ अंक लेकर सेमीफाइनल में स्थान बना लिया। मलयेशिया ने मेजबान भारत के हाथों रविवार को 0-5 से बड़ी हार से उबर कर सोमवार को प्रभावी जीत दर्ज की। जापान के चार मैचों में दो हार और दो ड्रॉ से मात्र दो अंक हैं लेकिन उसके चौथी टीम के रूप में सेमीफाइनल पहुंचने की हल्की उम्मीद बाकी है।

राजी रहीम , फित्री सारी अशरान हमसानी की अगुआई में मलयेशिया का जापान के गोल से शुरु से हमले बोलना काम आया। नजमी जजलान ने पहला क्वॉर्टर खत्म होने से दो मिनट पूर्व पहले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर मलयेशिया का खाता खोला। फित्री सारी के तीसरे क्वॉर्टर के सातवें मिनट में बढ़िया पास पर अशरान हमसानी ने गोल कर मलयेशिया की बढ़त 2-0 कर दी। शैलो सिल्वारियूज ने खेल खत्म होने से मिनट भर पहले अशरान हमसानी के पास पर गोल कर मलयेशिया को 3-0 से आगे कर दिया। अगले ही जापान के जेंकी जेतानी के पास पर ताकूमा नीवा ने गोल कर स्कोर 1-3 कर दिया। जापान को लगातार दो ड्रॉ के बाद दूसरी हार का सामना करना पड़ा। पूर्व चैंपियन पाकिस्तान के खिलाफ 3-3 से और मेजबान भारत के खिलाफ 1-1 से ड्रा पर रहा। उन्होंने प्रतियोगिता की शुरुआत एक अन्य पूर्व चैंपियन कोरिया गणराज्य से 1-2 से हार के साथ की थी। जापान, जिसके चार मैचों में केवल दो अंक हैं, नॉकआउट चरण में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गया है। छह टीमों की लीग में मलेशिया का एक और मैच बाकी है, जिसमें वो 9 अगस्त को अपने पांचवें मैच में कोरिया से भिड़ेगा।



## ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप टीम में लाबुशेन को नहीं मिली जगह

**मेलबर्न,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया ने दाएं हाथ के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिये चयनित 18-सदस्यीय स्क्वाड में जगह नहीं दी है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने हालांकि सोमवार को घोषित टीम में लेग-स्पिनर तनवीर संघा और हरफनमौला आरोन हार्डी को जगह दी। संघा और हार्डी ने अभी तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण नहीं किया है। लाबुशेन को टीम में जगह न मिलना आश्चर्य की बात है क्योंकि उन्होंने 2020 में पदार्पण करने के बाद से वह सिर्फ आठ एकदिवसीय मैचों में ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा नहीं रहे हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के पिछले नौ वनडे मैचों में भी टीम का हिस्सा रहे थे। एकदिवसीय विश्व कप के लिये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नियमों का पालन करते हुए सीए इस 18-सदस्यीय स्क्वाड को 28 सितंबर तक घटाकर 15-सदस्यीय टीम में बदल देगा। उससे पहले यह ऑस्ट्रेलियाई टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच वनडे मैच (सात-17 सितंबर) और भारत के खिलाफ तीन वनडे (22-27 सितंबर) खेलेगी।




कप्तान पैट कमिंस विश्व कप में कंगारुओं की अगुवाई करेंगे, हालांकि दक्षिण अफ्रीका और भारत के खिलाफ उनका खेलना संशय में है। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली गयी हालिया एशेज़ टेस्ट शृंखला के दौरान कमिंस की कलाई में फ्रैक्चर हुआ था जिसके कारण उन्हें छह हफ्ते के लिये आराम करने की सलाह दी गयी है।

मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने खुलासा किया कि कमिंस के बायीं त्रिज्या में एक अव्यवस्थित फ्रैक्चर है जिसके लिये छह सप्ताह के रिहैब की आवश्यकता है, लेकिन उनका मानना है कि टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले आराम करने से उन्हें फायदा होगा। बेली ने कहा, हम इस महत्वपूर्ण विश्व कप अभियान से पहले पैट के लिये लागू आराम की अवधि को सकारात्मक मानते हैं। विश्व कप से पहले वह अभी भी कई मैच खेल सकते हैं जो उनकी मजबूत तैयारी के लिये पर्याप्त हैं।

विश्व कप से पहले नियोजित आठ एकदिवसीय मैचों में संघा और हार्डी को मौका मिलना तय है। संघा इससे पहले कई टी20 दौरों पर ऑस्ट्रेलिया का हिस्सा रह चुके हैं लेकिन उन्हें अभी तक अपने देश के लिये मैदान पर उतरने का मौका नहीं मिला है।

## सैमसन के फ्लॉप शो को लेकर पार्थिव पटेल ने दी तीखी प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज पार्थिव पटेल ने संजू सैमसन के लगातार खराब परफॉर्मेंस को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, जब भी उन्हें मौके मिले वो फ्लॉप रहे। उन्होंने कहा, संजू सैमसन। ये नाम भारतीय टीम के उस खिलाड़ी का है, जिसके बारे में हमेशा टीम में जगह नहीं मिलने के कारण काफी बातें होती हैं। लेकिन जब भी उन्हें मौका मिला वो उस मौके को भुनाने में सफल नहीं हुए।

भारत के वेस्टइंडीज दौरे पर संजू सैमसन को टीम में जगह मिली। उनके पास एक बड़ा मौका था अपनी छाप छोड़ने का, लेकिन वो इसमें अब तक नाकाम रहे हैं। हालांकि वनडे में उन्होंने एक अर्धशतक जरुर बनाया। मगर टी20 सीरीज में उनका प्रदर्शन बेहद खराब रहा है, क्योंकि उन्होंने अब तक दो मैचों में महज 19 रन ही बनाए। भारत को रविवार को दूसरे टी20 मैच में दो विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जिसमें सैमसन केवल 7 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। सैमसन के लगातार खराब परफॉर्मेंस को लेकर पार्थिव पटेल ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।



## बीएआई ने विश्व जूनियर चैंपियनशिप के लिए टीम की घोषणा की

नई दिल्ली, 7 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने संयुक्त राज्य अमेरिका के स्पोकेन में होने वाली आगामी बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2023 के लिए 16 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप के लिए आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। 26 से 29 जुलाई तक नई दिल्ली में आयोजित एक खास परीक्षण प्रक्रिया के बाद टीम का चयन किया गया। बीएआई के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा, ट्रायल बेहद प्रतिस्पर्धी था और जब से हमने ऐसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए ट्रायल अनिवार्य किया है तब से हम कई नए चेहरे देख रहे हैं। हमें उन नामों पर बेहद गर्व है जिनका चयन किया गया है और हमें विश्वास है कि ये युवा शटलर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और देश को गौरवान्वित करेंगे।

## संजय सेन ने इगोर स्टिमक के अनुरोध का समर्थन किया

**नई दिल्ली,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। भारत की पुरुष फुटबॉल टीम के क्रोएशियाई मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने सभी स्टेक होल्डर, खासकर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लबों से खिलाड़ियों को समय पर रिलीज करने का अनुरोध किया है। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमक ने एक खास अपील की है, जिसका समर्थन अब संजय सेन ने भी किया है। इगोर स्टिमक ने क्लबों से खिलाड़ियों को समय पर रिलीज करने का अनुरोध किया है। जिससे ब्लू टाइगर्स के पास, एएफसी एशियाई कप 2023 और 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर की तैयारी के लिए ज्यादा समय मिले। संजय सेन ने स्टिमक के प्रस्ताव को सही समय पर सही बात करार देते हुए उनकी बात पर सबको गौर देने की राय दी है। 2019-20 और 2020-21 में टीम के सहायक कोच बनने से पहले, सेन 2018-19 में आईएसएल क्लब एटीके के तकनीकी निदेशक थे। वर्तमान में, सेन मोहन बागान के युवा विकास के प्रमुख हैं।




उन्होंने कहा, देखिए, सवाल यह नहीं है कि क्या यह वैध अनुरोध है। ऐसा लगता है कि स्टिमक ने यह अनुरोध दो दृष्टिकोणों से किया है - पहला, हाल के दिनों में टीम के प्रभावशाली प्रदर्शन को देखते हुए। हालांकि भारत ने कई उच्च रैंकिंग वाली टीमों को नहीं हराया है, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय टीमों की भागीदारी के साथ तीन टूर्नामेंट जीतना भारत की सफलता को दर्शाता है। दूसरी बात, एक नया प्रबंधन सत्ता में आया है। इन सभी फैक्टर को ध्यान में रखते हुए, स्टिमक ने क्लबों से यह अनुरोध किया है। यह पहली बार नहीं है कि किसी कोच ने ऐसा अनुरोध किया है, पहले भी ऐसे अनुरोध किए गए थे। अब यह फ्रेंचाइजी और क्लब मालिकों पर निर्भर है... हमें देखना होगा कि वे राष्ट्रीय टीम के लिए कितना सोचते हैं।

सेन ने कहा, स्टिमक ने अपना अनुरोध पेश करने के लिए सही समय चुना है। वास्तव में, अगर मैं कोच होता, तो यही मांग करता।

सेन को नहीं पता कि क्लब मुख्य कोच के अनुरोध पर कैसे प्रतिक्रिया देंगे और उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्लबों के उदाहरणों का हवाला भी दिया, जिन्होंने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय ड्यूटी के लिए खिलाड़ियों को जल्दी फ्री करने पर ज्यादा ध्यान दिया। हालांकि, जैसा कि मैंने कहा है, क्लब अपने हितों को भी देखेंगे। हाल ही में, मैंने मीडिया रिपोर्ट में देखा है कि क्लबों ने खिलाड़ियों को रिलीज करने में दिलचस्पी नहीं दिखाई है। लेकिन ये मीडिया रिपोर्ट हैं और मुझे नहीं पता कि ये कितने सच हैं।

## सार संक्षेप

### ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

**ब्रिस्बेन।** इंग्लैंड ने फीफा महिला विश्व कप के सांस रोक देने वाले प्री-क्वार्टरफाइनल में सोमवार को नाइजीरिया को शूटआउट में 4-2 (फुल टाइम 0-0) में हराकर शीर्ष-आठ में प्रवेश कर लिया। सिडनी के स्टेडियम ऑस्ट्रेलिया पर खेले गये दिन के एक अन्य मुकाबले में, ऑस्ट्रेलिया ने डेनमार्क को 2-0 से मात दी। केटलीन फूर्ड (29वां मिनट) और हेली रूसो (70वां मिनट) ने विजेता टीम के गोल किये। क्वार्टरफाइनल में ऑस्ट्रेलिया का सामना फ्रांस या मोरक्को में से किसी एक से होगा। दूसरी ओर, इंग्लैंड और नाइजीरिया के बीच मुकाबला अतिरिक्त समय के बाद भी गोलरहित रहने के कारण विजेता का फैसला शूटआउट से हुआ। नाइजीरिया के पास नौ विश्व कप आयोजनों में पहली बार एक नॉकआउट मैच जीतने का मौका था लेकिन इंग्लैंड ने उसके दो गोलों की तुलना में चार गोल जमाकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली।

### महिला प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए ये खिलाड़ी हुई नॉमिनेट

**दुबई।** दो ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एलिसे पेरी और एश्ले गार्डनर के साथ-साथ इंग्लैंड की स्टार ऑलराउंडर नेट साइवर-ब्रंट को जुलाई के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। महिला प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड के लिए तीन खिलाड़ियों को नॉमिनेट किया गया है। पहला नाम एलिसे पेरी है, जिन्होंने पूरे महीने सभी प्रारूपों में लगातार शानदार प्रदर्शन किया। दूसरी ओर, एश्ले गार्डनर को प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड के लिए लगातार दूसरी बार नॉमिनेट किया गया है। द्बष्ष्ट महिला टी20 रैंकिंग में नंबर 1 ऑलराउंडर का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन रहा। साइवर-ब्रंट, जो महिला एशेज के एकदिवसीय चरण में प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़ थीं।

### अनुबंध विवाद के बीच एम्बाप्पे पीएसजी की मुख्य टीम के साथ प्रैक्टिस नहीं करेंगे

नई दिल्ली। किलियन एम्बाप्पे पेरिस सेंट-जर्मेन की पहली टीम के साथ प्रशिक्षण नहीं लेंगे, क्योंकि क्लब के साथ उनका अनुबंध विवाद अब भी जारी है। किलियन एम्बाप्पे फुटबॉल जगत का एक बड़ा नाम बन चुके हैं। फीफा 2022 में उनके शानदार प्रदर्शन ने उन्हें कई बड़े मुकाम तक पहुंचा दिया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पीएसजी ने शनिवार को अपने फ्रेंच खिताब को बचाने की तैयारी शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि एम्बाप्पे ए प्रशिक्षण समूह के बजाय लॉफ्ट समूह के साथ प्रशिक्षण लेंगे, जो ऐसे खिलाड़ी होते हैं जिनका टीम में खेलना तय नहीं होता।

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 4.02 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 3.00 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.28 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.16 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.96 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.12 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.09 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 0.91 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.63 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.46 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आढ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

# [अर्थ जगत]

**अग्रवाल ने सीबीआईसी अध्यक्ष का कार्यभार संभाला**

**नई दिल्ली।** भारतीय राजस्व सेवा के 1988 बैच के अधिकारी एवं केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के सदस्य संजय कुमार अग्रवाल ने सीबीआईसी के अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया है। वित्त मंत्रालय ने आज यह जानकारी दी। इनका कार्यकाल 05 अगस्त से भी प्रभावी हो गया है।



## देश में चीनी की पर्याप्त मात्रा उपलब्धता: केंद्र

**नई दिल्ली,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। चीनी की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में रिकार्ड वृद्धि होने के बाद भी देश में इसकी खुदरा कीमत स्थित बनी हुई हैं। पिछले 5 वर्षों में केंद्र के हस्तक्षेप के कारण चीनी सेक्टर आत्मनिर्भर हो गया है। भारत सरकार देश में चीनी की खुदरा कीमतों को स्थिर रखने में सफल हुई है, जबकि

- **पिछले 5 वर्षों में केंद्र के हस्तक्षेप के कारण चीनी सेक्टर आत्मनिर्भर हो गया**
- **देश में चीनी की औसत खुदरा कीमत लगभग 43 प्रति किलोग्राम है और इसके इसी के आसपास रहने की संभावना है**

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चीनी की कीमतें अप्रैल-मई 2023 में एक दशक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। चीनी की घरेलू कीमतों में लगभग 3 फीसदी की मामूली मुद्रास्फीति देखी गयी है, जो गन्ने के उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) में बढ़ोतरी के अनुसार है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चीनी की कीमतें भारत की तुलना में लगभग 50 फीसदी अधिक हैं। देश में चीनी की औसत खुदरा कीमत लगभग 43 प्रति किलोग्राम है और



इसके इसी के आसपास रहने की संभावना है। नीचे दिए गए चार्ट से पता चलता है कि पिछले 10 वर्षों में देश में चीनी की कीमतों में 2 फीसदी से भी कम वार्षिक मुद्रास्फीति रही है। सरकारी के नीतिगत एवं व्यवहारिक हस्तक्षेपों के परिणामस्वरूप घरेलू कीमतों को बहुत मामूली वृद्धि के साथ स्थिर रखा गया है।

सरकार द्वारा समय पर किए गये हस्तक्षेप ने चीनी क्षेत्र को संकट से बाहर ला दिया है। चीनी क्षेत्र के मजबूत बुनियादी सिद्धांतों और देश में गन्ने और चीनी के पर्याप्त से अधिक उत्पादन ने यह सुनिश्चित किया है कि चीनी प्रत्येक भारतीय उपभोक्ता को आसानी से उपलब्ध रहे।

चालू चीनी सीजन (अक्टूबर-सितंबर) 2022-23 के दौरान, भारत में लगभग 43 एलएमटी के इथेनॉल उत्पादन के लिए डायवर्जन के बाद 330 एलएमटी चीनी का उत्पादन होने का अनुमान है। इस प्रकार देश में कुल सुक्रोज उत्पादन लगभग 373 एलएमटी होगा जो पिछले 5 वर्षों में दूसरा सबसे अधिक है। इसके अलावा, पिछले 10 वर्षों के दौरान चीनी के उत्पादन में काफी वृद्धि हुई है; हालाँकि, खपत उसी अनुपात में नहीं बढ़ी है। जिससे, किसी भी अप्रत्याशित घटना के लिए पर्याप्त स्टॉक की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

जुलाई 2023 के अंत में, भारत के पास लगभग 108 एलएमटी का चीनी स्टॉक है, जो वर्तमान एसएस 2022-23 के शेष महीनों की घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है और सीज़न के अंत में लगभग 62 एलएमटी के अनुकूलतम स्टॉक के लिए भी पर्याप्त है। इस प्रकार, घरेलू उपभोक्ताओं के लिए पूरे वर्ष उचित मूल्य पर पर्याप्त चीनी उपलब्ध है।

इसके अलावा, उचित और लाभकारी मूल्य के साथ-साथ चीनी मिलों द्वारा समय पर भुगतान सुनिश्चित करके गन्ना किसानों के हितों पर ध्यान दिया जा रहा है। 2021-22 तक के चीनी सीज़न के लिए गन्ना किसानों का 99.9 फीसदी गन्ना बकाया चीनी मिलों द्वारा पहले ही चुकाया जा चुका है। चालू चीनी सीजन 2022-23 के लिए भी, 1.05 लाख करोड़ से अधिक के भुगतान के साथ, आज की तारीख तक लगभग 93 फीसदी गन्ना बकाया भुगतान चुकाया जा चुका है।


इस प्रकार, भारत सरकार द्वारा अपनी उचित नीतियों, स्थिर कीमतों और किसानों के गन्ना बकाया की समय पर भुगतान के साथ चीनी क्षेत्र में सुधार करके सभी तीन प्रमुख हितधारकों, उपभोक्ताओं, किसानों और चीनी मिलों के हितों की रक्षा की गई है।

## एफआईआई की बिकवाली से निफ्टी में आई तेजी

**नई दिल्ली,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। मिश्रित वैश्विक संकेतों के बावजूद घरेलू शेयर बाजार अपने सकारात्मक रुख पर कायम है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका का कहना है कि निफ्टी ऊंचे स्तर पर खुला और पूरे सत्र के दौरान सकारात्मक रहा और 81 अंकों की मामूली बढ़त के साथ 19598 के स्तर पर बंद हुआ। आईटी और फार्मा में खरीदारी के साथ अधिकांश सेक्टर हरे निशान में बंद हुए। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह आरबीआई की नीति से पहले बाजार एक दायरे में कारोबार कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि एफआईआई ने पिछले कुछ दिनों से बिकवाली का सिलसिला जारी रखा है, जिससे तेजी सीमित रही। बोनान्ज़ा पोर्टफोलियो के वरिष्ठ अनुसंधान विश्लेषक वैभव विदवानी ने कहा कि निम्न गुणवत्ता वाले ऑप्टिकल फाइबर की आपूर्ति करने वाले देशों को खोजने के बाद, सरकार ने इंडोनेशिया, कोरिया, चीन जैसे देशों से ऑप्टिकल फाइबर के आयात पर 5 साल का एंटी-डंपिंग शुल्क लगाया, इसलिए सभी ऑप्टिकल फाइबर उपयोगकर्ता कंपनियां आज उच्च स्तर पर व्यापार कर रही थीं, क्योंकि इससे सामग्री की गुणवत्ता में सुधार होगा और इन्वेंट्री घाटे में कमी आएगी। उन्होंने कहा, आज बोली लगाने के आखिरी दिन गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी एसबीएफसी फाइनेंशियल की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) को 18.73 गुना अभिदान मिला।

उन्होंने कहा कि डिविस लैबोरेटरीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, एलटीआईमाइंडट्री और अदानी पोर्ट्स निफ्टी पर शीर्ष लाभ पाने वालों में से थे, जबकि शीर्ष हारने वालों में ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स, बजाज ऑटो, भारतीय स्टेट बैंक और एक्सिस बैंक थे।




## जून तिमाही में घरेलू निवेशकों की हिस्सेदारी घटी

**नई दिल्ली,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। खुदरा के साथ घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की हिस्सेदारी लगातार 6 तिमाहियों तक बढ़ने के बाद 30 सितंबर, 2021 को 22.40 प्रतिशत से बढ़कर 31 मार्च, 2023 को 25.73 प्रतिशत हो गई। प्राइम डेटाबेस ग्रुप की पहल प्राइमइन्फोबेस के अनुसार, एनएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों में उच्च निवल मूल्य वाले व्यक्तिगत (एचएनआई) निवेशकों की हिस्सेदारी 30 जून, 2023 तक घटकर 25.50 प्रतिशत हो गई। प्राइम डेटाबेस ग्रुप के प्रबंध निदेशक प्रणव हल्दिया के अनुसार, ऐसा एलआईसी, म्यूचुअल फंड के साथ-साथ खुदरा और एचएनआई निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली के कारण हुआ, क्योंकि बाजार सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। तिमाही के दौरान डीआईआई से शुद्ध निवेश केवल 3,368 करोड़ रुपये रहा। इस बीच, तिमाही के दौरान विदेशी



संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) से 1,02,617 करोड़ रुपए का शुद्ध प्रवाह हुआ, जिसके परिणामस्वरूप 30 जून, 2023 को लगातार चौथी तिमाही में एफआईआई हिस्सेदारी बढ़कर 18.94 प्रतिशत हो गई (7 बीपीएस ऊपर) 31 मार्च, 2023 को 18.87 प्रतिशत)। जबकि एफआईआई ने वित्तीय सेवा और ऑटो क्षेत्र में क्रमशः 44,065 करोड़ रुपए और 16,818 करोड़ रुपए का भारी निवेश किया, उन्होंने तिमाही के दौरान सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र से 9,376 करोड़ रुपए निकाले।

इस तिमाही में एफआईआई और डीआईआई होल्डिंग के बीच का अंतर बढ़ गया। डीआईआई होल्डिंग अब एफआईआई होल्डिंग से 15.19 प्रतिशत कम है (31 मार्च, 2023 को डीआईआई होल्डिंग एफआईआई होल्डिंग से 13.29 प्रतिशत कम थी)। एफआईआई और डीआईआई होल्डिंग के बीच सबसे बड़ा अंतर 31 मार्च 2015 को समाप्त तिमाही में था, जब डीआईआई होल्डिंग एफआईआई होल्डिंग से 49.82 प्रतिशत कम थी। एफआईआई से डीआईआई स्वामित्व अनुपात भी 30 जून, 2023 को बढ़कर 1.18 हो गया, जो 31 मार्च, 2023 को 1.15 था। इस बीच, 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही में संस्थागत निवेशकों, एफआईआई और डीआईआई की कुल हिस्सेदारी घटकर 35.01 प्रतिशत हो गई, जो 31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही में 35.24 थी।

## सार संक्षेप

### मीशो आयी लाभ में

बेंगलुरु। ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस मीशो ने आज लाभ की स्थिति में आने की घोषणा करते हुये कहा कि पिछले 12 महीनों में एक अरब से ज्यादा ऑर्डर मिले हैं। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि इससे कंपनी के ऑर्डर का वॉल्यूम 43 प्रतिशत और राजस्व 54 प्रतिशत बढ़ा है। उसने कहा कि इस उपलब्धि ने न केवल भारतीय ई-कॉमर्स के परिवेश में कंपनी की स्थिति को मजबूत किया है, बल्कि यह मीशो के अभिनव बिज़नेस मॉडल का एक मजबूत प्रमाण भी है। कंपनी ने समग्र कर बाद लाभ (पीएटी) स्तर पर लाभ की स्थिति हासिल की है, जिसमें इसके सभी प्रभागों और श्रेणियों में ईएसओपी सहित सभी लागतें शामिल हैं। मीशो ने संचालन के विभिन्न आंकड़ों में काफी प्रगति की है, कंपनी ने टेक्नॉलॉजी की लागत में 60 प्रतिशत साल-दर-साल की कमी दर्ज की है, जिससे इसकी संचालन दक्षता और ज्यादा मजबूत हो गई है।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

नई दिल्ली। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।


### टाटा प्ले की सेवायें अब जीसैट 24 से

नई दिल्ली। डीटीएच सेवायें देने वाली कंपनी टाटा प्ले की सेवायें आज से जीसैट 24 उपग्रह से शुरू हो गयी है और अब इस पर देश में उपलब्ध लगभग सभी नौ सौ चैनल उपभोक्ताओं को मिलेंगे। पहले टाटा स्काई के नाम से प्रसिद्ध टाटा प्ले ने सरकार के मेक इन इंडिया मिशन के अनुरूप जून 2022 में इसरो की वाणिज्यिक इकाई न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) के साथ गठबंधन कर जीसैट-24 उपग्रह का प्रक्षेपण किया था। एक वर्ष तक के परीक्षण के बाद टाटा प्ले ने अपने कक्ष में स्थापित हो चुके इस उपग्रह का उपयोग आज से शुरू करने की घोषणा की। इस बढ़ी हुई बैंडविड्थ से टाटा प्ले अपने उपयोगकर्ताओं को और भी बेहतर पिक्चर और ध्वनि प्रदान कर पाएगा और सभी डीटीएच प्लेटफार्मों के बीच सबसे बड़ा उपग्रह बैंडविड्थ प्रदाता बनने के साथ 50 प्रतिशत ज़्यादा चैनल प्रसारित कर पाएगा।
इस सेवा के शुभारंभ के मौके पर दूरसंचार और सूचना एवं प्रसारण सचिव अपूर्व चंद्रा ने कहा, जीसैट-24 सफलतापूर्वक शुरू होने से अंतरिक्ष और संचार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की ओर एक और कदम बढ़ाया है।

## शेयर बाजार में तेजी जारी, सेंसेक्स निफ्टी बढ़त में

**मुंबई,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर से मिले कमजोर संकेतों के बीच आज घरेलू स्तर पर हेल्थकेयर, आईटी, टेक, टेलीकम्युनिकेशंस और रियल्टी जैसे समूहों में हुयी लिवाली के बल पर शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी रही और इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त बनाने में सफल रहे। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 232.23 अंकों की बढ़त के साथ 66 हजार अंक के करीब 65953.48 अंक पर पहुंच गया और इस दौरान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 80.30 अंकों की तेजी लेकर 19597.30 अंक पर रहा। बीएसई दिग्गज कंपनियों की तरह की छोटी और मझौली कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा जिससे बीएसई का मिडकैप 0.56 प्रतिशत बढ़कर 30331.02 अंक पर और स्मॉलकैप 0.26 प्रतिशत उठकर 35162.06 अंक पर रहा।

बीएसई में कुल 3887 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2025 बढ़त में और 1661 गिरावट में रहे जबकि 201 में कोई बदलाव नहीं हुआ। बीएसई में शामिल समूहों में से अधिकांश बढ़त में रहे जिसमें हेल्थकेयर 1.61 प्रतिशत, आईटी 1.07 प्रतिशत, टेलीकम्युनिकेशंस 1.28 प्रतिशत, टेक 0.91 प्रतिशत और रियल्टी 0.63 प्रतिशत प्रमुखता से शामिल है। गिरावट में रहने वालों में यूटिलिटी 0.27 प्रतिशत और पावर 0.22 प्रतिशत प्रमुख है। वैश्विक स्तर पर जापान के निक्केई के




0.91 प्रतिशत की बढ़त को छोड़कर शेष अधिकांश प्रमुख सूचकांक गिरावट में रहे जिसमें ब्रिटेन का एफटीएसई 0.68 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स 0.73 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 0.59 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.21 प्रतिशत शामिल है।

बीएसई का सेंसेक्स 90 अंकों की बढ़त के साथ 65811.40 अंक पर खुला। शुरूआती कारोबार में ही यह 65748.25 अंक के निचले स्तर तक उतरा लेकिन लिवाली के बल पर यह दोपहर के बाद 66 हजार अंक के स्तर को पार करते हुये 66067.90 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में यह पिछले दिवस के 65721.25 अंक की तुलना में 0.35 प्रतिशत अर्थात 232.23 अंकों की बढ़त के साथ 65953.48 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से 21 हरे निशान में और नौ लाल निशान में रही। इसी तरह से एनएसई का निफ्टी 59 अंकों की बढ़त के साथ 19576.85 अंक पर खुला। लिवाली के बल पर यह 19620.45 अंक के उच्चतम और बिकवाली के दबाव में 19524.80 अंक के निचले स्तर के बीच रहा। अंत में यह पिछले दिवस के 19517 अंक की तुलना में 80.30 अंक अर्थात4 0.41 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19597.30 अंक पर रहा। एनएसई में शामिल कंपनियों में से 35 हरे निशान में और 14 लाल निशान में रही जबकि दो में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## एंटफिन ने पेटीएम के संस्थापक व सीईओ को शेयर हस्तांतरित कर कंपनी की हिस्सेदारी में की 10.3 प्रतिशत कटौती

**नई दिल्ली,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। एंटफिन (नीदरलैंड) ने अग्रणी मोबाइल भुगतान और वित्तीय सेवा कंपनी पेटीएम में अपनी हिस्सेदारी कम कर दी है। एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (पेटीएम) के संस्थापक और सीईओ विजय शेखर शर्मा और एंटफिन (नीदरलैंड्स) होल्डिंग बीवी (एंटफिन) ने कंपनी में 10.3 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए एक समझौते के निष्पादन की घोषणा की।




शर्मा के 100 प्रतिशत स्वामित्व वाली विदेशी इकाई रेजिलिएंट, ऑफ-मार्केट ट्रांसफर के माध्यम से एंटफिन से पेटीएम 10.30 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करेगी। इसके साथ, पेटीएम में शर्मा की हिस्सेदारी (प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष) बढ़कर 19.42 प्रतिशत हो जाएगी, जबकि एंटफिन की हिस्सेदारी घटकर 13.5 प्रतिशत हो जाएगी। कंपनी की एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, रेजिलिएंट 10.30 प्रतिशत ब्लॉक का स्वामित्व और वोटिंग अधिकार हासिल कर लेगा।

10.30 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण पर विचार करते हुए, रेजिलिएंट एंटफिन को वैकल्पिक रूप से परिवर्तनीय डिबेंचर (ओसीडी) जारी करेगा, जो बदले में, एंटफिन को 10.30 प्रतिशत हिस्सेदारी के आर्थिक मूल्य को बनाए रखने की अनुमति देगा, जो व्यापारिक क्षमता में एंटफिन के निरंतर विश्वास को प्रदर्शित करेगा। फाइलिंग के अनुसार, '04 अगस्त, 2023 को समापन मूल्य के आधार पर, 10.30 प्रतिशत हिस्सेदारी का मूल्य 628 मिलियन डॉलर है।' शर्मा ने कहा, 'मुझे भारत में निर्मित वित्तीय नवाचार के सच्चे चैंपियन के रूप में पेटीएम की भूमिका और मोबाइल भुगतान में क्रांति लाने और देश में औपचारिक वित्तीय सेवाओं को शामिल करने में योगदान देने में अपनी उपलब्धियों पर गर्व है। हम स्वामित्व के इस हस्तांतरण की घोषणा के साथ कई वर्षों में उनके अटूट समर्थन और साझेदारी के लिए एंट के प्रति मैं अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता हूं।

## दाल-दलहन में उबाल, खाद्य तेलों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि मांग निकलने से अधिकांश दालों के भाव चढ़ गए।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अगस्त का पाम ऑयल वायदा 45 रिंगिट चढ़कर 3800 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह अगस्त का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.08 सेंट की तेजी लेकर 61.12 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों के भाव में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफ़ाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव में टिकाव रहा।

दाल-दलहन: दाल-दलहन बाजार में तेजी रही। इस दौरान चना 50 रुपए, दाल चना 50 रुपये, मसूर दाल 150 रुपये, मूंग दाल 350 रुपये , अरहर दाल 200 रुपए और उड़द दाल 200 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

## सुप्रीम कोर्ट ने पट्टेदारों को उनके विमानों का निरीक्षण, रखरखाव करने की अनुमति के खिलाफ गो फर्स्ट की याचिका खारिज की

**नई दिल्ली,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया, जिसमें नकदी संकट से जूझ रही गो फर्स्ट एयरलाइन के विमान पट्टेदारों को रखरखाव कार्य करने के लिए महीने में कम से कम दो बार अपने विमान का निरीक्षण करने की अनुमति दी गई थी। भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ जिसमें न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं, ने एयरलाइन के प्रबंधन के लिए दिवाला कानून के तहत नियुक्त समाधान पेशेवर द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) को खारिज कर दिया, जिसमें पट्टादाताओं के पक्ष में उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश को चुनौती दी गई थी। पीठ ने कहा, 'चूंकि कार्यवाही दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित है, जहां याचिकाओं पर दिन-प्रतिदिन बहस हो रही है, हम वर्तमान चरण में इस (एसएलपी) पर विचार नहीं कर रहे हैं।' शीर्ष अदालत ने कहा कि क्षेत्राधिकार का सवाल भी हाई कोर्ट की एकल पीठ ही तय करेगी।

न्यायमूर्ति तारा वितस्ता गंजू की एक पीठ ने 5 जुलाई को




पट्टेदारों को अपने विमानों का निरीक्षण करने की अनुमति दी थी, क्योंकि उन्होंने मुख्य याचिकाओं में अपने-अपने आवेदन दायर किए थे जिसमें आगे किसी भी नुकसान से बचने के लिए गो फर्स्ट के साथ पट्टे पर अपने विमानों को डी-रजिस्टर करने की मांग की गई थी। न्यायमूर्ति गंजू ने विमानन नियामक डीजीसीए से यह भी कहा था कि पट्टादाताओं, उनके कर्मचारियों और एजेंटों को हवाई अड्डे तक पहुंचने की अनुमति दी जाए, जहां उनके विमान वर्तमान में खड़े हैं, और तीन दिन के भीतर उनका निरीक्षण किया जाए।

एकल न्यायाधीश द्वारा पारित अंतरिम आदेश को मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति संजीव नरूला की खंडपीठ ने 12 जुलाई को बरकरार रखा। विमान पट्टेदारों ने विमानन नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा अपने विमानों को एयरलाइन से वापस लेने के लिए उनका पंजीकरण रद्द करने की मांग करते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया था। पट्टादाताओं ने कहा था कि डीजीसीए का पंजीकरण रद्द करने से इनकार करना 'नाजायज' है। पट्टादाताओं का तर्क यह है कि गो फर्स्ट को उनके विमान का उपयोग करने का कोई अधिकार नहीं है क्योंकि उनसे संबंधित पट्टे समाप्त कर दिए गए हैं।

दूसरी ओर, गो फर्स्ट ने कहा था कि विमानों के पंजीकरण रद्द करने की राहत प्रभावी रूप से पट्टेदारों को विमानों को फिर से हासिल करने की अनुमति देगी, जो कि स्थगन के दौरान स्पष्ट रूप से निषिद्ध है। राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण ने 22 मई को गो फर्स्ट के खिलाफ दिवालियेपन की कार्यवाही को बरकरार रखा, जिससे उसके विमान को वापस लेने के पट्टादाताओं के प्रयासों को झटका लगा।





# कलेक्टर ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

**बिलासपुर,** 07 अगस्त (देशबन्धु)। जिले का पदभार ग्रहण करते ही नए कलेक्टर संजीव कुमार झा एक्शन मोड़ पर नजर आ रहे हैं वह लगातार प्रशासनिक दफ्तरों का निरीक्षण करने के साथ-साथ सोमवार को जिला अस्पताल औचक निरीक्षण पर पहुंचे। यहां उन्होंने पहले तो पुराने भवन के कैजुअल्टी ओपीडी डायलिसिस आई वार्ड एवं जनरल वार्ड सहित 11 वार्डों का निरीक्षण किया।

उसके बाद कलेक्टर मुख्यमंत्री धनवन्त्री योजना के तहत संचालित होने वाले जेनरिक मेडिकल स्टोर पहुंचे। यहां उन्हें अधिकांश दवाइयों का टोटा नजर आया व मेडिकल स्टोर खाली नकर




आया।जिसके बाद उन्होंने जेनेरिक मेडिकल स्टोर के जिम्मेदार व अस्पताल प्रबंधन को जमकर फटकार लगाया।

इसके बाद वे 100 बिस्तर के मातृ शिशु अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने गायनिक ओपीडी,,गायनिक वार्ड,,जांच लैब,,आईसीयू,,एसएनसीयू,,एचडी यू और एनआरसी सहित अन्य जनरल वार्डों का भी निरीक्षण किया। अस्पताल के निरीक्षण के दौरान नए कलेक्टर संजीव कुमार झा ने मीडिया को जानकारी देते हुए ।

बताया कि अस्पताल में अन्य विकास एवं विस्तार कार्य की जरूरत है।इसको लेकर अस्पताल के सिविल सर्जन ने उनसे चर्चा कर कुछ मांग भी की है।इसपर शासन को अवगत कराया जायेगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि दोनों अस्पताल के सभी व्यवस्थाओं से संतुष्ट नजर आए।

# सीयू में पहले चरण की काउंसिलिंग पूरी



**बिलासपुर** , 7 अगस्त (देशबन्धु)। गुरू घासीदास विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए आयोजित स्नातक स्तर की सीयूईटी की काउंसिलिंग प्रक्रिया का पहला चरण विभिन्न विभागों में आज पूर्ण हो गया। स्नातक स्तर के पहले चरण की काउंसिलिंग के बाद विभिन्न विभागों की उपलब्ध सीटों में से साठ फीसदी से ज्यादा सीटें भर गई हैं। जिसमें बीएससी कंप्यूटर साइंस की सभी 75 सीटें भर गई हैं। साथ ही बीएससी भौतिकी की 75 सीटों में से 71 सीटें भरी हैं। फार्मेसी विभाग के बीफार्मा की 60 में 50 व डीफार्मा की 60 सीटों में से 58 सीटें भरी हैं। बीकॉम की सभी 240 सीटों में प्रथम चरण की काउंसिलिंग के उपरांत 180 सीटें भर चुकी हैं। रसायन विभाग की 75 सीटों में 67 सीटें तथा प्राणी शास्त्र विबाग की 75 सीटों में 62 सीटें अब तक भर चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि गणित विभाग व वनस्पति विज्ञान विभाग में प्रथम चरण में अनारक्षित वर्ग की 32 सीटों के लिएस काउंसिलिंग का आयोजन किया गया जिसमें सभी 32 सीटें भर गईं। दूसरे दौर की काउंसिलिंग 11 अगस्त, 2023 को आयोजित की जाएगी। इस काउंसिलिंग में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को संबंधित विभाग द्वारा ईमेल के माध्यम से सूचना प्रदान की जाएगी। काउंसिलिंग से संबंधित अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी नियमित रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

**■ विभिन्न संकायों की अधिकांश सीटें भरी**

## सार-संक्षेप

### लोधी समाज ने प्रतिभा सम्मान समारोह का किया आयोजन

**बिलासपुर**,7 अगस्त ( देशबन्धु) । लोधी समाज प्रतिभा सम्मान एवं गौरव अलंकरण सह कैरियर गाइडेंस समारोह चकरभाठा में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लोधी- महासभा नई दिल्ली घनश्याम वर्मा रहे उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में प्रतिभावान लोगों की कमी नहीं है। समाज बहुत ही प्रगतिशील है और जो हमारे छात्र-छात्राएं हैं, वह भविष्य हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोधी समाज बिलासपुर के अध्यक्ष जमुना प्रसाद वर्मा अधिवक्ता रहे उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों में और विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वालों को प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जगदीश प्रसाद वर्मा लोधी समाज जिला अध्यक्ष मुंगेली ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रम होते रहना चाहिए।इससे हम जागरूक होते हैं। विशिष्ट अतिथि गोवेंद्र पटेल जिलाध्यक्ष लोधी समाज बेमेतरा ने कहा कि यह कार्यक्रम समाज के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। अति विशिष्ट अतिथि माटीपुत्री जागेश्वरी घनश्याम वर्मा ने कहा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चे युवा, बुजुर्ग, महिलाएं सभी को एक मंच में आने और सम्मानित होने का अवसर मिलता है। यह कार्यक्रम निश्चित रूप से ही बहुत ही प्रेरणादाई है। कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, व्यापार, पुलिस, अधिवक्ता, अधिकारी, कर्मचारी, सेवानिवृत्त, खेल, कला, संस्कृति और विभिन्न विधाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले लगभग 350 लोगों को सम्मानित किया गया। साथ ही 10वीं और 12वीं के 268 छात्र-छात्राएं जिनका 70त्न से अधिक अंक प्राप्त था ,उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लोधी समाज बेमेतरा के सर्किल नवागढ़-मारो लोधी समाज मुंगेली के सर्किल पथरिया सरगांव मुंगेली लोरमी और जरहागांव के समस्त पदाधिकारी शामिल रहे। साथ ही बिलासपुर जिला के सभी सर्किल अध्यक्ष जिसमें तखतपुर-कोटा-बिल्हा और बिलासपुर के समस्त पदाधिकारी जिनकी संख्या लगभग 150 की है। सभी शामिल रहे। इस प्रकार से यह कार्यक्रम हजारों की संख्या में संपन्न हुआ।

### बिलासपुर सिंधी समाज ने कलेक्टर का अभिनंदन कर की सिंधु घाट की मांग



**बिलासपुर** , 7 अगस्त (देशबन्धु)। बिलासपुर के नए नियुक्त कलेक्टर संजीव कुमार झा से छत्तीसगढ़ सिंधी अकादमी बोर्ड के डायरेक्टर अमर बजाज के नेतृत्व में एक प्रतिनिधित्व मंडल पूज्य सिंधी सेंट्रल महापंचायत के अध्यक्ष शिवकुमार धामेचा, सिंधी युवक समिति के अध्यक्ष अजीत थावरानी, अमर शहीद हेमू कलानी संस्कृतिक मंडल के अध्यक्ष खुशालदास वाधवानी, वरिष्ठ पत्रकार मोहन मदवानी (शेरा), पूज्य सिंधी सेंट्रल महापंचायत के महासचिव झामनदास चेतानी, सिंधु विद्या मंदिर के वरिष्ठ मनीष लाहोरानी एवं राजेश श्यामनानी इत्यादि ने रूबरु सौजन्य भेंट मुलाकात कर आत्मीय अभिनंदन कर बिलासपुर आने का स्वागत किया। इस मौके पर सिंधी समाज की चर्चा करते हुए डायरेक्टर अमर बजाज ने उनसे कि सिंधी समाज के इष्ट देवता लाल झूलेलाल वरुण देवता पानी से प्रकट हुए थे सो बिलासपुर अरपा नदी प्रोजेक्ट के अंतर्गत इष्टदेव झूलेलाल के नाम सिंधु घाट हेतु जमीन सिंधी समाज को दिया जाए। जिसमें पूजा अर्चना हेतु झूलेलाल मूर्ति की स्थापना की जाए जिससे सिंधी समाज का हर वर्ग खासकर महिलाएं हर महीने समाज का चंद्र के समय में सभी एक जगह एकत्रित होकर पूजा अर्चना कर सके। यह मांग छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं शहर विधायक शैलेश पांडेय से भी की गई है। यह जायज मांग तुरंत पूरी की जाए। इस पर कलेक्टर ने पूर्णतया अश्वत किया कि समाज की तरफ से इस मांग को पूरा करने हेतु अपनी तरफ से भरपूर प्रयास करूंगा। इस आश्वासन से सिंधी समाज में हर्ष व्याप्त है।

# डॉ.उज्जवला शहर के सभी वार्डों में महीने भर से लगातार कर रही जनसंपर्क



## आम आदमी पार्टी का जनसंपर्क जारी

**बिलासपुर** ,7 अगस्त (देशबन्धु) । आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ करीब एक महीने से घर घर जाकर के जनसंपर्क अभियान चला रही है। जिसमें डॉ उज्वला कराडे महीने भर में शहर के अधिकतर वार्डों में जनसंपर्क कर चुकी हैं और विधानसभा के अधिकतर मतदाताओं तक अपनी पहुंच बना चुकी है ।

शहर के बाकी बचे वार्डों में भी जनसंपर्क कर अपनी पहुंच बनाने के लिए डॉक्टर उज्वला कराडे लगातार अथक प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में आज डॉक्टर उज्वला कराडे प्रदेश संयुक्त सचिव आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में शहर के वार्ड नंबर 61 पंडित देवकीनंदन नगर में जनसंपर्क किया।जनसंपर्क के दौरान डॉक्टर उज्वला कराडे उनके साथियों ने वार्ड वासियों को दिल्ली व पंजाब में आम आदमी पार्टी द्वारा किए जा रहे अच्छे कार्यों को बताया और आने वाले विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में भी आम आदमी पार्टी को भारी बहुमत से विजय बनाने के लिए विनती की ताकि जो सुविधा दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी दे रही है वही सुविधा बिलासपुर व छत्तीसगढ़ वासियों को भी मिल सके।

डॉ उज्वला कराडे ने बताया कि जनसंपर्क के दौरान शहरवासियों में आम आदमी पार्टी के प्रति काफी उमंग उत्साह नजर आ रहा है और शहर वासी इस बार एक नए विकल्प के रूप में आम आदमी पार्टी को काफी पसंद कर रहे हैं उनका दावा है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की ही सरकार बनेगी।

आज जनसंपर्क के दौरान युवा प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष -देवेंद्र कुर्रे, ब्लॉक अध्यक्ष-नेहा अली , वार्ड अध्यक्ष-आजम मिर्जा, सह वार्ड अध्यक्ष -प्रियंका रवानी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लूटपाट का आरोपी पकड़ाया,50 हजार जब्त

**बिलासपुर** , 7 अगस्त (देशबन्धु)। चकरभाठा पुलिस ने आदतन निगरानी बदमाश को न्यायिक रिमाण्ड पर लेकर लूट के शेष रकम 50 हजार को बरामद कर जेल दाखिल किया है। चकरभाठा पुलिस ने बताया कि प्रार्थी बद्री प्रसाद सूर्यवंशी पिता स्व रामाधीर सूर्यवंशी उम्र 73 साल निवासी अमसेना थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि आज 31 जुलाई को स्टेंट बैंक मे जमा रकम 66000 रुपये निकालकर पासबुक के साथ अपने पेंट के पाकिट मे रखा था। वापस घर जाने के लिये निकलकर पैदल अपने गांव के लिये आटो की तालाश करते हुये करीबन 12:40 बजे छतौना मोड के तरफ जा रहा था ।



उसी समय एक व्यक्ति अत्यधिक नशे की हालत मे प्रार्थी के पास आया और बलपूर्वक जबरदस्ती प्रार्थी के पैकेट मे रखे 66000 रुपये एवं पासबुक को लूट कर भाग गया कि प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध 377/2023 धारा 392 भादवि कायम कर विवेचना मे लिया गया था । थाना प्रभारी अभय सिंह बैस द्वारा टीम बनाकर त्वरित कार्यवाही करते हुये आसपास व्यक्तियो से पुछताछ करने पर अनिल नायक होना बताया गया जिस पर चकरभाठा थाना द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया तथा लूट की रकम के संबध मे पुछताछ करने पर नशे की हालत मे कही गिर जाना बताया आरोपी के कब्जे से 15500 रुपये एवं बैंक पास को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया था मामले मे आरोपी अनिल नायक नशा मे होने के कारण विस्तृत रुप से पुछताछ नही किया जा सका था आरोपी द्वारा लूट किये गये शेष रकम को बरामदगी करने हेतु माननीय न्यायालय से पुलिस रिमाण्ड लेकर आरोपी अनिल नायक को केन्द्रिय जेल बिलासपुर से थाना लाकर पुन: पुछताछ किया गया जो बताया कि घटना बाद तत्काल अपने घर जाकर घर मे रखे चावल के डिब्बा मे 50000 रुपये के बंडल को छिपाकर रखना बताने आरोपी के कब्जे से 50000 रुपये बरामद किया गया तथा लूट किये जुमला 65500 रुपये बरामद कर आरोपी को जेल दाखिल किया गया।

# अमानक खाद पर भाजपा का आज जंगी प्रदर्शन

**बिलासपुर**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा आर्गेनिक खाद के नाम पर किसानों को गुणवत्ताहीन वर्मी कम्पोस्ट खाद जबरन दिये जाने के विरोध में आज भारतीय जनता पार्टी कलेक्ट्रेट का घेराव करेगी।



भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत ने बताया कि 8 अगस्त 2023 मंगलवार को नेहरू चौक बिलासपुर में विकास भवन के पास एकत्रित होकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता किसान भाईयों के साथ कलेक्ट्रेट घेराव कर ज्ञापन सौपेंगे। सप्ताह भर पहले से तैयारी की जा रही थी जिले के विधानसभाओं के कार्यकर्ताओं को इसके लिए तैयार किया जा रहा था विभिन्न मंडलों के माध्यम से सूचना पहुचाई जा रही थी, कलेक्ट्रेट घेरने जिले के किसानों को भी आमंत्रित किया गया है ज्ञात हो कि अमानक खाद के मुद्दे पर भाजपा शुरू से ही राज्य सरकार पर हमलावर रही है।

## चोरी की नीयत से घूम रहा युवक पकड़ाया

**बिलासपुर** ,7 अगस्त ( देशबन्धु) । मंडल टास्क टीम-01 के बल सदस्य द्वारा जीआरपी बिलासपुर के साथ संयुक्त रूप से बिलासपुर रेलवे स्टेशन में गस्त एवं चेकिंग के दौरान प्लेट फार्म नं 01पर समय 1 बजे चोरी की नियत से आये एक ब्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया । नाम पता पूछने पर अपना नाम-खुशाल चंद्र केशरवानी पिता - स्व विश्वनाथ केशरवानी उम्र- 34 साल, निवासी-वार्ड न.-09 बाराद्वार थाना -बाराद्वार, जिला -सक्ति (छ.ग.) का रहने वाला बताया ।

**NECC**

| 08.08.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.05 | 55 | 150 |
| चिल्हर | 5.00 | 70 | 175 |
| डिलीवरी | 4.20 | सैकड़ा | |

दर्जन अंडा 60 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA



**कुसुम साहू**
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
शुभेच्छु - बड़ी मम्मी व पापा, मम्मी-पापा, भाई-बहन एवं समस्त साहू परिवार बिलासपुर

# भर्ती परीक्षाओं में सरकार की विश्वसनीयता संदेह के घेरे में

**बिलासपुर** , 7 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय पदों पर भर्ती की जाने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता को लेकर बार बार उंगली उठ रही है। प्रतिभागी चयन प्रक्रिया को दोषपूर्ण करार देते हुए सरकार के नियत पर सवाल खड़े कर रहे है। इस तरह की घटनाएं राज्य सरकार के नैतिक पतन की ओर इशारा करती हैं।



एसआई भर्ती प्रक्रिया को लेकर हाल ही में प्रकाशित एक खबर पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सरकार पर आरोप लगाए हैं कि, प्रदेश में सत्तारूढ कॉग्रेस की सरकार युवाओं का भरोसा जितने में विफल रही है। युवाओं से बेरोजगारी भत्ता का वादाखिलाफी कर सत्ता में काबिज इस सरकार ने नौकरी की भर्ती प्रक्रियाओ को पारदर्शी बनाने में अक्षम रही है, पीएससी परीक्षा के बाद एस.आई. परीक्षा पर भी विवाद की स्थिति है अभ्यर्थी परीक्षा में अपनाई गई प्रक्रिया को ही कटघरे में खड़े कर रहे। उनका आरोप है कि, एसआई भर्ती प्रक्रिया में नियमो और आरक्षण के प्रावधानों की अनदेखी की गई। परीक्षा में तय मानकों का पालन नहीं किया गया। 120 नामों की दो बार गिनती, पांच गुना से कम अभ्यार्थियों को साक्षात्कार में बुलाने समेत कई प्रकार की गड़बड़ियां शामिल है। पूर्व मंत्री ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि, अविश्वास की पराकाष्ठा देखिए कि, उन्हें सरकार से ज्यादा कोर्ट पर भरोसा है इस बाबत वे चीफ जस्टिस को पत्र लिख रहे हैं। सरकार के विरुद्ध 110 याचिकाएं दायर की गई है बार बार इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति बताती हैं कि, राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को भेंट मुलाकात जैसे सेटेड इवेंट में उलझा कर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। हाल ही में आए पीएससी परीक्षा के नतीजों ने सभी को चौकाया सालों से तैयारी में लगे प्रतिभागियों ने इस पर आपत्ति की कुल मिलाकर भूपेश सरकार ने युवाओं का छलने का काम किया है और समय आने पर इसके परिणाम भुगतने होंगे।

# महिलाओं ने कहा 'भूपेश है तो धोखा है'

**बिलासपुर** , 7 अगस्त (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत ओखर में अनुसूचित जाति मोर्चा चंद्रप्रकाश सूर्या के समक्ष सैकड़ों महिलाओं ने भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति से प्रभावित होकर एवं कांग्रेस की दोहरी नीति धोखा, छल एवं ठगी के कारण भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश किया।



भाजपा नेता चंद्रप्रकाश सूर्या ने मातृशक्ति से पूछा कि आप लोग भाजपा में प्रवेश क्यों लेना चाहते हैं? सभी महिलाओं ने एक स्वर में कहा भूपेश है तो धोखा है भूपेश बघेल छत्तीसगढ़िया वाद की बात करते हैं लेकिन छत्तीसगढ़िया विकास की बात नहीं करते ,महिलाएं , रेडी टू ईट के माध्यम से अपना रोजी-रोटी चलाती थी । किंतु भूपेश कांग्रेस की सरकार आने के बाद रेडी टू ईट का काम छीन लिया और यह काम अपने चहेते हरियाणा के मोंटी चड्ढा को ठेका दे दिया, स्व सहायता समूह की महिलाएं आज बेरोजगार हो गई है। भूपेश बघेल ने कहा था कि स्व सहायता समूह का कर्जा माफ करेंगे किंतु आज तक करजा माफ नहीं हुआ कांग्रेश भूपेश बघेल की सरकार ने कहा था की शराबबंदी करेंगे किंतु आज तक शराबबंदी नहीं किया। छत्तीसगढ़िया वाद की बात करने वाले भूपेश बघेल जब राज्यसभा में भेजना होता है तो बाहर के लोगों को राज्यसभा भेजते हैं छत्तीसगढ़िया को गोबर बीनने का काम दिया है, एक तरफ कहते हैं कि गोबर बेचकर 20 से ?25000 युवा कमा रहे हैं किंतु मस्तूरी विधानसभा के ऐसा कोई गांव नहीं है जहां के युवा गोबर बेच कर अपना जीवन यापन करता हो? मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात के समय एक युवा ने दावा किया था कि वह 18 से ?19000 कमा रहे हैं किंतु मीडिया के साथी जब वहां पहुंचे तो पता चला कि आज तक ?1 का गोबर उस गांव में नहीं बिका है ना आज तक वहां गोबर खरीदी का काम चालू हुआ है।

प्रकाशक मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। सम्पादक- अशोक शर्मा, प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188